
हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



# जीवन में उतरे राम !

मध्यप्रदेश की सबसे पुरानी 3 रामलीलाओं के पात्रों की कहानियां जिनका श्रीराम, सीता व रावण की भूमिका करते-करते जीवन ही बदल गया। वे अब सत्य के साथ खड़े रहते हैं और मर्यादा में रहते हैं

## 1 25 साल से रावण का किरदार निभाने वाले ददोली पांडे

## किसी का डर नहीं, पर मन में अहंकार कभी नहीं आया

मनोज रजक ▶▶सतना

सतना में 1897 से चल रही प्रतिष्ठित बिहारी रामलीला की पहचान बन चुके ददोली पांडे अपनी कला और जीवन के अद्भुत दर्शन साझा करते हैं। लगभग 25 साल से रावण का सशक्त किरदार निभाने वाले पांडे बताते हैं कि उन्होंने मात्र 12 साल की उम्र से ही इस रामलीला में काम करना शुरू कर दिया था, जो आज भी अनवरत जारी है। मैंने पहले भगवान श्रीराम का किरदार निभाया, उसके बाद मेघनाथ और फिर अहिरावण का चरित्र किया। और अब, पिछले 25 साल से मैं रावण का किरदार निभा रहा हूं। रावण के किरदार को जीने के अपने अनुभव पर उन्होंने बताया कि अब मुझे किसी से डर नहीं लगता। निडरता का भाव मेरे मन में आ गया है। इतना शक्तिशाली किरदार निभाने के बावजूद भी मेरे जीवन में कभी अहंकार नहीं आया।



### पहले श्रीराम बने फिर मेघनाथ व अहिरावण भी



श्रीराम का किरदार निभाने वाले 62 वर्षीय नन्नू लाल गर्ग

## अब झूठ नहीं बोलता, गलत होता है उसका डटकर विरोध करता हूं

### भगवान श्रीराम का किरदार निभाने वाले नन्नूलाल गर्ग

भगवान श्रीराम का किरदार निभाने वाले 62 वर्षीय नन्नूलाल गर्ग का जीवन इस भूमिका के बाद पूरी तरह बदल गया। कोऑपरेटिव बैंक में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत गर्ग बताते हैं कि वह साल 1979 से लगातार रामलीला से जुड़े हुए हैं और भगवान राम का रोल निभाते रहे हैं। उनका कहना है कि उनके विभाग की नौकरी ऐसी थी जहां उन्हें अक्सर झूठ बोलना पड़ता था। लेकिन, जब उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का किरदार निभाया, तो उनके मन-मस्तिष्क में एक अभूतपूर्व परिवर्तन आया। उन्होंने तुरंत झूठ बोलना छोड़ दिया। उनके जीवन में विनम्रता और शालीनता शामिल हो गई, और उन्होंने हमेशा गलत का विरोध करना शुरू कर दिया।







### सीता की भूमिका निभाने वाले 63 साल के शिरोमणि पांडे

इससे पहले लक्ष्मण व कैकई के रोल भी किए

## माता सीता की भूमिका के बाद मैं पूरा शालीन और नम्र हो गया

शिरोमणि पांडे, जिनकी उम्र 63 वर्ष है, आज भले ही एक छोटा-सा व्यवसाय चला रहे हों, लेकिन लगभग 10 वर्षों तक उन्होंने बिहारी जी रामलीला मंच को अपनी कला से जीवंत किया। रामलीला कमेटी में रहते हुए उन्होंने सीता, लक्ष्मण और कैकई जैसे महत्वपूर्ण किरदार निभाए। इनमें से, मां सीता का किरदार उन्होंने लगातार पांच साल तक निभाया, जिसे उन्होंने पूरी लगन और क्षमता से जीने की कोशिश की। पांडे बताते हैं कि इस रोल ने उनके जीवन में अद्भुत बदलाव ला दिया। उनका आचार-व्यवहार इतना बदल गया कि वह बिल्कुल शालीन और नम्र हो गए। लोग उन्हें केवल कलाकार के रूप में नहीं, बल्कि साक्षात सीता माता के रूप में देखने लगे और उन्हें भरपूर सम्मान देते थे।



## 2 प्रभु श्रीराम की भूमिका निभाने वाले राधावल्लभ वशिष्ट

## हमेशा अपने पात्र में रहता हूं, आम कपड़े छोड़े... अब प्रभु के कपड़े ही पहनता हूं

जावेद खान ▶▶ग्वालियर

रामलीला के श्री राम के पात्र राधावल्लभ वशिष्ठ और उनकी टीम का कहना है कि जितना आम जनता टीवी सीरियल के भगवान राम का किरदार निभाने वाले कलाकार अरुण गोविल को नहीं घेरती है, उससे ज्यादा आम जनता का सम्मान और प्यार उन्हें मिलता है। मथुरा-वृंदावन में उनका निकलना मुश्किल हो जाता है। वशिष्ठ का कहना है कि उन्होंने भगवान राम के पात्र को अपने जीवन में पूरी तरह से आत्मसात कर लिया है। वशिष्ठ हमेशा अपनी धार्मिक वेशभूषा और भगवान राम के रूप में दिखाई देने वाली वेशभूषा में ही रहते हैं। फूलबाग मैदान में श्री रामलीला समारोह समिति द्वारा अपने 79 वे साल में रामलीला का वृहद मंचन किया जा रहा है। इस रामलीला में आदर्श कृष्ण कला मंडल, वृंदावन की 32 सदस्यों की मंडली अलग-अलग पात्रों का अभिनय करती है। इसमें भगवान राम लक्ष्मण और सीता का पात्र निभाने वाले पात्र अपनी तीसरी पीढ़ी की के रूप में इस रामलीला में मंचन कर रहे हैं। इसी तरह लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले 20 वर्षीय सोनू शर्मा भी पिछले कई सालों से लक्ष्मण की भूमिका निभा रहे हैं। इस मंडली में माता सीता की भूमिका निभाने वाला पात्र कोई महिला न होकर पुरुष के रूप में 18 वर्षीय संतोष शर्मा माता सीता के पात्र की भूमिका का निर्वहन करते हैं।



ग्वालियर में 79 साल से हो रहा रामलीला का मंचन

## 3 भगवान श्रीराम का पात्र निभा रहे रजत पांडे

## रामजी के पात्र में ऐसा प्रतीत होता है कि मैं, मैं नहीं हूं, कोई और ही हूं

राजेश दीक्षित ▶▶छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा की रामलीला 137 साल पुरानी है। इसमें श्रीराम का पात्र निभा रहे रजत पांडे बताते हैं कि अब तक मैंने रामजी, विष्णुजी, बलरामजी, इंद्रजी, राजा, और रावण के पात्र निभाए हैं। रामजी के पात्र में ऐसा प्रतीत होता है कि मैं, मैं नहीं हूं, कोई और ही हूं। रामजी की भूमिका में होने वाली वार्ता मेरे अंदर से निकलने वाले शब्द ईश्वर की दिव्य प्रेरणा से निकल रहे हों। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित छिंदवाड़ा में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर सेवाएं दे रहा हूं। लक्ष्मण बनने वाले आयुष शुक्ला कहते हैं कि मैं छह वर्षों से लक्ष्मणजी का पात्र निभा रहा हूँ। साथ में पूर्व में मंडल द्वारा जो कृष्णलीला आयोजित की जाती थी।

उसमे श्रीकृष्ण का पात्र भी निभाया था। मेरा यादगार रोल लक्ष्मणजी की भूमिका में धनुष यज्ञ का रहा, जो मैंने विषम परिस्थितियों में किया था। लक्ष्मण के किरदार ने मेरा जीवन ही बदल दिया। प्रज्ञांश शुक्ल माता सीता की भूमिका निभाते हैं। वे बताते हैं कि एक वर्ष की उम्र में बाल राम फिर बटुक राम, लक्ष्मण, अग्नि देव, वानर, देवता, मुनि के पात्र के रूप में काम किया। वर्तमान में सीता की भूमिका निभा रहा हूं। माता सीता के रूप में अच्छा अनुभव हो रहा है। मैं अभी विद्यालय में अध्ययनरत हूं। मेरे पिता ने 22 वर्षों तक भगवान श्रीराम की भूमिका निभाई। मुझे रामलीला में आने की प्रेरणा अपने पिता भागवताचार्य एवं वर्तमान में रामलीला के मुख्य निर्देशक पंडित वीरेंद्र शुक्ल एवं लक्ष्मणजी की भूमिका निभाने वाले ऋषभ स्थापक से मिली है। यहां श्री रामलीला मंचन की 1889 से शुरूआत की गई थी।



137 सालों से लगातार संचालित हो रही रामलीला

### अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज कहता है...

## रावण दहन करने वाली संस्थाएं प्रमाणित करें कि रावण अपराधी था और उसका दहन आवश्यक है

**अध्यक्ष महेश पुजारी ने रावण दहन करने वाली संस्थाओं के प्रमुखों को पत्र भेजा | रावण दहन अनैतिक है, वह न तो शास्त्रोक्त है और न ही सामाजिक रूप से उचित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज संस्थापक अध्यक्ष महेश पुजारी ने उज्जैन नगर की सभी रावण दहन संस्थाओं के प्रमुखों को पत्र भेजकर ज्वलंत प्रश्न किए हैं जिनके उत्तर नहीं देने पर रावण दहन बंद करने का अनुरोध किया है।

इसके साथ ही महेश पुजारी ने कहा कि रावण त्रिकालदर्शी थे, भगवान शिव के परम भक्त थे और भक्ति से भगवान शिव को रावण ने प्रसन्न किया ऐसे शायद किसी ने किया होगा। पुराणों के अनुसार भगवान विष्णु के द्वारपाल जय विजय थे, जिन्होंने श्राप के कारण राक्षस योनि में जन्म लिया, उनका उद्धार करने के लिए भगवान विष्णु को तीन अवतार लेकर उन्हें राक्षस योनि से मुक्ति दिलाई एक वराह, दूसरा नृसिंह ओर तीसरा राम। भगवान राम ने स्वयं, रावण के उद्धार के लिए वनवास ग्रहण किया। राम ने लक्ष्मण के माध्यम से सूर्पनखा की नाक कान काटकर युद्ध की स्थिति उत्पन्न की जिसके फलस्वरूप राम रावण युद्ध हुआ और रावण का मोक्ष हुआ इसलिए रावण दहन जो किया जाता हैं वह अनैतिक है वह न तो शास्त्रोक्त है और न ही सामाजिक रूप से उचित है।



### मंदसौर जिले के ग्राम धमनार में दशहरे के पर्व को मनाने की बड़ी अनूठी परंपरा

जो युवक ऐसे वध करता है वह राम कहलाता है

## यहां रावण की नाक पर मुक्का 'मारकर' होता है उसका वध



होकम सिंह ▶▶मंदसौर

मंदसौर जिले में एक गांव ऐसा भी है, जहां रावण की पक्की प्रतिमा बनी हुई है। जिस पर लोग चढ़ाई करके दशहरे के दिन उसकी नाक पर मुक्का मार उसका वध करते हैं। चढ़ाई के दौरान युद्ध में जो युवक रावण के ऊपर चढ़कर उसे मारता है वह उस साल का राम कहलाता है। ग्रामीणों की माने तो यह परंपरा सदियों से इस गांव मे चलती आ रही है। मंदसौर जिले के ग्राम धमनार में दशहरे के पर्व को मनाने की बड़ी अनूठी परंपरा है। इस गांव में रावण की 51 फीट पक्की सीमेंटेड प्रतिमा है। रावण प्रतिमा वध और राम रावण सेना युद्ध को देखने के लिए हजारों लोग यहां पहुंचते हैं।

## भारत में इन जगहों पर पूजा जाता है रावण

### 1 रावणग्राम रावण मंदिर, विदिशा

▶▶ विदिशा में एक ऐसा गांव है, जिसका नाम स्वयं रावण के नाम पर रावणग्राम रखा गया है, यह लंका के राजा रावण के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक है। रावण की पत्नी मंदोदरी विदिशा से मानी जाती है। यहां सभी रावण नहीं बोलकर सम्मान के रूप में रावण बाबा ही बोलते हैं। दशहरे के दिन बाबा की प्रतिमा की नाभि में रुई में तेल लेकर लगाया जाता है। मान्यता है ऐसा करने से उनकी नाभि में लगे तीर के बाद दर्द कम होगा और वे गांव में खुशहाली देंगे। मंदिर में रावण की 10 फीट लंबी मूर्ति है।

### 2 खानपुर का रावण मंदिर, मंदसौर

▶▶ मंदसौर में भी लंका के राजा का एक मंदिर है। यहां खानपुर क्षेत्र में 35 फीट ऊंची 10 सिर वाली रावण की मूर्ति स्थापित है। मंदसौर शहर में नामदेव वैष्णव समाज से संबंध रखने वाले लोग दशहरे पर रावण की पूजा करते हैं। इनका मानना है कि रावण की पत्नी मंदोदरी इसी शहर की थीं। ऐसे में रावण को उस क्षेत्र के लोग दामाद मानते हैं और रावण दहन नहीं करते हैं। माना जाता है कि मंदसौर का मंदिर वह स्थान है जहां रावण और मंदोदरी का विवाह हुआ था।

### 3 काचिखली गांव का रावण मंदिर , उज्जैन

▶▶ उज्जैन जिले के एक गांव में भी रावण का दहन नहीं किया जाता, बल्कि उसकी पूजा की जाती है। रावण का यह स्थान उज्जैन जिले काचिखली गांव है। यहां के बारे में कहा जाता है कि रावण की पूजा नहीं करने पर गांव जलकर राख हो जाएगा। इसी डर से ग्रामीण यहां रावण दहन नहीं करते और उसकी मूर्ति की पूजा करते हैं।

### 4 परदेशीपुरा इलाके का रावण मंदिर, इंदौर

▶▶ इंदौर के परदेशीपुरा इलाके में रावण का एक मंदिर है, जहां दशहारा के मौके पर पूजा की जाती है। रावण के अनुयायी मानते हैं कि वह समाज का सबसे बुद्धिजीवी है। परदेशी पुरा क्षेत्र में एक दलित नेता महेश गौहर ने घर में रावण मंदिर बनवाया है। वह हर दिन अपने घर में रावण की पूजा करता है। दशहरा के दिन गोहर अपने घर में रावण की पूजा करते हैं और घर में यज्ञ भी होता है।

### 5 रावण मंदिर, बिसरख (ग्रेटर नोएडा, यूपी)

▶▶ गौतमबुद्ध नगर में स्थित बिसरख को रावण का जन्मस्थान माना जाता है और यहां एक मंदिर लंका के राजा को समर्पित है। यहां रावण के पुतले जलाकर दशहरा नहीं मनाया जाता है।

### 6 काकीनाडा का रावण मंदिर, आंध्र प्रदेश

▶▶ रावण के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में से एक काकीनाडा रावण मंदिर आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले के शहर में स्थित है। काकीनाडा एकमात्र ऐसा स्थान है जहां रावण की पूजा की जाती है। माना जाता है कि रावण ने भगवान शिव का मंदिर बनाने के लिए इस स्थान को चुना था।

### 7 हिमाचल प्रदेश का रावण का मंदिर

▶▶ हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में बैजनाथ कस्बा है। बैजनाथ में बिनवा पुल के पास रावण का मंदिर है। मंदिर में शिवलिंग व उसी के पास एक बड़े पैर का निशान है। रावण ने एक पैर पर खड़े होकर इसी स्थान पर तपस्या की थी। शिव मंदिर के पूर्वी द्वार में खुदाई के दौरान एक हवन कुंड भी निकला था। इस कुंड के समक्ष रावण ने हवन कर अपने नौ सिरों की आहुति दी थी। मान्यता है कि इस क्षेत्र में रावण का पुतला जलाया गया, तो उसकी मौत निश्चित है।

### 8 दशानन मंदिर कानपुर

▶▶ दशानन रावण का करीब 125 साल पुराना दशानन मंदिर कानपुर के शिवाला इलाके में स्थित है। कहा जाता है कि मंदिर का निर्माण 1890 में राजा गुरु प्रसाद शुक्ल ने करवाया था। इस मंदिर दरवाजे हर साल दशहरे पर भक्तों के लिए खोले जाते हैं। यहां दशहरे पर, भक्तों द्वारा दशानन की मूर्ति को आरती के बाद सजाया जाता है।

### 9 जोधपुर का रावण मंदिर, राजस्थान

▶▶ जोधपुर में श्रीमाली समाज के गोधा गोत्र के लोग स्वयं को रावण का वंशज मानते हैं। कहा जाता है कि ये गोधा गोत्री श्रीमाली लोग रावण की बारात में आए और यहीं पर बस गए। जोधपुर के मेहरानगढ़ किला रोड पर इन्होंने रावण का मंदिर भी बना रखा है, जहां उसकी पूजा की जाती है।

### 10 कोलार का रावण मंदिर, कर्नाटक

▶▶ रावण का पुतला न केवल कर्नाटक के कोलार या मालवल्ली में भी नहीं जलाया जाता।

### 11 गढ़चिरौली का रावण मंदिर, अमरावती

▶▶ महाराष्ट्र के अमरावती में भी रावण को भगवान की तरह पूजा जाता है। यहां गढ़चिरौली नामक स्थान पर आदिवासी समुदाय द्वारा रावण का पूजन होता है।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 2 अक्टूबर 2025

2 जम्बूरी मैदान पर जलेगा 111 फीट का रावण प्रदूषण...

6 सतलापुर पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई, 26 किलो...


# अब मैनिट के सिविल इंजीनियर करेंगे पीएम एक्सीलेंस हमीदिया महाविद्यालय का परीक्षण

## बिल्डिंग का हिस्सा ढहने के मामले में उच्च शिक्षा विभाग ने लिया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



राजधानी स्थित पीएम एक्सीलेंस हमीदिया कॉलेज में दो दिन पहले बिल्डिंग का एक हिस्सा ढहने के मामले में अब उच्च शिक्षा विभाग हरकत में आ गया है। इस मामले में बुधवार को मैनिट के सिविल इंजीनियरिंग विभाग और स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटक्चर को भवन के निर्माण अथवा मेटेंनेंस के लिए निरीक्षण के बाद तय करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

उच्च शिक्षा विभाग के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी डॉ. राकेश श्रीवास्तव ने इस मामले में हमीदिया कॉलेज के प्राचार्य को आदेश भी जारी कर दिए हैं।

आदेश में कहा गया है कि शासकीय हमीदिया कॉलेज के पुराने भवन स्थित प्राचार्य कक्ष के अचानक ध्वस्त हो जाने के मामले में मैनिट के सिविल इंजीनियरिंग विभाग एवं स्कूल ऑफ प्लानिंग ड आर्किटक्चर भवन का विस्तृत सर्वेक्षण एवं संरचनात्मक परीक्षण करेगा।

इस परीक्षण के बाद दोनों संस्थाएं तय करेंगी कि भवन सुधार किया जाएगा अथवा भवन का पुर्ननिमाण किया जाना है। इसकी पूरी रिपोर्ट उच्च शिक्षा विभाग को जल्द प्रस्तुत की जाना है।

### सुरक्षा का रखें ध्यान

जारी आदेश में कहा गया है कि शासकीय हमीदिया कॉलेज में भवन का एक हिस्सा ढह जाने के बाद अब पूरे कॉलेज स्टाफ तथा छात्र छात्राओं की सुरक्षा की दृष्टि से भवन के क्षतिग्रस्त हिस्से को पूरी तरह प्रतिबंधि अथवा बंद किया जाए। साथ ही इस स्थान पर अस्थाई सुरक्षा उपाय लागू करने जैसे कदम उठाना भी सुनिश्चित किया जाए।

### सफाई कंपनी को नोटिस

# चार्ज लेते ही डॉ. शर्मा ने 12 घंटे में जेपी अस्पताल में दो बार दी दस्तक



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जेपी अस्पताल के सिविल सर्जन का प्रभार लेते ही सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा एक्शन में नजर आए। मंगलवार की रात 10 बजे डॉ. मनीष शर्मा बिना सूचना दिए जेपी अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंच गए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में गंदगी देखकर डॉ. शर्मा ने कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए अस्पताल में पर्याप्त सफाई न मिलने पर सफाई एजेंसी को नोटिस भी जारी किया है। बुधवार सुबह 10 बजे डॉ. शर्मा ने दोबारा जेपी अस्पताल की ओपीडी और किचन का दौरा किया। किचन में खाद्य सामग्री की खराब गुणवत्ता देखकर डॉ. शर्मा ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी से सैंपल करवाए। किचन की अव्यवस्थाओं के लिए कॉन्ट्रेक्टर को नोटिस जारी किया गया है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन की रिपोर्ट के आधार पर संबंधितों पर कार्रवाई की जाएगी।

# पचास शूटर्स का आधा होगा कारतूस का कोटा, दोबारा से तैयार की जा रही रिपोर्ट

## 28 शूटर्स को एक महीने में करना पड़ेगी कमिश्नर के यहां अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्पोर्टस कोटे में दस हजार से एक लाख कारतूस देने के नियम का फायदा उठाते हुए कारतूस की कालाबाजारी के इनपुट के बाद जिला प्रशासन ने 28 शूटर्स के लाइसेंस निरस्त कर दिए हैं, जबकि दो के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं, इन्हें सुनवाई का मौका दिया गया है। इधर बीस से अधिक शूटर्स की गहन जांच की जा रही है। इन शूटर्स पर भी गाज गिर सकती है। ऐसे में बैरागढ़ एसडीएम रविशंकर राय और डीसीपी इंटेलीजेंसी दीपक नायक ने बीस अन्य शूटर्स की गहन जांच की है, जिसके आधार पर इन शूटर्स पर भी कार्रवाई की जा सकती है। इधर शेष बचे पचास शूटर्स के कारतूस कोटे को आधा भी किया जा सकता है।

जांच में देखा जा रहा है कि पिछले 10 साल में शूटर्स ने कितने कारतूस खरीदे और उसमें से कितने चलाए। अफसरों का कहना है कि 80 में से अब 50 शूटर्स का रिकॉर्ड को बारीकी से चेक किया जा रहा है। रिकॉर्ड चेक होने के बाद कारतूस का कोटा घटाया जा सकता है। इधर जिन शूटर्स के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं, उन्हें एक महीने के अंदर गन और कारतूस बेचना पड़ेंगे। जबकि एक महीने के अंदर शूटर्स संभाग कमिश्नर के यहां अपील भी कर सकते हैं।



### लाइसेंस निरस्त करने की अलग-अलग वजह

जांच टीम की रिपोर्ट में पता चला कि कई शूटर्स के पास स्पोर्टस गन के साथ अन्य गन भी हैं। शूटर होने के बावजूद गन की व्यापार की तरह खरीद-फरोख्त की। अपराध दर्ज होने पर भी झूठी घोषणा कर गन लाइसेंस रिन्यू कराया और शूटिंग रेंज में प्रेक्टिस के दौरान कारतूस का रिकार्ड पेश नहीं किया। जिसको देखते हुए इन शूटर्स पर कार्रवाई की गई है।

# विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं



विजयादशमी का पर्व लोगों के मन में नई ऊर्जा, बुराई पर अच्छाई की जीत की सीख, लोगों के मन में नई चाह और सकारात्मक ऊर्जा भी लेकर आता है।








दशहरा या विजयदशमी भारत का एक प्रमुख और पावन पर्व है, जिसे हर वर्ष अश्विन मास की शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और पूरे देश में बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यह पर्व नवरात्रि के नौ दिनों के बाद आता है और इसके साथ ही उत्सवों का वातावरण और भी उल्लासपूर्ण हो जाता है।






दशहरा या विजयदशमी या आयुध-पूजा हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। आश्विन शुक्ल दशमी को विजयदशमी का त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। यह त्योहार भारतीय संस्कृति के वीरता का पूजक, शौर्य का उपासक है। व्यक्ति और समाज के रक्त में वीरता प्रकट हो इसलिए दशहरे का उत्सव रखा गया है।

भगवान राम ने इसी दिन रावण का वध किया था। इसे असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया जाता है। इसीलिए इस दशमी को विजयादशमी के नाम से जाना जाता है। दशहरा वर्ष की तीन अत्यन्त शुभ तिथियों में से एक है, अन्य दो हैं चैत्र शुक्ल की एवं कार्तिक शुक्ल की प्रतिपदा। इसी दिन लोग नया कार्य प्रारम्भ करते हैं, शस्त्र-पूजा की जाती है।

प्राचीन काल में राजा लोग इस दिन विजय की प्रार्थना कर रण-यात्रा के लिए प्रस्थान करते थे। दशहरा का पर्व दस प्रकार के पापों- काम, क्रोध, लोभ, मोह मद, मत्सर, अहंकार, आलस्य, हिंसा और चोरी जैसे अवगुणों को छोड़ने की प्रेरणा हमें देता है। दशहरा या दसेरा शब्द 'दश'(दस) एवं 'अहन्' से बना है। दशहरा उत्सव की उत्पत्ति के विषय में कई कल्पनाएं की गई हैं। कुछ लोगों का मत है कि यह कृषि का उत्सव है। दशहरे का सांस्कृतिक पहलू भी है। भारत कृषि प्रधान देश है। जब किसान अपने खेत में सुनहरी फसल उगाकर अनाज रूपी संपत्ति घर लाता है तो उसके उल्लास और उमंग का ठिकाना हमें नहीं रहता। इस प्रसन्नता के अवसर पर वह भगवान की कृपा को मानता है और उसे प्रकट करने के लिए वह उसका पूजन करता है। तो कुछ लोगों के मत के अनुसार यह रणयात्रा का द्योतक है, क्योंकि दशहरा के समय वर्षा समाप्त हो जाते हैं, नदियों की बाढ़ थम जाती है, धान आदि सहेज कर में रखे जाने वाले हो जाते हैं। इस उत्सव का सम्बन्ध नवरात्रि से भी है क्योंकि नवरात्रि के उपरांत ही यह उत्सव होता है और इसमें महिषासुर के विरोध में देवी के साहसपूर्ण कार्यों का भी उल्लेख मिलता है। दशहरा या विजया दशमी नवरात्रि के बाद दसवें दिन मनाया जाता है। इस दिन राम ने रावण का वध किया था। रावण भगवान राम की पत्नी देवी सीता का अपहरण कर लंका ले गया था। भगवान राम युद्ध की देवी मां दुर्गा के भक्त थे, उन्होंने युद्ध के दौरान पहले नौ दिनों तक मां दुर्गा की पूजा की और दसवें दिन दुष्ट रावण का वध किया। इसलिए विजयादशमी एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है। राम की विजय के प्रतीक स्वरूप इस पर्व को 'विजयादशमी' कहा जाता है।











भोपाल, गुरुवार 2 अक्टूबर 2025 ■ आश्विन मास शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष : 12, अंक : 183 ■ पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 29, न्यून. 23 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



गांधी-शास्त्री जयंती



शुभ दशहरा

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### यूपीआई लेनदेन 31% बढ़कर 19.63 अरब हुई

**नई दिल्ली।** इस साल सितंबर में यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन की संख्या सालाना आधार पर 31% बढ़कर 19.63 अरब हो गई है। साथ ही, इन लेनदेन की वैल्यू सालाना आधार पर 21 प्रतिशत बढ़कर 24.90 लाख करोड़ रुपए पहुंच गई है। यह जानकारी एनपीसीआई की ओर से दी गई। मासिक आधार पर भी यूपीआई लेनदेन की वैल्यू में बढ़त देखी गई है।



### अभिषेक शर्मा बने दुनिया के नंबर वन बल्लेबाज

**नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने आईसीसी टी20 रैंकिंग में नया इतिहास रच दिया है। अभिषेक ने इतने रेटिंग अंक हासिल कर लिए हैं, जो इससे पहले दुनिया के किसी भी बल्लेबाज ने नहीं की थी। एशिया कप 2025 के तुरंत बाद आईसीसी ने टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग जारी की है। उनकी रेटिंग 926 है।



केंद्रीय कैबिनेट ने दी मंजूरी, 1 करोड़ 18 लाख कर्मचारियों व पेंशनधारकों को मिला तोहफा

# दशहरा से पहले केंद्रीय कर्मचारियों की दिवाली, 3% बढ़ा महंगाई भत्ता

*अब कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 55 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत हुआ, यह बढ़ोतरी 1 जुलाई, 2025 से प्रभावी माना जाएगा*



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार में लगभग एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते 'डीए' एवं महंगाई राहत 'डीआर' में तीन फीसदी वृद्धि की सौगात मिली है। बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट ने डीए की दरों में बढ़ोतरी के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है। एक जुलाई से देय महंगाई भत्ते की दर अब 55 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत हो गई है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की बैठक के बाद हुई प्रेस ब्रीफिंग में यह जानकारी दी है। गत वर्ष केंद्र सरकार ने दीवाली पर कर्मचारियों के महंगाई भत्ते एवं पेंशनरों की महंगाई राहत में तीन फीसदी की बढ़ोतरी की थी, जबकि इस साल पहली जनवरी से केंद्रीय कर्मियों के डीए में दो फीसदी की बढ़ोतरी की गई थी।

कर्मचारियों को जुलाई, अगस्त और सितंबर का बकाया दिवाली से ठीक पहले अक्टूबर के वेतन के साथ दिया ▶▶ शेष पेज 4 पर



### 2025 का दूसरा बड़ा हाइक

दिवाली से पहले केंद्रीय कर्मचारी और पेंशनर्स के लिए महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में बढ़ोतरी का बड़ा ऐलान किया जा चुका है। यह इस साल का दूसरा महंगाई भत्ता में बढ़ोतरी है। बता दें सरकार की ओर से साल में दो बार महंगाई भत्ते में संशोधन किया जाता है। बता दें कि डीए/डीआर की दरों में बढ़ोतरी की घोषणा, होली और दीवाली पर की जाती है। हालांकि डीए/डीआर की दरों में वृद्धि हर साल एक जनवरी और एक जुलाई से किए जाने का प्रावधान है।

#### कितनी बढ़ेगी सैलरी?

अगर किसी की बेसिक सैलरी 30,000 है तो कर्मचारी को प्रति माह 900 अतिरिक्त मिलेंगे, जबकि 40,000 वेतन वाले कर्मचारी को 1,200 अतिरिक्त मिलेंगे। तीन महीनों में, बकाया राशि कुल 2,700 से 3,600 होगी। यह त्योहारों के समय में एक बड़ी राहत होगी।

**सीपीआई-आईडब्ल्यू आंकड़े पर निर्भर करता है डीए बढ़ोतरी**

औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई-आईडब्ल्यू) द्वारा मापी गई मुद्रास्फीति के रुझानों के आधार पर, महंगाई भत्ते और महंगाई राहत को वर्ष में दो बार, जनवरी और जुलाई में संशोधित किया जाता है। हालांकि ऐलान अक्सर देर से होती हैं, लेकिन बकाया राशि इस देरी की भरपाई कर देती है। यह संशोधन सातवें वेतन आयोग के तहत अंतिम होने की उम्मीद है। जनवरी 2026 से 8वां वेतन आयोग लागू हो सकता है।

**किसानों को भी बड़ी सौगात**

## गेहूं समेत 6 रबी की फसलों पर एमएसपी रेट बढ़ाया

सरकार ने बुधवार को विपणन वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 6.59 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा कर दी है। पिछले वर्ष जो रेट 2,425 रुपए प्रति क्विंटल था। वह अब 2,585 रुपए प्रति क्विंटल बिकेगा। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिया गया। सबसे अधिक कुसुम की कीमतों में 600 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की घोषणा की गई है। इसके बाद मसूर के लिए 300 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। वहीं, मसूर के लिए 300 रुपए प्रति क्विंटल, रेपसीड और सरसों के लिए 250 रुपए प्रति क्विंटल, चना के लिए 225 रुपए प्रति क्विंटल, जौ के लिए 170 रुपए प्रति क्विंटल और गेहूं के लिए 160 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है।

#### गेहूं उत्पादन का रिकॉर्ड लक्ष्य

गौरतलब है कि गेहूं रबी की प्रमुख फसल है। जिसकी बुवाई अक्टूबर महीने से शुरू होती है और कटाई मार्च में शुरू होती है। गेहूं का विपणन वर्ष अप्रैल महीने से शुरू होता है और जून तक अधिकांश किसानों के अनाज खरीद लिए जाते हैं। इस साल फसल वर्ष 2025-26 सरकार ने 11.9 करोड़ टन गेहूं उत्पादन का रिकॉर्ड लक्ष्य रखा है।

आरएसएस के शताब्दी समारोह में पीएम मोदी ने जारी किया स्मारक टिकट व सिक्का

## बोले- राष्ट्र प्रथम संघ का भाव

**संघ को कुचलने के प्रयास हुए**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने आरएसएस के राष्ट्र के प्रति योगदान को रेखांकित ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी



#### संघ के खिलाफ साजिशें

पीएम मोदी ने संघ के खिलाफ साजिशों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र साधना की इस यात्रा में ऐसा नहीं है कि संघ पर हमले नहीं हुए, संघ के खिलाफ साजिशें नहीं हुईं, हमने देखा है कि कैसे आजादी के बाद संघ को कुचलने का प्रयास ▶▶ शेष पेज 4 पर

आरबीआई ने 5.5% पर बरकरार रखी रेपो रेट

## शेयर बाजार में तेजी, निवेशकों ने कमा लिए 4 लाख करोड़ रु.

*आरबीआई का अनुमान 6.8% की रफ्तार से बढ़ेगी जीडीपी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी अक्टूबर मॉनेटरी पॉलिसी में रेपो रेट में कटौती न करने का फैसला लिया है। इसका मतलब है कि रेपो रेट 5.5 फीसदी पर बरकरार रहेगी। आरबीआई ने भले ही आम लोगों की ईएमआई में कोई कटौती ना की हो, लेकिन बैंक, बिजनेस और कंज्यूमर्स के लिए 22 ऐसे ऐलान किए हैं, जिससे इन तीनों को ही फायदा तो ▶▶ शेष पेज 4 पर



संजय मल्होत्रा
आरबीआई गवर्नर

#### जीएसटी कलेक्शन खजाने में आए 1.89 लाख करोड़ रुपए

सरकार के वित्त मंत्रालय ने बुधवार को बताया कि सितंबर में जीएसटी कलेक्शन 1.89 लाख करोड़ रहा, जबकि पिछले साल इसी महीने 1.73 लाख करोड़ था। यह लगातार दूसरा महीना है जब जीएसटी की आमदनी 1.85 लाख करोड़ से ऊपर बनी रही। अगस्त में यह 1.86 लाख करोड़ था, जो कि सालाना आधार पर 6.5% की बढ़ोतरी दर्शाता है। छह महीनों (अप्रैल से ▶▶ शेष पेज 4 पर




Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Low EMI offers are applicable for select HMSI models as follows: ₹49/- per day for Shine100 DX ; ₹79/- per day for Shine125, SP125 & CB125 Hornet; ₹1999/- per month for Activa. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 31st October 2025. **Instant Cashback up to ₹5000 is available on selected HMSI models for EMI transactions using HDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of ₹40000. **An instant cashback of flat ₹2000 is applicable on a minimum full swipe transaction of ₹40000, and flat ₹3000 Instant cashback on a minimum full swipe transaction of ₹75002. **Instant Cashback up to ₹4000 is available on selected HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank credit cards with a minimum transaction value of ₹40000. **The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. **The Instant Cashback offers from HDFC Bank and IDFC Bank are valid until 31st October 2025. ^GST benefit is based on a reduction from 28% to 18% GST on the Ex-showroom price of NX 200. ^The actual savings may vary depending on the selected model and state. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: BHOPAL:** Surana Honda (Koh-E-Fiza) - 9713066121; Sai Samarth Honda - 9109103832; BGS Honda - 7440654321; Om Auto Honda - 9826331339; Power Honda - 9202244444; BGS Honda (Kolar Road) - 8889994504; BGS Honda (Karondh) - 8319133403; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 07554222834; Power Honda (Gulmohar) - 07554256062; Sai Samarth Honda (New Market, TT Nagar Police Station) - 07554167932; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 990740405; **ASHOKNAGAR:** Shri Shant Honda - 8889365888; Shrikrishna Honda (Chanderi) - 7000642828; Shris Shant Honda (Kaniyadana) - 9340461465; Shris Shant Honda (Rajpur) - 9340461465; **BETUL:** Aaditya Honda - 8989231218; Shivam Honda (Bagdona) - 9425003802; Khyati Honda (Multai) - 9425440610; **GUNA:** Seth And Sons Honda - 9644008081; RR Honda (Aron) - 9907700774; Seth and Sons (Raghogarh) - 9644008082; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; Shri Sai Honda (Khirkia) - 9926386210; **ITARSI:** Sudarshan Honda - 7869954212; Sudarshan Honda (Hoshangabad) - 7869954215; Aman Honda (Piparia) - 8085138085; Paliwal Honda (Seoni-Malwa) - 9425476181; **SEHORE:** Upadhyay Honda - 07562401281; Harshit Honda (Astha) - 9893096451; Shubham Honda (Nasrullaganj) - 9826356278; Ambika Honda (Icchawar) - 9926434100; **VIDISHA:** Speed Bike Honda - 8817084455; Raghu Honda (Ganjbasoda) - 9425148883; Capital Honda (Sironj) - 9713161534; **RAISEN:** BGS Honda - 8717911666; Karma Honda (Begumganj) - 9893141574; Shubhi Honda (Udaipura) - 9993044486; Soumya Auto Honda (Khargone) - 8120124545; JB Honda (Obedullaganj) - 07480224232; Rajeev Honda (Mandideep) - 07480401458; **BIAORA:** My Shiva Honda - 9425038999; Balaji Honda (Kurawar) - 7415382282; Shiv Shakti Honda (Talen) - 7000825923; Raghunath Honda (Rajgarh) - 9165122731; Vinayak Honda (Pachore) - 9424470733; **INDORE:** Kasliwal Honda - 8966002822; Kasliwal Honda (Bangali Square) - 8966002826; Rajpal Honda - 9425065707; Rajpal Honda (Khandwa Road) - 9827658000; Shyam Honda - 9009550948; Shyam Honda (Airport Road) - 9009550955; Doshi Honda - 9669266999; Doshi Honda (Nanda Nagar) - 9669339994; Doshi Honda (Nipania) - 9669801999; Shree Mangalam Honda - 6232446444; Shri Ram Honda (Kshipra) - 9993717799; Shyam Honda (Sanwer) - 9009550943; Mohit Honda (Chandrawatiganj) - 9009663700; Riddhi Siddhi Honda (Palia) - 9713077770; GuruKripa Honda (Betma) - 9165155175; Om Sai Honda (Devguradia) - 8770657728; **BARWANI:** Sarswati Honda - 8602521213; Parmar Honda (Rajpur) - 9993356471; Pragati Honda (Pansemal) - 09424855055; Raj Rajeshwar Honda (Sendhwa) - 9424586222; **BURHANPUR:** Krishna Sai Honda - 8989694646; Shree Sai Honda (Shahpur) - 9753633111; **DEWAS:** Sadguru Honda - 8719017666; Sadguru Honda (Ganga Nagar, Indore Road) - 7272252231; Maheshwari Honda (Sonkatch) - 9039921721; Om Sai Honda (Khategaon) - 9893464681; Vini Honda (Hatpipliya) - 9827062431; Patel Honda (Satwas) - 9713624496; Bhavana Honda (Kannod) - 9977663785; **DHAR:** Nakoda Honda - 9753478699; Nakoda Honda (Badnawar) - 8770440156; Dev Guru Honda (Dhamnod) - 9926646561; Falak Honda (Dharmapuri) - 9098111110; Khandelwal Honda (Manawar) - 9425914534; Mahaveer Honda (Rajgarh-Dhar) - 9826076523; Sairam Honda (Ghatabilod) - 9826068964; **KUKSHI:** Shyam Honda - 9333332200; Shree Hari Honda (Singhana) - 9713034535; Madhuram Honda (Dahi) - 9826841303; Joshi Honda (Gandhwani) - 9425969272; **JHABUA:** Natural Honda - 9827068396; Natural Honda (Thandla) - 9111919496; **KHANDWA:** Sethi Honda - 9111002902; Sethi Honda (Chhanera) - 9111002903; **KHARGONE:** Bhandari Honda - 9753222225; Mahaveer Honda (Anjad) - 9425088666; Manas Honda (Bedia) - 9479319469; Anmol Honda (Maheshwar) - 9926464254; **MANDSAUR:** Chaudhary Honda - 9752635333; Choudhary Honda (Shamgarh) - 9993143260; **MHOW:** Radha Honda - 9691122902; Radha Honda (Pithampur) - 7470884802; **NEEMUCH:** Imdadallys Honda - 8989151151; Savita Honda (Manasa) - 9993773232; Aditya Honda (Jeeran) - 7509542276; Shikhar Honda (Rampura) - 9424041544; **RATLAM:** Anklesaria Honda - 9425329309; Anklesaria Honda (Jaora) - 7389940695; Khatushyam Honda (Alot) - 9993442929; Babji Honda (Sailana) - 9981953001; **SANAWAD:** Veera Honda - 9826533110; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; Shree Balaji Honda (Kalapipal)- 9926028916; **UJJAIN:** Avantika Honda - 9685099909; Ujjain Honda - 8109068222; Avantika Honda (Badnagar) - 07367225701; Jain Honda (Tarana) - 7566698489; Arihant Honda (Nagda) - 07366241481; Shiv Honda (Agar) - 9425941011; Pareek Honda (Khachrod) - 9826796963; Dhanlaxmi Honda (Mahidpur) - 9425033104; **GWALIOR:** A.S. Honda - 9926186437; Sumedha Honda - 8718819740; Niyati Honda (Bhitarwar) - 9755359098; Pujari Honda (Mohona) - 8587904580; Satnam Honda (Dabra) - 9907729668; A S Honda (Laxmiganj) - 6262350000; A S Honda (DD Nagar) - 9109176278; A S Honda (Bahodapur) - 9109176247; Shree Krishna Honda (Lahar) - 9098900999; Ashish Honda (Gohad) - 9713394900; **DATIA:** Dhruv Tara Honda - 7000239698; Manuraj Honda (Bhander) - 9755574488; KGN Honda (Seondha) - 9171438014; **MORENA:** The Roshan Honda - 7532466097; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045; **SHIVPURI:** Seth Honda - 6264074441; Dhudhar Honda (Pichore) - 8085186000; Jain Honda (Karera) - 8602760034; Seth Honda (Bairad) - 881739386; **SHEOPUR:** Moti Honda - 8269193208; **BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446; Manish Honda (Sausar) - 9244569009; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747; **DAMOH:** Texol Honda - 9425096191; SL Honda (Patahria) - 9300405140; **SAGAR:** Sahil Honda - 7000702072; Sahil Honda (Makronia) - 8817606054; Raj Honda (Bina) - 8720009609; Shreemant Honda (Khurai) - 9826802066; Shree Balaji Honda (Deori) - 7000517166; Sahil Honda (Gourjhamar) - 9752472822.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in**

## राजधानी के कई क्षेत्रों में धूमधाम से मनाया जाएगा दशहरा

# जम्बूरी मैदान पर जलेगा 111 फीट का रावण प्रदूषण रोकने होगी डिजिटल आतिशबाजी

**भोजपाल दशहरा महोत्सव आज**

***देश की सुप्रसिद्ध भजन गायिका आशा वैष्णव देंगी भजनों की देंगी प्रस्तुति***

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



राजधानी के कटारा हिल्स के बर्रई में दशहरा पर्व मनाने के लिए तैयार रावण, मेघनाद, कुंभकरण के पुतले।

विजयादशमी के अवसर पर बुधवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों पर रावण दहन किया जाएगा। दशहरा मैदानों पर सबसे ज्यादा आकर्षण का केन्द्र आतिशबाजी रहेगी। कहीं पर कलकत्ता की आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जाएगा तो कहीं पर मालवा की आतिशबाजी का रंगारंग आयोजन होगा। भेल जम्बूरी मैदान पर भोजपाल मेला समिति द्वारा आयोजित राजधानी के सबसे बड़े भोजपाल दशहरा महोत्सव' में गुरुवार रात 111 फीट ऊंचे रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के विशाल पुतलों का दहन होगा। इस बार वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए पारंपरिक पटाखों की जगह आधे घंटे का रंगारंग डिजिटल आतिशबाजी शो आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम सुप्रसिद्ध भजन गायिका आशा वैष्णव की सुमधुर भजनों और गीतों की प्रस्तुति के साथ होगी।

### प्रदूषण रहित होगी डिजिटल आतिशबाजी

डिजिटल आतिशबाजी पारंपरिक पटाखों से कई मायनों में अलग और बेहतर है। डिजिटल आतिशबाजी एलईडी लाइट्स (रोशनी), लेजर और ध्वनि प्रणाली का उपयोग करती है। यह रोशनी के आकर्षक पैटर्न और ध्वनियों को उत्पन्न करती है, जो पर्यावरण के लिए सुरक्षित होते हैं।

## परंपरागत विजय दशमी चल समारोह के साथ होगा रावण दहन

### राघौगढ़ एवं भोपाल के जाने-माने आतिशबाजी का होगा मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर की सबसे प्रतिष्ठ सामाजिक व धार्मिक संस्था श्री हिन्दू उत्सव समिति की ओर से विजयदशमी महपर्व पर गुरुवार को चल समारोह निकालेगा। चल समारोह दोपहर 2 बजे बांके बिहारी मंदिर मारवाड़ी रोड से शुरू होगा, जो विभिन्न मार्गों से होता हुआ छोला दशहरा मैदान पर पहुंचेगा। यहां पर 50 फीट लंबे रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। नगर के कई क्षेत्रों से चल समारोह का फूलों की वर्षा करके लोग स्वागत करेंगे। चल समारोह में आकर्षक धर्म ध्वजा, ढोल, डीजे, मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का रथ, लंकापति रावण रथ, अशोक वाटिका, मेघनाथ कुभकरण रथ, झांकियां रहेंगी। इसी प्रकार कोलार में रावण दहन किया जाएगा। यहां भी आतिशबाजी की विशेष व्यवस्था की गई है, जिसका लोग आनंद लेंगे।

### टीटी नगर में जलेगा 50 फीट का रावण

टीटी नगर दशहरे की तैयारियां पूरी हो गई। संयोजक अजय श्रीवास्तव नीलू ने बताया कि इस वर्ष 55 फीट का रावण और 50 -50 फीट के मेघनाथ, कुंभकरण के पुतले का दहन किया जाएगा। इस अवसर पर आतिशबाजी का रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। भगवान राम जी द्वारा विजय दशमी के अवसर पर इस बार विशेष रूप से राघौगढ़ एवं भोपाल के जाने-माने आतिशबाजी सुरेश साहू के मध्य में आतिशबाजी का मुकाबला होगा ,जो लगभग 2 घंटे चलेगा। 20 से ज्यादा स्थानों पर रावण दहन किया जाएगा। इसमें कोलार, कलियासोत ग्राउंड, अशोका गार्डन, टीटी नगर, बिट्टन मार्केट, गोविंदपुरा, सलैया, अवधपुरी, संतनगर, शाहपुरा, बाग मुगालिया, एमवीएम मैदान, नयापुरा, नेहरु नगर, कोहेफिजा समेत 22 से ज्यादा जगहों पर बड़े स्तर पर रावण दहन होगा।

### आरएसएस का होगा पथ संचलन

दशहरा के अवसर पर आरएसएस द्वारा शहर के विभिन्न शाखाओं द्वारा पथ संचलन का आयोजन किया जाएगा । इस मौके पर सदस्यों द्वारा एक कार्यक्रम के तहत शस्त्र की पूजा जाएगी ।

## 'मातृछाया' इस बार भी बड़े ही धूमधाम से मनाएगा दशहरा

***101 फीट पुतले का दहन और देवी जागरण का होगा आयोजन***

***भगवान राम की मनोरम झांकी शाम 7:30 से निकलेगी***

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हर साल की तरह इस बार भी मातृछाया दशहरा उत्सव एवं सांस्कृतिक आयोजन समिति द्वारा विजयादशमी पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। मुख्य आयोजन एकतापुरी सेमरा दशहरा मैदान पर होगा।

जहां रावण के 101 फीट पुतले का दहन और देवी जागरण का आयोजन होगा। मातृछाया द्वारा लगातार पिछले दस वर्षों से रावण दहन का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष आयोजन का 11वां वर्ष है। समिति के अध्यक्ष दीपक ठाकुर ने बताया कि इस बार दशहरा का योजन प्रशासन की गाइडलाइन के अनुरूप किया जाएगा। हर साल की तरह इस साल भी भगवान राम की मनोरम झांकी शाम 7:30 बजे से निकाली जाएगी। साथ ही देवी जागरण भी होगा। रावण के विशाल पुतले का दहन और आतिशबाजी की जाएगी। आयोजन समिति के प्रमोद ठाकुर, रामस्वरूप कुशवाहा, प्रदीप बिरोका, नितिन पाठक, वरूण ठाकुर, अमित शर्मा, अतुल सक्सेना, रंजीत ठाकुर, मनोज मिश्रा, हिमांशु चौहान, संतोष यादव, काशीराम वर्मा, विजेंद्र ठाकुर आदि ने अधिक से अधिक लोगों से इस आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

## इस बार रावण के पुतले के साथ नशा, विदेशी सामान एवं आतंकवाद के प्रतीकात्मक पुतले का होगा दहन

***श्री रामसेतु गोधूलि दशहरा मैदान बागमुगालिया एक्सटेंशन में होगा आयोजन***

*हरिभूमि और आईएनएच न्यूज चैनल मीडिया पार्टनर है*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

संस्कार उत्सव समिति के तत्वावधान में सफलतम 23वां विजयादशमी महोत्सव का आयोजन 2 अक्टूबर सांय 5 बजे से श्री रामसेतु गोधूलि दशहरा मैदान बागमुगालिया एक्सटेंशन में होगा।

समिति प्रत्येक वर्ष कुछ न कुछ आकर्षण रखती है। आसपास की कॉलोनियों के अतिरिक्त काफी दूर दूर से भी बड़ी संख्या में लोग दशहरा देखने आते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने एवं एवं लोगों को आयोजन में कोई असुविधा न हो, इसके लिए समिति के पदाधिकारी, व्यवस्थापकों के साथ बैठक की गई, जिसमें समिति के अध्यक्ष शांतनु शर्मा एवं संयोजक सुरजीत सिंह चौहान ने व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा की। नशा, गंदगी, विदेशी सामान एवं आतंकवाद का प्रतीकात्मक पुतला जलाए जाने एवं रावण, मेघनाद, कुंभकरण के पुतलों दहन किए जाने की बात की गई। कार्यक्रम में भव्य आतिशबाजी का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें हरिभूमि और आईएनएच न्यूज चैनल मीडिया पार्टनर है।

**मुख्यमंत्री निवास में हुआ कन्या पूजन**

## मुख्यमंत्री ने कन्याओं को तिलक लगाकर चुन्नी ओढ़ाई, स्नेह पूर्वक कराया भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शारदीय नवरात्रि की महानवमी पर बुधवार को मुख्यमंत्री निवास में कन्या-पूजन कर भोजन कराया। मुख्यमंत्री ने कन्याओं का तिलक कर पांव पखारे। उन्होंने कन्याओं को चुनरी ओढ़ाकर आरती की। मुख्यमंत्री ने कन्याओं से संवाद कर उन्हें दुलार भी किया। उन्होंने कन्या-पूजन के बाद कन्याओं को स्वयं अपने हाथों से भोजन परोसा और बड़े मनुहार से कन्याओं की रुचि के अनुरूप खीर, पूरी और मिष्ठान भी खिलाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कन्या भोज के बाद सभी कन्याओं को उपहार देकर उनका शुभाशीष लिया।

### लहारपुर दशहरा मैदान में होगा नशासुर का पुतला दहन

**भोपाल।** मप्र में चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत 2 अक्टूबर गांधी जयंती एवं विजयदशमी त्यौहार के अवसर पर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग की ओर से 'नशासुर' का पुतला दहन शाम 7 बजे किया जाएगा। पुतला दहन लहारपुर दशहरा मैदान बाग मुंगालिया एक्सटेंशन नर्मदापुरम रोड में होगा। 'नशासुर' पुतला दहन कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में नशे के प्रति जागरुकता लाना और नशा एक सामाजिक बुराई है, इसका संदेश देना है।

### सीएम डॉ. यादव और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दी दशहरे पर्व की बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को विजयादशमी की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है और हमें सत्य, न्याय और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने इस पर्व के अवसर पर प्रदेश में शांति और सौहार्द्र तथा प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, की कामना की। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने प्रदेश के नागरिकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दी है। बुराइयों के विरुद्ध निरंतर काम करने का आव्हान किया है।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल होंगे शामिल**

## स्वदेशी दशहरा महोत्सव में 105 फीट के रावण के पुतले का किया जाएगा दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के भोपाल जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति के नेतृत्व में बुधवार को कोलार के बंजारी दशहरा मैदान में कोलार हिन्दू उत्सव समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। यति ने बैठक में बताया कि कोलार के बंजारी दशहरा मैदान में विशाल दशहरा महोत्सव आयोजित किया जाएगा।

इस बार का दशहरा महोत्सव संपूर्ण रूप से स्वदेशी थीम पर आयोजित किया जा रहा है। इसमें सभी काम और व्यवस्थाएं स्वदेशी ही होगी। प्रदेश के सबसे बड़े रावण दहन यानी 105 फीट के रावण के पुतले के दहन होगा। बंजारी दशहरा मैदान में आयोजित प्रदेश के सबसे बड़े दशहरा महोत्सव में मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, समस्त मंत्रीगण, समस्त सांसद, विधायक और महापौर सहित कई लोग मौजूद रहेंगे। इस आयोजन में दो लाख से अधिक लोगों के आने की संभावना है। इसे देखते हुए प्रशासन और समिति ने सभी तैयारियां पूरी कर रखी हैं।

### 23वें साल भव्य और विशाल रावण दहन

कोलार हिंदू उत्सव समिति के सचिव रविंद्र यति ने बताया कि कोलार में लगातार 23 वें साल भव्य और विशाल रावण दहन किया जा रहा है। विगत कई वर्षों से लगातार इस आयोजन में 105 फिट के रावण के पुतले का दहन किया जा रहा है। साथ ही मेघनाथ एवं कुंभकरण के पुतलों का भी दहन होगा, जिसमें जयपुर एवं शिवकाशी की रंगारंग आतिशबाजी का प्रदर्शन होगा। कोलार के बंजारी दशहरा मैदान में आयोजित इस महोत्सव में मंच पर नाट्य श्री एवं भारतीय कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी।





Hero
125M
CELEBRATING
125 MILLION CUSTOMERS
आया दशहरा
का त्योहार
हीरो पे सवार
HF Deluxe Pro
Destini 125
शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत
पुराना एक्स-शोरूम
₹62 938
₹58 020#
GST लाभ ₹4 918
सीमित अवधि ऑफर
शुरूआती एक्स-शोरूम कीमत
पुराना एक्स-शोरूम
₹83 868
₹77 315#
GST लाभ ₹6 553
इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000^ तक
HDFC BANK क्रेडिट कार्ड
FESTIVE TREATS
Powered by pine labs
+
प्रतिदिन EMI ₹59$ से शुरू
डाउन पेमेंट ₹999$ से शुरू
विशेष कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹3 200~ तक
INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply
Hero GoodLife
पाएं जीतने का मौका
100% कैशबैक
24 कैरट सोने का सिक्का
और कई अन्य सुनिश्चित लाभ*
Additional offers on:
Flipkart amazon.in
Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Offer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. ^T&C apply, Offer available only on limited stores. *Limited period offer, T&C apply. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. #Ex-showroom price of base variant of Destini 125 and HF Deluxe in Madhya Pradesh.
TOLL FREE 1800 266 0018
अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोहः इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़ः आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिन्डः शिवम हीरो 9289922787, दतिया: शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौर: पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स्क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावदः राजेश हीरो 9289922774, एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर : गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साईं मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, राणापुर: सिद्ध शीला ऑटोमोबाइल्स, 8770264612, जोबट: धारा ऑटोमोबाइल्स, 9615908908, सोंडवा: राज ऑटोमोबाइल्स, 9754260982, क्षिप्रा: श्री शिव हरि मोटर्स, 7771088838, सुखलिया इंदौर: आर्यन मोटर्स, 9399928958, कांटाफोड़: रुखमणी मोटर्स, 9993048891, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, तीन इमली: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 6267121700, नेहरु नगर, भोपाल: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिन्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342

ऐश्वर्य, आशी समेत 17 खिलाड़ियो को 10.81 लाख रूपए से अधिक की प्रोत्साहन राशि देकर किया सम्मानित

# 16वीं एशियन शूटिंग चैम्पियनशिप कजाकिस्तान के प्रदेश के पदकवीर खिलाड़ियों से सीएम ने की भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर 16वीं एशियन शूटिंग चैम्पियनशिप के 9 पदक विजेता खिलाड़ियों ने सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री ने इन सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से प्रोत्साहन स्वरूप इन सभी खिलाड़ियों को 10.81 लाख रूपए से अधिक की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री से सौजन्य भेंट में ऐश्वर्य प्रताप सिंह (1 स्वर्ण, 1 रजत पदक), आशी चौकसे (1 स्वर्ण पदक), कुशाग्र सिंह राजावत (1 स्वर्ण पदक), शमी उल्लाह खान (1 स्वर्ण पदक), नीरू ढाडा (2 स्वर्ण पदक), मानसी रघुवंशी (1 स्वर्ण, 1 रजत पदक), ज्योतिरादित्य सिंह सिसोदिया (1 कांस्य पदक), सैय्यद अहयान अली (1 कांस्य पदक) और सूरज शर्मा (4 स्वर्ण, एक रजत) शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि कजाकिस्तान में 16 से 30 अगस्त तक 16वीं एशियन शूटिंग चैम्पियनशिप सम्पन्न हुई। इस चैम्पियनशिप में म.प्र. राज्य शूटिंग एकेडमी, भोपाल के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। खिलाड़ियों के दल में से 9 खिलाड़ियों ने कुल 17 पदक अर्जित किए। इनमें 12 स्वर्ण पदक, 3 रजत पदक और 2 कांस्य पदक शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से पदक विजेताओं की भेंट के दौरान प्रमुख सचिव खेल एवं युवा कल्याण मनीष सिंह, संचालक खेल राकेश कुमार गुप्ता सहित खेल विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले जर्मनी जाने वाले ग्राम विचारपुर के 5 फुटबॉल खिलाड़ी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर शहडोल जिले के मिनी ब्राजील के रूप में विख्यात ग्राम विचारपुर के 5 फुटबॉल खिलाड़ियों ने सौजन्य भेंट की। ये 5 फुटबॉल खिलाड़ी खेल एवं युवा कल्याण विभाग के माध्यम से अपनी महिला प्रशिक्षक के साथ जर्मनी के प्रतिष्ठित फुटबॉल क्लब एफसी 04 वर्ल्ड क्लास प्रशिक्षण के लिए जर्मनी जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह देश और प्रदेश के लिए कुछ कर दिखाने का मौका है। इस स्वर्णिम अवसर का भरपूर लाभ उठाएं। मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों को फुटबॉल किट भेंट की। उल्लेखनीय है कि प्रशिक्षक सुश्री लक्ष्मी सहीस के नेतृत्व में कुमारी सानिया कुण्डे (14 वर्ष), कुमारी सुहानी कोल (15 वर्ष), प्रीतम कुमार (14 वर्ष), वीरेन्द्र बैगा (16 वर्ष) और श्री मनीष घसिया (16 वर्ष) प्रशिक्षण लेने जर्मनी जा रहे हैं।



## मप्र के साहिल चौधरी ने आईएसएसफ जूनियर वर्ल्ड कप में जीता ब्रॉन्ज मेडल



**भोपाल।** नई दिल्ली में आयोजित आईएसएसफ जूनियर वर्ल्ड कप में मध्यप्रदेश के निशानेबाज साहिल चौधरी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्पोर्ट्स पिस्टल इवेंट में कांस्य पदक जीता। इस सफलता के साथ साहिल ने प्रदेश का मान बढ़ाया और युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने। साहिल की इस उपलब्धि पर खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने बधाई दी है। उन्होंने कहा, साहिल ने जूनियर वर्ल्ड कप में अपने कौशल और मेहनत का शानदार प्रदर्शन कर पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है। हमें विश्वास है कि वे आने वाले समय में


**मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल**
आर-23, चित्तौड़ कॉम्प्लेक्स के पास, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल-462011
दूरभाष : 0755-2552663, 2552662, ई-मेल : bocboard@mp.gov.in

**निविदा सूचना**

म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में रखे अनुपयोगी पुराने, चार पहिया वाहनों की नीलामी (जहां है-जैसी स्थिति में है) किये जाने हेतु इच्छुक निविदाकारों से निर्धारित निविदा प्रपत्र में मय संकल्प धनराशि के ई-निविदा प्रस्ताव ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **https://mptenders.gov.in** के माध्यम से **दिनांक 01.10.2025 से दिनांक 22.10.2025 को दोपहर 03.00 बजे तक** आमंत्रित किये जाते हैं। प्राप्त निविदा प्रस्ताव **दिनांक 23.10.2025 दोपहर 03.00 बजे** खोले जायेंगे। ई-निविदा विवरण, प्रपत्र एवं शर्तें **https://mptenders.gov.in** पोर्टल पर उपलब्ध है। ई-निविदा जिसकी Tender ID, वाहनों का विवरण निम्न तालिका अनुसार है :-

| क्र. | वाहन का विवरण | वाहन का नम्बर | मॉडल वर्ष | Tender ID | कि.मी. | अपसेट प्राइज |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Innova | MP-02-AV-4455 | 2012 | 2025_MPBCW_455509_01 | 3,15,211 | 2,80,000 |
| 2. | XUV 500 | MP-04-CQ-5094 | 2016 | 2025_MPBCW_455523_01 | 2,03,897 | 3,25,000 |
| 3. | XUV 500 | MP-04-CQ-5093 | 2016 | 2025_MPBCW_455529_01 | 2,60,662 | 3,15,000 |

म.प्र. माध्यम/122389/2025 सहायक सचिव







### पेज एक का शेष....

### दशहरा से पहले ....

जाएगा। इसका मतलब है कि कर्मचारियों की सैलरी में तगड़ी बढ़ोतरी होगी। इससे कर्मचारी और पेंशनर्स त्योहारों पर जमकर खरीदारी करेंगे। यह बढ़ोतरी सातवें वेतन आयोग के तहत आने वाले सभी केंद्र सरकार के कर्मचारियों के साथ-साथ पेंशनर्स और फैमिली पेंशनर्स पर भी लागू होगी।

### बोले- राष्ट्र प्रथम ....

करने वाला विशेष रूप से डिजाइन एक स्मारक डाक टिकट और सिक्के को जारी किया। इस साल विजयदशमी से लेकर 2026 विजयदशमी तक संघ शताब्दी वर्ष मनाएगा। पीएम मोदी डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमें संघ जैसे संगठन का शताब्दी वर्ष देखने को मिल रहा है। उन्होंने स्वयंसेवकों शुभकामनाएं दीं और संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बताया कि संघ की 100 वर्ष की इस गौरवमयी यात्रा की स्मृति में भारत सरकार ने विशेष डाक टिकट और स्मृति सिक्के जारी किए हैं। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि संघ के बारे में कहा जाता है कि इसमें सामान्य लोग मिलकर असामान्य और अभूतपूर्व कार्य करते हैं। व्यक्ति निर्माण की ये सुंदर प्रक्रिया हम आज भी संघ की शाखाओं में देखते हैं। संघ शाखा का मैदान एक ऐसी प्रेरणा भूमि है, जहां स्वयंसेवक की अहं से वयं तक की यात्रा शुरु होती है। संघ की शाखाएं व्यक्ति निर्माण की यज्ञ वेदी है। राष्ट्र निर्माण का महान उद्देश्य, व्यक्ति निर्माण का स्पष्ट पथ, शाखा जैसी सरल, जीवंत कार्यपद्धति। यही संघ की सौ वर्षों की यात्रा का आधार बने। संघ ने कितने ही बलिदान दिये। लेकिन भाव एक ही रहा - राष्ट्र प्रथम... लक्ष्य एक ही रहा - 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत'।

### संघ के खिलाफ ...

हुआ। मुख्यधारा में आने से रोकने के अनगिनत षड्यंत्र हुए। परमपूज्य गुरुजी को झूठे केस में फंसाया गया, उन्हें जेल तक भेज दिया गया। लेकिन जब पूज्य गुरुजी जेल से बाहर आए तो उन्होंने सहज रूप से कहा और शायद इतिहास में सहज भाव एक बहुत बड़ी प्रेरणा है। उन्होंने सहजता से कहा था कि कभी-कभी जीभ दांतों के नीचे आकर दब जाती है, कुचल भी जाती है, लेकिन हम दांत नहीं तोड़ देते हैं, क्योंकि दांत भी हमारे हैं और जीभ भी हमारी है।

### शेयर बाजार में ....

होगा ही, साथ ही देश की इकोनॉमी को भी बड़ा बूस्ट होगा। इन 22 ऐलानों का शेयर बाजार ने जमकर स्वागत किया है और शेयर बाजार में भरपूर तेजी देखने को मिल रही है। बैंकिंग और एनबीएफसी स्टॉक्स में जबरदस्त इजाफा देखने को मिल रहा है। वहीं दूसरी ओर बैंक निफ्टी 55,500 के लेवल को भी पार कर गया। जहां सेंसेक्स में 800 से ज्यादा अंकों की तेजी देखने को मिली। वहीं दूसरी ओर निफ्टी ने भी लगातार 8 दिनों के सूखे को समाप्त किया और 260 से ज्यादा अंकों की तेजी देखने को मिली है। आंकड़ों के अनुसार इस तेजी की वजह से शेयर बाजार निवेशकों को करीब 4 लाख करोड़ रुपए की कमाई हुई है। आरबीआई ने 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.8% कर दिया है जबकि पहले इसके 6.5% रहने का अनुमान लगाया गया था। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि हालांकि ग्लोबल कारोबार और टैरिफ से जुड़ी अनिश्चितताएं अभी भी मौजूद हैं, जो विदेशी मांग को प्रभावित कर सकती हैं, फिर भी घरेलू अर्थव्यवस्था के मजबूत होने के वजह से ग्रोथ के नए अनुमान को अपनाया गया है।

### जीएसटी कलेक्शन....

सितंबर 2025) के दौरान देश का कुल जीएसटी कलेक्शन 12.1 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गया, जो पिछले साल की इसी अवधि से लगभग 9.8% ज्यादा है।

























**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

\- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान रहेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। तरक्की के योग हैं।

**वृष** – मन थोड़ा परेशान हो सकता है। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार के लिए विदेश जाना हो सकता है।

**मिथुन** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबारी कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु परिश्रम भी अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** – वाणी में मधुरता रहेगी। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

**सिंह** – आत्मविश्वास भी बहुत रहेगा। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मीठे खानपान में रुचि बढ़ेगी। खर्च बढ़ेंगे। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कन्या** – किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति बन सकती है।

**तुला** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। कारोबार में सुधार होगा। कारोबार के विस्तार के लिए पिता से आर्थिक सहयोग मिल सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता के योग हैं।

**वृश्चिक** – किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार से लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं। यात्रा के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**धनु** – आत्मविश्वास से लबरेज तो रहेंगे, परन्तु मन अशान्त भी हो सकता है। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी, परन्तु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंता परेशान करेंगी।

**मीन** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे, परन्तु आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। खर्च अधिक रहेगा। मित्रों से भेंट होगी।

## शब्द पहेली - 6006



**बाएँ से दाए**
1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह, टीस, लालसा-3
6. हानि, आपत्ति-2
7. दुश्मनी, बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश, आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. शैतानी, बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा, लालसा-4
24. कवि, गजलकार-3
25. जरा, थोड़ा-2
27. मुलायम, नाजुक-3
28. गुफा, खोह-2
29. प्रियतम, सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह. शक्ति-2
3. बिनाबाल वारा, गंजा-4
4. पंक्ति, लाइन-3
5. लड़की, पुत्री, बेटी -2
7. वहम, संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा, कसम -3
13. गंगा का पानी -4
15. तीखा, तीक्ष्ण-3
16. आतुर, धैर्यहीन -4
17. संभवतः-3
18. मर्कट, कपि-3
20. गोविंदा, खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22. मनोकामना -4
23. साजन, प्रेमी-3
24. संध्या, सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना, मास-2

**शब्द पहेली- 6005 का हल**



■ मंगल सैणचा, बैंगलोर

## सूडोकु नवताल - 6016

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6015 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

**संघ शताब्दी वर्षः संघ के स्वयंसेवकों ने स्वाधीनता आंदोलन, विभाजन की पीड़ा में शरणार्थियों की सेवा, आंतरिक अशांति और हर युद्ध में राष्ट्र रक्षा के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य किया**

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघः सेवा, समर्पण, संकल्प के ध्येय पथ पर राष्ट्र निर्माण के नए क्षितिज की यात्रा



डॉ. मोहन यादव

व्यक्ति, समाज और राष्ट्र निर्माण का ध्येय लेकर चले राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने आज अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। संसार के सबसे विशाल और अनूठे संगठन की यह यात्रा त्याग, तपस्या, निःस्वार्थ सेवा और अनुशासन का प्रतीक है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की यह यात्रा कई चुनौतियों और विषम परिस्थितियों में सेवा, समर्पण और संकल्प के ध्येय पथ पर आगे बढ़ी है। यह आद्य सरसंघचालक परमपूज्य डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी का संकल्प और प्रत्येक स्वयंसेवक का समर्पण है कि आज पूरे विश्व में संघ का ध्वज लहरा रहा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना देश की असाधारण परिस्थितियों में हुई। भारत और भारत के स्वत्व के लिए जितना संकट अंग्रेजी राज से था, उससे कहीं अधिक भारत विरोधी वे शक्तियां सक्रिय थीं, जो भारत के पूर्ण रूपांतरण का कुचक्र रच रहीं थीं। इसे मालाबार, चटगांव, कराची और ढाका की हिंसा से समझा जा सकता है। हिन्दुओं के सामूहिक नरसंहार, स्त्रियों के अपहरण पर भी देश में चुप्पी रही। एक ओर समाज, संस्कृति और राष्ट्र के दमन का कुचक्र चल रहा था, दूसरी ओर भारतीय समाज अनेक आंतरिक विसंगतियों में उलझ गया था। जहां समाज विखंडन और अस्पृश्यता जैसा लोक व्यवहार प्रभावी था। वहीं भारतीय समाज में आत्मगौरव कहीं खो रहा था। दासत्व की जंजीरों को ही अपनी नियति समझ लेने वाला विचार भी प्रभावी होने लगा था। बालपन से ही राष्ट्र और सांस्कृतिक गौरव के प्रति समर्पित विशिष्ट प्रतिभा के धनी डॉक्टर जी के मन को यह सभी घटनाएं उद्वेलित कर रही थीं। डॉ. हेडगेवार जी स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी सेनानी थे। वे असहयोग आंदोलन में जेल यात्रा भी गए थे। भारत को दासत्व से मुक्ति संघर्ष में सहभागिता के साथ उन्होंने भारत में सांस्कृतिक और राष्ट्रभाव जागरण अभियान चलाने का भी संकल्प लिया। उन्होंने अनुभव किया कि जब तक प्रत्येक भारतीय के हृदय में स्वत्व का भाव जागृत नहीं होगा, तब तक भारत पुनः अपने गौरव को प्राप्त नहीं कर सकता। डॉक्टर जी ने तत्कालीन सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति समर्पित विभूतियों से चर्चा की और संघ की स्थापना के लिए विजयादशमी की तिथि का चयन किया।

वर्ष 1925 में विजयादशमी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अस्तित्व में आया। इस तिथि के निर्धारण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना का ध्येय स्पष्ट है। विजयादशमी की तिथि और यह उत्सव स्वार्थरहित संघर्ष, सत्य की स्थापना, धर्म की रक्षा और मानवीय मूल्यों के पुनर्जागरण का संदेश देती है। यही संदेश राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पूरी शताब्दी यात्रा में निहित है।

संघ की इस शताब्दी यात्रा की दो बड़ी विशेषताएं रहीं। एक तो संघ की ध्येय निष्ठा, संसार में केवल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक मात्र ऐसा संगठन है, जो अपने ध्येय पर अडिग है और निरंतर विस्तार पा रहा है। दूसरी विशेषता संघ पर होने वाले आक्रमणों की है। संघ पर वैचारिक, राजनैतिक हमलों के साथ स्वयंसेवकों पर प्राण घातक हमले हुए, लेकिन संघ की ध्येय यात्रा पर कोई बाधा नहीं डाल पाया। स्वतंत्रता के बाद तीन बार तो संघ पर प्रतिबंध लगे। गांधी जी की हत्या में झूठा फंसाकर स्वयं सेवकों को प्रताड़ित किया गया। आपातकाल में प्रतिबंध और प्रताड़ना भी संघ के स्वयंसेवकों ने झेली। वर्ष 1992 में अयोध्या घटना के बाद भी संघ पर प्रतिबंध लगा। कश्मीर, केरल, पश्चिम बंगाल आदि प्रांतों में आज भी संघ प्रचारकों पर हमले हो रहे हैं। लेकिन संघ कभी रुका नहीं, थका नहीं और न कोई स्वयंसेवक विचलित हुआ।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की इस शताब्दी यात्रा में मध्यप्रदेश की गौरव नगरी उज्जैन का भी अपना योगदान है। मध्यप्रदेश में संघ कार्य का विस्तार दो दिशाओं से हुआ। एक नागपुर से महाकौशल की ओर तथा दूसरा नागपुर से मालवा की ओर। मालवा क्षेत्र की गौरव नगरी उज्जैन वह स्थान है, जहां संघ कार्य 1930 से 1940 के दशक में ही अंकुरित हो गया था। भोपाल से लेकर नीमच तक और इंदौर से लेकर मध्यभारत तक के विस्तार में उज्जैन की भूमिका महत्वपूर्ण रही। इसे वर्ष 1936 में डॉक्टर जी के आह्वान पर हैदराबाद आंदोलन में उज्जैन के स्वयंसेवकों की सहभागिता और बाद में जूनागढ़, दादरा नगर हवेली और गोवा मुक्ति आंदोलन में उज्जैन नगर की सहभागिता इतिहास के पन्नों में है। दादरा नगर हवेली और गोवा मुक्ति आंदोलन में उज्जैन के स्वयंसेवकों का बलिदान भी हुआ। यह हम सभी के लिए गौरव की बात है कि संघ के स्वयं सेवकों ने स्वाधीनता आंदोलन, विभाजन की पीड़ा में शरणार्थियों की सेवा, आंतरिक अशांति और प्रत्येक युद्ध में राष्ट्र रक्षा के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य किया है। कई बार मैं सोचकर गर्व अनुभव करता हूं कि मैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माध्यम से एक ऐसी संकल्प यात्रा का सहभागी बना, जो भारत राष्ट्र के परम वैभव का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की इस शताब्दी यात्रा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें प्रचारकों के रूप में असंख्य विभूतियां आगे आईं, लेकिन किसी ने भी न अपने नाम की चिंता की न अस्तित्व और न ही जीवन की। वे सब राष्ट्र निर्माण कार्य की नींव में समां गए। संघ ने अपनी इस शताब्दी वर्ष यात्रा में समाज और राष्ट्र जीवन के आयाम को स्पर्श किया है। इस कार्य में शाखा से लेकर द्वार तक और फिर खेत पर जाकर भी संपर्क किया है। इसीलिए संघ कार्य आज इतना व्यापक हो पाया है। संघ कार्य केवल संगठनात्मक विस्तार नहीं है, यह साधना है- व्यक्तित्व निर्माण, समाज निर्माण और राष्ट्र निर्माण की। इसीलिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी शताब्दी समारोह को उत्सव के रूप में नहीं मना रहा। यह आयोजन राष्ट्र के परम वैभव और विश्व में भारत की सांस्कृतिक पुनर्प्रतिष्ठा के लिए संकल्प दिवस के रूप में है।

भारतीय समाज में सकारात्मक परिवर्तन को गति देने और समाज में अनुशासन तथा देशभक्ति के भाव को बढ़ाने के उद्देश्य से सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी ने समाज में पंच परिवर्तन का आह्वान किया है। इस पंच परिवर्तन में पांच आयाम स्व का बोध अर्थात स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण, सामाजिक समरसता और कुटुम्ब प्रबोधन शामिल हैं। इसमें स्व के बोध से नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होंगे। नागरिक कर्तव्य बोध अर्थात कानून के पालन से राष्ट्र समृद्ध व उन्नत होगा। सामाजिक समरसता व सद्भाव से ऊंच-नीच जाति भेद समाप्त होंगे। पर्यावरण से सृष्टि का संरक्षण होगा तथा कुटुम्ब प्रबोधन से परिवार समृद्ध होंगे और बच्चों में संस्कार बढ़ेंगे। पंच परिवर्तन को समाज में लागू करने के लिए हम सभी भारतीय नागरिकों को मिलकर प्रयास करने होंगे।

इसी संदेश की झलक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के संबोधन में है। मोदी जी ने संघ की शताब्दी यात्रा पर विशेष डाक टिकट और स्मृति सिक्के जारी किए हैं। 100 रुपए के सिक्के पर एक ओर राष्ट्रीय चिह्न है और दूसरी ओर सिंह के साथ वरद् मुद्रा में भारत माता की भव्य छवि और समर्पण भाव से उसे नमन करते स्वयंसेवक दिखाई देते हैं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 100 वर्ष से बिना थके, बिना रुके, राष्ट्र सेवा के कार्य में लगा हुआ है। यह समर्पित यात्रा हमें राष्ट्र कार्य के लिए प्रेरित करती है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर भारत ने अमृतकाल के युग में प्रवेश कर लिया है। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी ने समाज निर्माण के जो सूत्र दिए हैं, इससे प्रेरित होकर निर्माण के विविध आयाम विकसित होने की संभावना है। इसे आत्मसात कर हम अपने प्रदेश और अपने राष्ट्र को विश्व पटल पर स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। आज विजयादशमी की शुभकामनाओं के साथ मैं प्रदेश की साढ़े आठ करोड़ जनता से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की राष्ट्र चेतना से राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनने की अपेक्षा करता हूं।

(लेखक, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)

## वृद्धजन की निःस्वार्थ सेवा और सम्मान के लिए सभी हों संकल्पितः सीएम

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धजन की निःस्वार्थ सेवा और सम्मान के लिए सभी प्रदेशवासियों से संकल्पित होने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वृद्धजन किसी भी संस्कृति, राष्ट्र, समाज और परिवार के सशक्त आधार होते हैं, उनके विराट अनुभव, ज्ञान और संस्कार से युवा पीढ़ी को निरंतर प्रेरणा लेते रहना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार वृद्धजन के मान-सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है। समग्र सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना से राज्य के 15 लाख 75 हजार से अधिक वृद्धजन नियमित रूप से लाभान्वित हो रहे हैं।

### अभियान का पहला चरण 9 अक्टूबर से होगा शुरू, घर-घर जाएंगे पशु चिकित्सा अधिकारी

## किसानों की आय बढ़ाने, दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के लिए दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान की शुरुआत आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र सरकार पशुपालकों को एक बड़ी सौगात देने जा रही है। प्रदेश के किसानों की पशुपालन के माध्यम से आय बढ़ाने और दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के लक्ष्य को पूरा करने के उद्देश्य से प्रदेश में 2 अक्टूबर गांधी जयंती व दशहरा से दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान शुरू होगा। इस अभियान के तीन चरण होंगे। पहले चरण की शुरुआत विजयादशमी से होगी। इस अभियान के तहत गांव-गांव पशुपालकों से व्यक्तिशः सम्पर्क किया जाएगा।

उन्हें पशुओं में नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य एवं पोषण के संबंध में जागरूक किए जाने का आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। इस अभियान के तहत पशुपालक किसानों से इस अभियान का पूरा-पूरा लाभ लेने की अपील की जा रही है। अभियान के तहत पशु चिकित्सा अधिकारी, मैत्री उनके घर जाएंगे। पशुपालन विभाग ने आम लोगों से अपील की है कि पशु चिकित्साधिकारी जब भी उनके घर आए तो पशुपालन के संबंध में उनकी जो भी समस्या हो, उन्हें बताएं और समाधान प्राप्त करें। प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी उमाकांत उमराव ने बताया कि दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान 3 चरणों में चलाया जाएगा। इसकी शुरुआत 2 अक्टूबर को ग्राम सभाओं से की जाएगी।

**पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य पर जागरूक करेंगे**

*अभियान का प्रथम चरण 9 अक्टूबर तक चलेगा। प्रथम चरण अभियान में 10 या 10 से अधिक गो-वंश रखने वाले पशुपालकों से व्यक्तिशः सम्पर्क किया जाएगा। सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी, मैत्री की ओर से पशुपालकों से गृह भेंट की जाएगी और उन्हें पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं नस्ल सुधार के संबंध में जागरूक किया जाएगा। साथ ही पशुओं में टैग लगाने संबंधी जानकारी भी एकत्र की जाएगी। इस कार्य के लिए मैत्री को प्रति पशुपालक 5 रुपए का मानदेय भी दिया जाएगा। दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान के द्वितीय चरण में 5 या अधिक गो-वंश रखने वाले पशुपालकों और तीसरे चरण में 5 या कम गो-वंश रखने वाले पशुपालकों से सम्पर्क किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य गोवंश का समुचित पालन पोषण और दुग्ध उत्पादन को अधिक से अधिक बढ़ाना है।*

## ओबीसी आरक्षण से संबंधित मप्र शासन ने हलफनामे के संबंध में स्पष्टीकरण दिया


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य शासन के संज्ञान में यह आया है कि कतिपय शरारती तत्वों ने सोशल मीडिया पर यह कहते हुए कुछ टिप्पणियां, सामग्री वायरल की है कि वह टिप्पणियां उच्चतम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत मप्र शासन के ओबीसी आरक्षण से संबंधित प्रकरण के हलफनामे का भाग है। शासन की ओर से उक्त शरारती सामग्री का गंभीरता से परीक्षण कराया गया है।

उच्चतम न्यायालय के समक्ष पिछड़ा वर्ग आरक्षण के प्रचलित प्रकरण में अभिलेख के प्रारंभिक परीक्षण से यह तथ्य सामने आया है कि उल्लेखित सोशल मीडिया की टिप्पणियां एवं कथन पूर्णतः असत्य, मिथ्या एवं भ्रामक है एवं दुष्प्रचार की भावना से किए गए हैं। यह स्पष्ट किया जाता है कि वायरल की जा रही सामग्री मप्र शासन के हलफनामे में उल्लेखित नहीं है एवं न ही राज्य की किसी घोषित या स्वीकृत नीति अथवा निर्णय का भाग हैं। प्रथम दृष्टया यह ज्ञात हुआ कि वस्तुतः उल्लेखित सामग्री मप्र राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष रामजी महाजन की ओर से प्रस्तुत अंतिम प्रतिवेदन (भाग-1) का हिस्सा हैं। उक्त आयोग का गठन दिनांक 17-11-1980 को किया गया था। आयोग की ओर से दिनांक 22-12-1983 को अपना अंतिम प्रतिवेदन तत्कालीन राज्य शासन को प्रेषित किया था। राज्य शासन ने उच्चतम न्यायालय में ओबीसी आरक्षण संबंधित प्रकरण में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के विभिन्न प्रतिवेदन भी प्रस्तुत किए हैं, जो शासन के अभिलेखों में सुरक्षित हैं। इन प्रतिवेदनों में महाजन आयोग की रिपोर्ट के साथ-साथ 1994 से 2011 तक के वार्षिक प्रतिवेदन तथा वर्ष 2022 का राज्य पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का प्रतिवेदन भी सम्मिलित है।

**वायरल की जा रही सामग्री शासन के हलफनामे में उल्लेखित नहीं**

राज्य शासन ने यह भी स्पष्ट किया कि महाजन आयोग का उक्त प्रतिवेदन उच्च न्यायालय के समक्ष भी अभिलेख का भाग रहा है। उच्चतम न्यायालय में भी उक्त प्रतिवेदन स्वतः ही न्यायिक अभिलेख का हिस्सा है। मप्र सरकार 'सबका साथ, सबका विकास' एवं सामाजिक सद्भावना के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। शासन स्पष्ट करता है कि वायरल की जा रही सामग्री शासन के हलफनामे में उल्लेखित नहीं है। यह राज्य शासन के किसी स्वीकृत या आधिकारिक नीति या निर्णय का हिस्सा नहीं है। यह महाजन रिपोर्ट में 35% आरक्षण की अनुशंसा की गई थी, जबकि राज्य शासन ने 27% आरक्षण लागू किया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि राज्य शासन का निर्णय महाजन रिपोर्ट पर आधारित नहीं है।



सतलापुर रोड के दशहरा मैदान में होगर आयोजन, श्री हिन्दू उत्सव समिति ने की तैयारियां पूर्ण

# मंडीदीप में होगा मेघनाद, कुंभकर्ण और रावण के पुतलों का दहन, 25 हजार श्रद्धालु होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व गुरुवार को मंडीदीप में धूमधाम से मनाया जाएगा। श्री हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में सतलापुर रोड स्थित दशहरा मैदान पर रावण दहन का आयोजन होगा। समिति अध्यक्ष ने बताया कि इस आयोजन में करीब 25 हजार से अधिक लोग शामिल होंगे। जहां भगवान श्री राम और लक्ष्मण 51 फीट ऊंचे मेघनाद, कुंभकरण और रावण के पुतलों का दहन करेंगे।

आयोजन से पूर्व दोपहर 2 बजे वार्ड 23 स्थित मंडी के बाल बिहार मैदान से चल समारोह निकाला जाएगा। इस वर्ष चल समारोह में झांकियों के साथ मलखंब और अखाड़ा आकर्षण का केंद्र रहेंगे। चल समारोह मंडी से शुरू होकर रेलवे ओवरब्रिज, स्टेशन रोड, मुख्य बाजार, मंगल बाजार, पटेल नगर और हाईवे से होते हुए दशहरा मैदान पहुंचेगा। यहां बाबा रामदेव रामलीला मंडल के कलाकारों द्वारा श्री राम-रावण युद्ध का मंचन किया जाएगा, जिसके बाद रावण दहन का कार्यक्रम होगा। श्री हिन्दू उत्सव समिति के सदस्यों ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं और नगरवासियों से इस पावन पर्व में शामिल होने की अपील की है।

**दोपहर 2 बजे मंडी के बाल बिहार मैदान से निकलेगा चल समारोह , विभिन्न मार्गों से होते हुए दशहरा मैदान पहुंचेगा**

**इस बार झांकियों के साथ मलखंब और अखाड़ा रहेगा आकर्षण का केंद**



औबेदुल्लागंज। नगर में श्री हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में गुरुवार को रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतलों का दहन किया जाएगा। दशहरा पर्व ऐतिहासिक मनाने के लिए तैयारियां पूर्ण हो गई है। दशहरा उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक सुरेंद्र पटवा करेंगे।

दशहरा पर्व पर आज होंगे कई धार्मिक आयोजन

## संतनगर में निकलेगी श्रीराम बारात, 51 फीट ऊंचे रावण के पुलते का होगा हदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

उपनगर बैरागढ़ में गुरुवार को दशहरा पर्व पर रावण, मेघनाद के पुतलें दहन किए जाएंगे। इसके साथ ही कई स्थानों पर उद्घाटन और जनेऊ संस्कार आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर विशाल राम बारात निकलेगी, जो विभिन्न मार्गों से होती हुई दशहरा मैदान पहुँचेगी जहाँ पर रावण व मेघनाद का पुतला भी दहन किया जाएगा।

मालूम हो कि नव युवक सभा संत हिरदाराम नगर संस्था पिछले 70 वर्षों से विजयादशमी का पर्व मनाती आ रही है। इस वर्ष भी हाई स्कूल ग्राउंड पर दशहरा पर्व मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में नगर के अलावा समीपस्थ ग्रामीण क्षेत्र के लगभग 2 लाख से अधिक लोग शामिल होते हैं। आयोजन संस्था के अध्यक्ष वासदेव वाधवानी ने बताया कि नव युवक सभा द्वारा जुलूस के रूप में राम-बारात एवं आकर्षक झांकियां उपनगर के विभिन्न मार्गों से निकलेगी। दशहरा मैदान में कबड्डी मैच का आयोजन दोपहर 2.30 बजे से होगा। बारात विभिन्न मार्गों से होती हुई शाम 7.30 बजे दशहरा मैदान पहुंचेगी, जहां पर रावण, मेघनाद के पुतले दहन किए जाएंगे, इसके साथ ही विभिन्न शहरों से आए कलाकारों द्वारा आतिशबाज़ी की जाएगी।

### खबर संक्षेप



#### पटवा ने पशुओं की सेवा करने की दी सलाह

**औबेदुल्लागंज**। विधायक सुरेंद्र पटवा ने सेवा पखवाड़ा के तहत मानवीय सेवा और समर्पण भावना के तहत पशुओं को सेवा और देखभाल करने करने की सलाह दी। उन्होंने कहा पशुओं की सेवा करना हम सभी का कर्तव्य है।

#### सेवा पखवाड़े के तहत किया पौधरोपण



**औबेदुल्लागंज**। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बुधवार को वीर सावरकर शासकीय महाविद्यालय में जागरुकता स्वास्थ्य शिविर एवं पौधारोपण आयोजित किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि डॉ. भूपेंद्र नागर, प्राचार्य डॉ. सुनीता गुप्ता ने शिविर का शुभारंभ किया। शासकीय अस्पताल के चिकित्सक डॉ. धर्मेंद्र राजपूत, डॉ. दीक्षा ने विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया गया।

#### पूर्व रेलवे सलाहकार शर्मा का मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज**। मीशाबंदी एवं पूर्व साडा अध्यक्ष रामकिशोर शर्मा के बड़े बेटे जेपी शर्मा पूर्व रेलवे सलाहकार के जन्मदिन के उपलक्ष में बुधवार को सुंदरकांड का पाठ कर कन्या पूजन किया और प्रसाद बांटा। जेपी शर्मा के जन्मदिन पर व्यापारी महासंघ के सदस्यों, श्री हिंदू उत्सव समिति के सदस्यों, किसानों, स्थानीय नेता एवं पार्षदों, श्री राम श्री हिंदू उत्सव समिति के सदस्यों एवं आसपास के क्षेत्र से आए शुभचिंतकों ने फूल-माला पहनाकर जन्मदिन की बधाई दी।

#### स्काईलैंड गार्डन के पास रक्तदान शिवर 4 को

**संतनगर**। सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के आशीर्वाद से संत निरंकारी चेरीटेबल फाउंडेशन के बैनर तले 4 अक्टूबर शनिवार को प्रातः 9 से सांय 5 बजे तक रक्तदान शिविर संत निरंकारी सत्संग भवन, स्काईलैंड गार्डन के पास, बैरागढ़ में शासकीय हमीदिया ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित किया गया है।

शुभांक

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 0583 | | |
| दिन: | 133 | 73 | 346 |
| रात: | 469 | 93 | 148 |


दोस्त के साथ झांकी देखने बरखेड़ा पठानी पहुंचा था युवक

# जूते चोरी न हों इसलिए बिजली बोर्ड के पास रखे उठाने के दौरान पहनते ही लग गया करंट, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ा पठानी में मंगलवार रात झांकी पंडाल में करंट लगने से युवक की मौत हो गई। युवक अपने दोस्त के साथ यहां झांकी देखने पहुंचा था और जूते छिपाकर पंडाल में रख दिए थे। लौटते समय उसने एक जूता पहना और दूसरा पहनते समय पास इलेक्ट्रिक बोर्ड के खुले तार के संपर्क में आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। उसे बचाने के प्रयास में उसके साथी को भी करंट का झटका लगा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार अनुज कुर्मी पिता गोविंद कुमार कुर्मी (25) गांव वरुअल, तहसील कुरवई, जिला विदिशा का था। वह अशोका गार्डन इलाके में किराए से रहता था और सिविल सर्विसेस की तैयारी कर रहा था। उसके पिता गोविंद कुर्मी गांव में रहते हैं और खेती किसानी करते हैं।

अनुज अपने साथी के साथ मंगलवार रात झांकी देखने के लिए निकला था। दोनों साथी बरखेड़ा पठानी स्थित चार धाम की झांकी देखने पहुंचे। भीड़-भाड़ अधिक होने के कारण उनका नंबर पौने 11 बजे के आसपास लगा। झांकी पंडाल में जूते चप्पल रखने के लिए व्यवस्था की गई थी, लेकिन अनुज और उसके साथी ने जूते उतारकर नियत जगह पर नहीं रखे और पंडाल में छिपाकर रखे थे, ताकि चोरी न हो सकी। दुर्भाग्यवश उन्होंने जूते जिस जगह रखे थे, वहां पंडाल की इलेक्ट्रिसिटी की सप्लाई के लिए बोर्ड लगाया गया था। अनुज और उसके साथी ने झांकी के दर्शन किए। करीब पंद्रह मिनट बाद वह पंडाल में उस जगह पहुंचे, जहां जूते रखे थे। एक जूता अनुज ने पहन लिया था। वह दूसरा जूता पहन रहा था। उसने अपना हाथ पास बोर्ड के पास रखे बांस पर रखा। इसी दौरान पास से गुजरे इलेक्ट्रिक बोर्ड के तार से उसका हाथ टकरा गया। तार कटा हुआ होने के कारण उसे करंट का तगड़ा झटका लगा था। उसके साथी ने उसे करंट से हटाने का प्रयास किया और उसे भी करंट का झटका लगा था। झटका लगने से वह गिर गया। इसके बाद दौबारा उठकर उसने जूते चप्पल से अनुज को करंट से बचाने का प्रयास किया, लेकिन काफी देर हो चुकी थी।

#### एम्स पहुंचते तक हो गई मौत

पुलिस ने बताया कि अनुज का साथी उसे जूते चप्पल से करंट से हटाकर एम्स लेकर पहुंचा था। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद अनुज को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर लिया है। पुलिस जांच के बाद आगे की कार्रवाई करेगी।

#### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस को नहीं मिला सुसाइड नोट

कोलार थाना क्षेत्र स्थित एजी क्लासिक सिटी में सतपुड़ा वल्लभ के कर्मचारी की बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। वह करीब 9 महीने से डिप्रेशन में थी और कहती थी कि मुझे भगवान नजर आते हैं। परिजन उसका मनौचिकित्सक के पास इलाज भी करा रहे थे। पुलिस ने उसका शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने बताया कि प्रीति द्विवेदी पिता बीपी द्विवेदी (27) एजी क्लासिक सिटी, अमरनाथ कॉलोनी में रहती थी। उसके पिता बीपी द्विवेदी सतपुड़ा वल्लभ भवन में नौकरी करते हैं। बीपी द्विवेदी ने बताया कि उनके परिवार में पत्नी के अलावा छोटा बेटा और बड़ी बेटी प्रीति (27) साल थी। प्रीति इंदौर की एक कंपनी में जॉब कर रही थी। वर्क फ्रॉम होम होने के कारण वह घर आई हुई थी। मंगलवार सुबह वे ड्यूटी चले गए। शाम को घर लौटे तो पत्नी पूजा करने मंदिर गई हुई थी। कमरे में बेटा बैठकर पढ़ाई कर रहा था। वे प्रीति के कमरे में पहुंचे। कमरे का दरवाजा बंद था। करीब पंद्रह मिनट बाद फिर पहुंचे और प्रीति को आवाज दी। इस पर भी प्रीति ने दरवाजा नहीं खोला। बीपी द्विवेदी ने दरवाजे को धक्का दिया तो प्रीति दुपट्टे के फंदे पर लटकी नजर आई। वे बेटी को फंदे से उतारकर निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर प्रीति को मृत घोषित कर दिया।

#### परिजन ने प्रेमी से शादी कराने से किया इंकार तो युवती ने पहले खाया जहर, फिर लगाई फांसी

भोपाल। ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित गांव कोलूखेड़ी में एक युवती ने जहर खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्ताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि वह किसी युवक से प्रेम करती थी और उससे शादी करना चाहती थी, जबकि परिजन बेटी की शादी उस युवक से नहीं कराना चाहते थे। पुलिस के अनुसार शिवानी अहिरवार पिता विष्णु अहिरवार (22) गांव कोलूखेड़ी, थाना ईंटखेड़ी में रहती थी और बारहवीं कक्षा में पढती थी। गत16 सितंबर को उसने घर में रखा कोई जहर खा लिया। जहर खाने से उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। उल्टियां करने पर परिजन ने उससे पूछा तो उसने बताया कि जहर खा लिया है। आनन फानन में परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां शिवानी का इलाज चल रहा था। मंगलवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शिवानी किसी युवक से प्रेम करती थी और उससे शादी करना चाहती थी। परिजन चाहते थे कि शिवानी उस युवक से शादी न करें और हमारी मर्जी से शादी करें। इसी बात को लेकर शिवानी ने विवाद के बाद फांसी लगा ली।





**औबेदुल्लागंज**। नवरात्रि पर्व के नवमी तिथि पर बरखेड़ा रोड स्थित मां शारदा दुर्गा उत्सव समिति वार्ड 4 में मां शक्ति बिजासन दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों ने हवन-पूजन कर आरती की। वहीं बरखेड़ा रोड मां शारदा दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों ने भी हवन-पूजन किया।



#### शिव भोला समिति ने सजाई आकर्षक झांकी

नवरात्रि पर्व पर ग्रामीण क्षेत्रों में भी उत्साह का माहौल है। शिव भोला समिति की ओर से माता की मनमोहक प्रतिमा स्थापना की है। झांकी में शिव पार्वती के जीवन से संबधित झाकियां लोगों को आकर्षित कर रही है। समिति के अध्यक्ष सुनील कुछबंदिया, विक्रम कुछबंदिया, विकास कुछबंदिया, कपिल कुछबंदिया, मासनी, राहुल, महेश, अजय, महेंद्र सिद्धू, आलोक, शुभम, टकलू, घनश्याम, विक्कू, विक्रम, कालू, छोटू आदि सदस्य सेवा में लगे हैं।



**तामोट**। महावीर दुर्गा उत्सव समिति की झांकी में बुधवार को हवन पूजन एवं आरती कर पूर्ण आहुति दी। इसके साथ ही नवरात्रि पर्व का समापन किया।

मंडीदीप और आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई करने की फिराक में थे

## सतलापुर पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई, 26 किलो गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप





सतलापुर थाना पुलिस ने मंगलवार रात मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 26 किलोग्राम गांजा जब्त किया और दो आदतन अपराधियों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई औबेदुल्लागंज एसडीओपी शीला सुराणा के नेतृत्व में थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी और उनकी टीम द्वारा की गई।

रायसेन पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पाण्डेय ने बुधवार को सतलापुर थाने में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस टीम खनपुरा के पास वाहन चैकिंग के दौरान बाइक सवार दो युवकों को रोका। तलाशी में उनके पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे इस गांजे को मंडीदीप और आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई करने की फिराक में थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मंडीदीप वार्ड 06, कुआ मोहल्ला निवासी नवेद खान (पुत्र मुस्ताक खान) और मोसिन (पुत्र यशीन खान) के रूप में हुई है। दोनों आदतन अपराधी हैं और इनके खिलाफ स्थानीय व अन्य थानों में कई मामले दर्ज हैं। एसपी पाण्डेय ने बताया कि पुलिस आरोपियों के ऊपरी और स्थानीय नेटवर्क को ट्रैक कर रही है, ताकि गांजे की सप्लाई चेन को पूरी तरह ध्वस्त किया जा सके।

## स्व. डॉ. चौरसिया की स्मृति में चोला धारकों का आज होगा सम्मान



**औबेदुल्लागंज**। स्व. डॉ. रमाशंकर चौरसिया, प्रेम नारायण तिवारी, दुर्गा प्रसाद मित्तल, लाल साहू, पुरुषोत्तम पहलवान, चिरोंजी लाल हम्माल आदि ने हिंदू उत्सव समिति का गठन कर रामलीला प्रारंभ की थी। उस समय नगर में पहली माता दुर्गा की झांकी बनाई गई थी। उसके बाद से झांली लगाने सिलसिला प्रारंभ किया था। इसके साथ ही सर्वप्रथम नगर में रावण दहन का कार्यक्रम स्व. घासीराम मैथिल द्वारा किया था। तभी से महावीर सेवा दल द्वारा नगर में महावीर का चोला निकाले जाने की प्रथा प्रारंभ हुई, जो आत्माराम पंजाबी द्वारा शुरू की गई एवं मां दुर्गा की मूर्ति नगर में प्रथम निर्माता स्व. भैया लाल साहू द्वारा किया गया था। डॉ. चौरसिया की स्मृति में इस वर्ष भी हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष और महावीर चोला धारकों का सम्मान किया जाएगा।

## भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट पर 24 घंटे परिचालन से उड़ानों को मिली नई गति

सुविधा के एक वर्ष पूरा होने पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



राजा भोज एयर पोर्ट पर 24 घंटे परिचालन का एक वर्ष पूरा हो गया है। यह एक मील का पत्थर है, जिसकी शुरुआत 1 अक्टूबर, 2024 को हुई थी और यह भोपाल के विमानन बुनियादी ढांचे और हवाई संपर्क को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अक्टूबर 2024 में भोपाल से पुणे के लिए एक नई देर रात की उड़ान सेवा शुरू की गई, जिससे यात्रियों को अधिक लचीलापन और सुविधा मिली।

विस्तारित परिचालन समय ने एयरलाइनों को देर रात और सुबह के समय के दौरान अतिरिक्त उड़ानों की तलाश और समय-सारिणी निर्धारित करने की अनुमति दी है। एयरपोर्ट डायरेक्टर और रामजी अवस्थी ने बताया कि 24 घंटे परिचालन ने भोपाल हवाई अड्डे को विमानों की रात्रि पार्किंग के लिए एक पसंदीदा केंद्र के रूप में स्थापित किया है, जिससे विमानों की तैनाती और उपयोग में सुधार हुआ है। हवाई अड्डे ने गैर-अनुसूचित उड़ानों में तीव्र वृद्धि दर्ज की है, जिनमें व्यावसायिक जेट, चार्टर्ड सेवाएं और अंतरराष्ट्रीय परिचालन शामिल हैं। 24 घंटे उपलब्धता चिकित्सा उड़ानों के संचालन के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण रही है, जिससे चिकित्सा आपात स्थितियों के दौरान समय पर प्रतिक्रिया और सुविधा संभव हुई है। एयरलाइंस और ऑपरेटरों को अब अधिक परिचालन लचीलापन प्राप्त है, जिससे बेड़े का अधिकतम उपयोग हो रहा है। 24 घंटे परिचालन ने हवाई अड्डे की उड़ान डायवर्जन और विशेष मिशनों का समर्थन करने की क्षमता को मजबूत किया है।

एमपी में बिहार के चारा घोटाले का पैटर्न हुआ उजागर

## फर्जी बिल और ज्यादा दूरी का ट्रांसफर दिखाकर सरकारी खजाने से लूटे 42 लाख

**स्टेट सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पर परिवहन घोटाले का आरोप, ईओडब्ल्यू ने दर्ज किया मामला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिहार में चारा घोटाले के पैटर्न में मध्य प्रदेश में भी सरकारी खजाने को लूटने का मामला सामने आया है। फर्जी बिला और ज्यादा दूरी का दिखाकर 42 लाख रुपए का चूना लगाया गया है। यह घोटाले का पैटर्न बिहार में हुई चारा घोटाले ऐसा निकलकर सामने आया है। हालांकि ईडब्ल्यू ने दो आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज कर लिया है।

आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने बड़ा खुलासा करते हुए मध्य प्रदेश सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन में हुए कई लाख रुपए के लेनदेन से जुड़े हुए घोटाले का पदार्फाश किया है। इस मामले में निगम के तत्कालीन जिला प्रबंधक दिलीप किरार और निजी एजेंसी जेएमआर एजेंसी के संचालक राकेश राजबाड़ी को मुख्य आरोपी बनाया है। जांच में सामने आया है कि दोनों ने मिलकर खाद्यान्न परिवहन अनुबंधों में अनियमित कर 42 लाख 7 हजार रुपए की हेराफेरी की है। इस मामले में न केवल विभाग की कार्यपाली पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि यह भी दिखाया गया कि जनता की बुनियादी जरूरत से जुड़ी हुई व्यवस्थाओं में किस तरीके से भ्रष्टाचार पनप रहा है। जांच रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि तत्कालीन जिला प्रबंधक दिलीप किरार ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए निजी एजेंसी संचालक राकेश रजवारी के साथ मिलीभगत की खाद्यान्न परिवहन का काम देने के लिए किए गए अनुबंधों में जानबूझकर गड़बड़ी की गई।

#### खाद्यान्न समितियां को कागजों में डर दिखाया

जबलपुर और छपरा जैसे नजदीकी इलाकों में खाद्यान्न समितियां को कागजों में डर दिखाया गया। ऐसा करने के पीछे उद्देश्य था कि परिवहन खर्च को बढ़ा चढ़ा कर पेश किया जा सके। कागजों में यह दूरी अधिक दिखाकर एजेंसी को भुगतान कराया गया, जबकि हकीकत में सप्लाई नजदीक से हो रही थी। इस तरीके से सरकारी खजाने में सीधे तौर पर लाखों रुपए का चूना लगाया गया। कुछ और तथ्य भी जांच में सामने आए हैं कि साल 2023 से लेकर 25 के बीच में दूध परिवहन अनुबंधों को पूरी तरीके से मनमाने तरीके से बनाए गए थे। ट्रांसपोर्ट के ऑर्डर जारी कर कच्छपुरा की जगह गोसलपुर रैक से परिवहन कराया गया। कई समितियां के कारखाने और डेयरी कुछ महज किलोमीटर दूर थे। उन्हें 100 किलोमीटर दूर दर्शाया गया और कई बार जानबूझकर राख से माल उठाया गया। बार-बार एक ही सप्लाई पॉइंट के लिए अलग-अलग बिल तैयार किए गए भुगतान हासिल कर लिया।

**पुलिस को नहीं मिला सुसाइड नोट मर्ग कायम**

## मां का मानसिक संतुलन बिगड़ने से दुखी सोलह साल की बेटी ने लगाई फांसी

**भोपाल**। अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सुभाष कॉलोनी में मंगलवार रात 16 साल की किशोरी ने फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही परिजन उसे फंदे से उतारकर हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि उसकी मां का आठ साल से मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ है। घर की जिम्मेदारी उस पर थी। इससे वह डिप्रेशन में रहने लगी थी।

एसआई एसएल वर्मा ने बताया कि नंदनी साहू पिता सचिन साहू (16) सुभाष कॉलोनी, अशोका गार्डन में रहती थी और दसवीं कक्षा में पढ़ती थी। उसके पिता सचिन साहू नगर निगम में दैनिक वेतन भोगी है और टैंकर चलाते हैं। सचिन साहू ने पुलिस को बताया कि नंदनी उनकी बड़ी बेटी थी, जबकि दो बेटे हैं। नंदनी ने मंगलवार रात करीब दस बजे अपने कमरे में फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही उसे साड़ी के फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर बताया कि नंदनी की मौत हो चुकी है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने नंदनी का शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। बुधवार सुबह उसका पीएम कराया गया। पिता ने बताया कि नंदनी की मां का वर्ष 2016 से मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ है। उनका इलाज करा रहे हैं, लेकिन आराम नहीं लग रहा है। मां का मानसिक संतुलन ठीक नहीं होने से नंदनी परेशान रहती थी। उसे पढ़ाई के साथ घर का सारा काम करना पढ़ता था। इससे वह डिप्रेशन में रहने लगी थी।

#### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत


एमपी नगर थाना क्षेत्र स्थित चेतक ब्रिज, रेलवे ट्रैक किनारे झाड़ियों से पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। शव डिकंपोज होने से लगा था। अनुमान है कि ट्रेन से टकराकर युवक झाड़ियों में जा गिरा था और उसकी मौत हो गई। दस्तावेज नहीं मिलने से मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस के अनुसार बुधवार सुबह ट्रैकमैन ट्रैक चेक करते हुए चेतक ब्रिज की तरफ से गुजर रहे थे, तभी उन्होंने चेतक ब्रिज के पास खंभा नंबर 831/34 के पास झाड़ियों में एक युवक की लाश पड़ी देखी। उन्होंने घटना की जानकारी जीआरपी को दी। जीआरपी से मिली सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी।

## नागपुर के बाद सन 1926 में 18 फरवरी को वर्धा में शुरू हुई थी संघ की पहली शाखा

# स्वाभिमान, एकता, अनुशासन और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण के उद्देश्य से हुई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना



**अखिलेश श्रीवास्तव**
सह प्रांत प्रचार प्रमुख, मध्य भारत प्रांत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 27 सितंबर 1925 में विजयादशमी के दिन विक्रम संवत 1982 को हुई थी। तब डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार ने बाल और तरुण युवकों को साथ लेकर संघ का प्रारंभ किया था। संघ की स्थापना के पहले से ही सामाजिक कामों में लगे हुए अप्पाजी जोशी जैसे व्यक्तियों को भी साथ लिया। इन सभी ने आजीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का काम किया। इसका उद्देश्य सम्पूर्ण हिन्दू समाज का संगठन था। तब से सहयोग और सहभागिता के बल पर संघ का कार्य निरंतर बढ़ता गया है।

प्रतिदिन चलने वाली शाखाओं के माध्यम से बालक, युवा और प्रौढ़ अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन अनुभव करते हैं, जिससे समाज में संघ की शक्ति और स्वीकृति सतत बढ़ रही है। आज 100 वर्ष की इस यात्रा ने समाज में उत्सुकता जगाई है कि लोग संघ कार्य को जानें और प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उससे जुड़ें। आज आरएसएस जिस रूप में दिखता है, वैसा 1925 में नहीं था। संघ के नाम का निर्णय भी संघ की स्थापना के पश्चात हुआ। अब जबकि संघ अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष में है। डॉ. हेडगेवार आजादी की लड़ाई में लगातार सक्रिय रहे। चाहे क्रांतिकारी गतिविधियां हो या सामाजिक कार्य हो। इस बीच वह देश भर के अलग-अलग लोगों से मिलते रहे। डॉ. हेडगेवार जन्मजात देशभक्त थे। अंग्रेजों की गुलामी उन्हें गहरी चुभती थी, पर वह मानते थे कि केवल स्वतंत्रता प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने सोचा कि भारत गुलाम क्यों बना, इसका मूल कारण खोजकर उसका समाधान करना होगा।

आत्मजागृति, स्वाभिमान, एकता, अनुशासन और राष्ट्रीय चरित्र निर्माण को उन्होंने आवश्यक माना। इसी उद्देश्य से स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय रहते हुए उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। उनके साथ वहां भाऊजी कावरे, अन्ना जी सोहनी, विश्वनाथ राव केलकर, बालाजी खुद्दार, बापूराव बेदी जैसे लोग थे। धीरे-धीरे संगठन बढ़ा और बना। आज जिस नाम से हम इस संगठन को जानते हैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, यह 27 अप्रैल 1927 में तय हुआ। 28 मई 1926 संघ में लाठी का नियमित प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। नागपुर के बाद संघ की पहली शाखा सन 1926 में 18 फरवरी को वर्धा में शुरू हुई। जल्दी ही महाराष्ट्र के अन्य शहरों में भी विस्तार होने लगा। जहां 1929 में शाखाओं की संख्या 37 थी, वह 1933 तक 125 हो गई। डॉ. हेडगेवार एक पत्र के माध्यम से लिखते हैं, 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्य हमने किसी एक नगर या प्रांत के लिए आरंभ नहीं किया है। अपने अखिल भारत देश को यथाशीघ्र सुसंगठित करके हिंदू समाज को स्वसंरक्षण एवं बल संपन्न बनाने के उद्देश्य से इसे प्रारंभ किया गया है।' डॉक्टर साहब 15 वर्षों तक संघ के पहले सरसंघचालक रहे। इस दौरान संघ शाखाओं द्वारा संगठन खड़ा करने की प्रणाली उन्होंने विचारपूर्वक विकसित कर ली थी। डॉ. हेडगेवार 1940 में नहीं रहे। डॉ. हेडगेवार ने कहा था 'संघ कार्य केवल शाखा तक सीमित नहीं, सम्पूर्ण हिन्दू समाज ही कार्यक्षेत्र है। शाखाओं में पुरुषों के लिए व्यक्ति-निर्माण का कार्य होता है, तो महिलाओं के लिए यही कार्य राष्ट्र सेविका समिति करती है।' सेवा, संपर्क और प्रचार विभागों सहित धर्मजागरण, ग्राम विकास, कुटुंब प्रबोधन, समरसता, गो-संवर्धन और पर्यावरण जैसे 32 से अधिक क्षेत्रों में स्वयंसेवक, मातृशक्ति और सज्जन शक्ति मिलकर सक्रिय हैं। वर्तमान में स्वयंसेवकों द्वारा विभिन्न संस्थाओं के माध्यम से लगभग 1,29,000 सेवा कार्य और गतिविधियां संचालित हैं, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक कार्य और स्वावलंबन प्रमुख हैं। संघ चारों दिशाओं में एक साथ बढ़ रहा है।

---

## खबर संक्षेप

### 11 माह के एरियर के साथ मिले एक माह का बोनस

**भोपाल।** राजधानी समेत प्रदेश भर के सरकारी अस्पताल में काम करने वाले आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों ने दीपावली पर बकाया 11 महीने का एरियर और एक माह का बोनस देने की मांग की मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से की है। मप्र संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष कोमल सिंह ने बताया कि शासकीय अस्पतालों में पदस्थ आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी कई माह से वेतन भुगतान नहीं होने से आर्थिक संकट से गुजर कर रहे है। संघ ने मुख्यमंत्री से श्रम विभाग द्वारा पुनरीक्षित वेतन वृद्धि एक अप्रैल 2024 से 11 माह का एरियर भुगतान और दीपावली पर्व पर एक माह की बोनस राशि देने की मांग की है। कोमल सिंह ने बताया कि शासकीय अस्पतालों में 30 हजार से अधिक आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों को निजी आउटसोर्स एजेंसियां शासन द्वारा 60 से 70 प्रतिशत वेतन दिया जा रहा है।

### समर्थन मूल्य पर धान के लिए पंजीयन 10 तक

**भोपाल।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए किसान पंजीयन प्रक्रिया का निर्धारण कर दिया गया है। किसान 10 अक्टूबर तक पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन 15 सितम्बर से शुरू हो चुका है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने किसानों से आग्रह किया कि निर्धारित समय में पंजीयन करा लें, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो। उन्होंने बताया कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। प्रदेश में 1255 पंजीयन केन्द्र बनाए गए हैं।

---

## अधिकांश पेट्रोल पंपों पर दो पहिया वाहन चालकों को अब दिया जाने लगा बिना हेलमेट के पेट्रोल

# दो माह में हेलमेट के आदेश की हुई 'मौत'

### बाइक सवारों को बिना हेलमेट के ही पेट्रोल दिया जा रहा

### कुछ दिन तक सख्ती की गई, पर अधिकांश लोगों ने विरोध किया

हरिभूमि टीम ▶▶ भोपाल

हरिभूमि पड़ताल

राजधानी में बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं मिलेगा संबंधी आदेश कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने 30 जुलाई को जारी किया था, जो 29 सितंबर तक के लिए था। करीब दो माह तक इस आदेश का पालन कराने की जिम्मेदारी शहर में जिले में संचालित पेट्रोल पंपों को सौंपी थी। मगर 'बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं' संबंधी आदेश फिलहाल जिला प्रशासन द्वारा दोबारा जारी नहीं करने से शहर के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर अब बाइक सवारों को बिना हेलमेट के ही पेट्रोल दिया जाने लगा है। पंप डीलरों के अनुसार कुछ दिन तक सख्ती की गई, लेकिन लोगों ने इसका विरोध किया। बिना हेलमेट के पंप पर पहुंचकर जबरन तेल देने का दबाव बनाते हैं।

नोक-झोंक से बचने के लिए पंप कर्मी भी तेल दे देते हैं। फिर भी अधिकतर पंपों पर इसका सख्ती से पालन कराया जा रहा है। पंप डीलरों ने कहा कि पंप पर बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं देने की कवायद शुरू हुई, लेकिन प्रशासन खुद नियम का सख्ती से पालन कराने में फिसड्डी साबित हो रहा है। पंप डीलरों ने कहा कि जिला प्रशासन सड़कों पर तैनात पुलिस और यातायात पुलिस कर्मियों की नाकामी पंप संचालकों पर थोपी गई, पंप संचालकों से हेलमेट अनिवार्यता का पालन कराने की प्रतिबद्धता थोपना अनुचित है। पंप संचालकों का कहना है कि इस अभियान को सुचारू रूप से चलाने के लिए सख्त नियम बनाए। जिसके अंतर्गत अगर कोई बिना हेलमेट लगाए पेट्रोल पंप पर पहुंच जाता है, फ्यूल लेने के लिए पंप कर्मी से जबरदस्ती या बदसलूकी करता है तो चालान काटी जाएगी।



### पेट्रोल पंप मैनेजमेंट पर नहीं डाले जिम्मेदारी

कलेक्टर के पूर्व के आदेश बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं का आंशिक असर जरूर हुआ था। दो पहिया वाहन चालक कम से कम पेट्रोल पंप पर तो हेलमेट लगाकर के फ्यूलिंग करा थे। परंतु इस आदेश की वजह से आए दिन झगड़े होते रहते थे। कलेक्टर हेलमेट लगाने के जो भी नए आदेश जारी करें। उसकी जिम्मेदारी पेट्रोल पंप मैनेजमेंट पर नहीं डाले। जगह-जगह चेकिंग पॉइंट बनाकर बिना हेलमेट पहने वाहन चालक पर कार्रवाई की जाएं।

**समीर भार्गव संचालक**, जिओ बीपी पेट्रोल पंप, बैरसिया रोड

### पेट्रोल पंप संचालक नहीं, लोगों को कानून जागरुक कर सकता है

*हेलमेट पुलिस से बचने के लिए नहीं, स्वयं की जान बचाने के लिए होता है। इसके तहत नागरिकों को जागरुक करने के लिए कलेक्टर ने पंपों पर बगैर हेलमेट के पेट्रोल नहीं देने का आदेश दिया था। कुछ नागरिक कानून तोड़ने को अपना स्टेट्स सिंबल मान कर चलते हैं। ऐसे लोगों को कानून ही सुधार सकता है। सरकार कठोर नियम बनाएं। जैसे बाइक की जब्ती, ड्राइविंग लाइसेंस टर्मिनेशन, बीमा पॉलिसी में जुर्माना जैसे सख्त कदम उठाएं। ट्रैफिक पुलिस की जगह सीसीटीवी सर्विलांस से 100 फीसदी चालानी कार्रवाई होने लगे तो हर व्यक्ति ट्रैफिक नियमों का पालन करेगा।*

***अजय सिंह***
*अध्यक्ष, मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन*

## अधिकतर वाहन चालक हेलमेट लगाए नजर आए



राजधानी के कटारा हिल्स रोड स्थित पॉवर फ्यूल पेट्रोल पंप पर शाम करीब 5:30 बजे वाहन चालक पेट्रोल के लिए पहुंच रहे थे। इस दौरान अधिकतर वाहन चालक हेलमेट लगाए नजर आए। हालांकि कुछ वाहन चालक बिना हेलमेट के भी पहुंचे। जिन्हे हेलमेट की हिदायत के बाद पेट्रोल दे दिया गया। लोगों का कहना है कि प्रशासन की सख्ती के बाद अधिकतर लोग हेलमेट लगाकर ही पेट्रोल लेने पहुंच रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल को सकारात्मक बताया है।

### 70 फीसदी तक बढ़ोतरी

*हेलमेट को लेकर सख्ती के बाद हेलमेट लगाने वालों में 70 फीसदी तक बढ़ोतरी हुई है। लोगों ने हेलमेट खरीद लिए हैं। हालांकि कई बार पेट्रोल पंप पर हेलमेट जरूरी होने की बात पर वाहन चालकों से विवाद की स्थिति भी बनती है। यह एक बेहतर पहल है।*

***अशोक पटेल**, मैनेजर पॉवर फ्यूल, कटारा हिल्स*

### हेलमेट बहुत जरूरी है

*सुरक्षा के लिए हेलमेट बहुत जरूरी है। प्रशासन का यह निर्णय लोगों के लिए अच्छा है। सभी को नियम का पालन करना चाहिए। अधिकतर पेट्रोल पंप पर हेलमेट होने पर ही पेट्रोल दिया जा रहा है।*

***जय बतनानी**, वाहन चालक*

## अब अधिकांश वाहन चालक हेलमेट लगाकर ही पेट्रोल लेते हैं



शहर के पेट्रोल पंपों पर अब पेट्रोल लेने वालों में अधिकांश दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के पेट्रोल पंप पर नहीं पहुंच रहे हैं। शुरुआत में हुई सख्ती के बाद एक अक्टूबर को भले ही पेट्रोल लेने के लिए हेलमेट की अनिवार्यता खत्म कर दी गई हो, लेकिन अधिकांश वाहन चालकों को दो महीने में अब पेट्रोल लेते समय हेलमेट पहनने की आदत पड़ गई है। इसका ताजा उदाहरण बुधवार को देखने को मिला। शहर के श्रवणकांता पेट्रोल पंप पर शाम के समय 90 फीसदी से अधिक वाहन चालक हेमलेट में ही पेट्रोल लेते दिखे। यहां पेट्रोल पंप के मैनेजर योगेश कुमार के अनुसार अब अधिकांश लोग हेलमेट में ही आते हैं। नया आदेश जब लोगों को पता लगेगा, तब की स्थिति क्या होगी, अभी कहना जल्दबाजी होगा।

### मुझे एक बार वापस किया, तब से हेलमेट लगाता हूं



श्रवणकांता पेट्रोल पंप पर अपनी बाइक में पेट्रोल डलवाने वाले अस्मित लोधी ने बताया कि मैं करीब एक महीने पहले बिना हेलमेट के पंप पर गया तो पेट्रोल देने से मना कर दिया। मुझे वापस आना पड़ा, तब से ही मैंने हेलमेट खरीद लिया और अब तो हर दिन लगाता ही हूं। पेट्रोल नहीं भी लेना हो तो भी गाड़ी चलाते समय हेलमेट लगाता हूं।

**अस्मित लोधी,** वाहन चालक

### पहले जहां 50 फीसदी ही लगा रहे थे हेलमेट, चेकिंग के बाद 70 प्रतिशत वाहन चालक हेलमेट पहनने लगे

## कार्रवाई के बाद 20 फीसदी वाहन चालकों को लगी हेलमेट पहनने की आदत

यातायात पुलिस द्वारा दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करने की अनिवार्यता और जिला प्रशासन की ओर से हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं अभियान का राजधानी में खासा असर दिखाई दिया। दोनों अभियान के बाद राजधानी में 20 फीसदी लोगों को हेलमेट पहनने की आदत लग गई। पहले राजधानी की सड़कों पर 50 फीसदी वाहन चालक हेलमेट पहनकर वाहन चलाते नजर आते थे, लेकिन अब करीब 70 फीसदी लोग हेलमेट पहने नजर आ रहे हैं। ट्रैफिक के अधिकारियों के अनुसार इस तरह का अभियान आगे भी जारी रहेगा। जब तक शत-प्रतिशत लोग हेलमेट न पहनने लगे।

### चालकों में जागरुकता बढ़ी

*चेकिंग अभियान के बाद कितने फीसदी लोग हेलमेट पहनने लगे हैं। इसको लेकर अभी कोई रिपोर्ट तैयार नहीं की गई। जल्द ही ट्रैफिक पाइंट के सूबेदारों व जवानों से एक रिपोर्ट तैयार करने के लिए निर्देशित करते हैं। एक अनुमान के अनुसार पहले से 20 से 25 फीसदी लोगों में हेलमेट पहनने की आदत हो गई है। इसी तरह सीट बेल्ट लगाने वाले वाहन चालकों में जागरूकता बढ़ी है। ट्रैफिक पुलिस मुख्य मकसद सड़क हादसों में होने वाली मौत का आंकड़ा कम करना है। इसके लिए इस तरह के अभियान लगातार चलते रहेंगे।*

***बसंत कौल**, डीसीपी यातायात पुलिस*

---

### अफसरों के तबादले के बाद बदला कलेक्टर- कमिश्नर काफ्रेंस का पैटर्न

# कलेक्टरों को तीन मिनट में बताना होगा जिले के विकास का मॉडल, एसीएस-पीएस भी पेश करेंगे सरकार का विजन प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर राजधानी में 7 और 8 अक्टूबर को होने वाली कलेक्टर कमिश्नर कॉन्फ्रेंस का पैटर्न बदल दिया है। बदले हुए पैटर्न के मुताबिक अब मंत्रालय की अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिव कम बोलेंगे। बल्कि सभी कलेक्टरों को तीन-तीन मिनट में अपनी बात कहने का मौका मिलेगा। कलेक्टर गुड गवर्नेंस के लिए किया जा रहे नवाचार मुख्यमंत्री को बताएंगे। इस कांफ्रेंस के दो महीने बाद मुख्यमंत्री खुद से कलेक्टरों के कामकाज की समीक्षा करेंगे। कमजोर काम करने वाले कलेक्टर को चिन्हित कर उन्हें बदल जाएगा। कलेक्टर- कमिश्नर कांफ्रेंस के लिए पहले जो स्वरूप पर किया गया था।

उसमें दो दिन में कुल 8 सत्र होने थे। 7 अक्टूबर को सुबह 9 बजे उद्घाटन के बाद स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, ग्रामीण विकास और ट्राइबल में 75-75 मिनट और कानून व्यवस्था पर 180 मिनट का सत्र प्रस्तावित था। दूसरे दिन 8 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सत्र में नगरीय विकास, रोजगार, उद्योग और निवेश, कृषि और उससे जुड़े गुड गवर्नेंस पर 75-75 मिनट के सत्र प्रस्तावित थे। कॉन्फ्रेंस के बाद अफसर के कामकाज की डॉ. मोहन यादव द्वारा 2 महीने बाद फिर से समीक्षा की जाएगी। उनकी रैंकिंग होगी, जो क्रियान्वयन में कमजोर रहेंगे, उन्हें बदल जाएगा। अगले 2 महीने में किए जाने वाले कार्यों के लिए लक्ष्य भी तय किया जाएगा।

◆ *मुख्यमंत्री को गुड गवर्नेंस का नवाचार की जानकारी देंगे कलेक्टर, दो दिन के सत्र में ब्रेनस्ट्रॉमिंग और ग्रुप डिस्कसन भी करेंगे अफसर*

### आठ अफसरों को बनाया समन्वयक

*कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के उद्घाटन सत्र के समन्वयक अतिरिक्त मुख्य सचिव जीएडी संजय शुक्ला, स्वास्थ्य एवं पोषण सेक्टर के प्रमुख सचिव संदीप यादव, शिक्षा के लिए सचिव स्कूल शिक्षा संजय गोयल, ट्राइबल और महिला बाल विकास के मुद्दे पर अतिरिक्त मुख्य सचिव दीपाली रस्तोगी, कानून व्यवस्था पर अतिरिक्त मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला, शहरी विकास में अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय दुबे, निवेश प्रोत्साहन उद्योग रोजगार में प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह, कृषि के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल, गुड गवर्नेंस पर अतिरिक्त मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग संजय शुक्ला, समन्वयक बनाए गए हैं और उनके साथ दो से चार अफसर की टीम भी शामिल है। नवरात्रि पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में प्रमोट हुई चार महिला अधिकारियों को कलेक्टर बनाया है। उषा परमार, नीतू माथुर, जमुना भिड़े, अंजू पवन भदौरिया को जिले की कमान देते हुए कलेक्टर बनाया। खास बात यह है कि यह महिला आईएएस अफसर जो पहली बार जिलों की कलेक्टर बनी है। इन्हें कलेक्टर बनने के लिए केवल एक साल का ही मौका था। अब हालांकि यह कलेक्टर बन गई है।*

### कंक्लुजन, कमिटमेंट पर भी रहेगी सीनियर की नजर

हर सत्र के लिए एक घंटे 15 मिनट का समय तय किया गया है। अब जो विभाग वार समूह बनाए गए हैं, उनमें उसे समय केवल 20 मिनट का समय दिया गया है। इससे समूह से जुड़े हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और एचओडी अपनी प्राथमिकता विजन और रिव्यू करेंगे। हर कलेक्टर को 3 मिनट का समय दिया गया है। इसके लिए हर सेक्टर में 6 कलेक्टर तय किए गए हैं, जो अपनी बात रखेंगे। पहली बार कलेक्टर बनने वाले अफसर को मौका नहीं मिलेगा। 10 मिनट का सत्र कंक्लुजन, कमिटमेंट और आगे किस तरीके से काम होना है। इसमें मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव को बोलने के बाद अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव को 3 मिनट का समय मिलेगा। 7 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से कॉन्फ्रेंस शुरू होगी, शाम 6 बजे तक पांच सत्र होंगे। दूसरे दिन सुबह 10 से शाम 5.30 तक सत्र होंगे।

---

### पीड़िता की मां से कहा, कोर्ट में बयान दर्ज कराए तो जान से कर देगा खत्म

# सौतेली बेटी से दुष्कर्म करने वाले आरोपी ने तेजाब फेंकने की दी धमकी, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहजहांनाबाद पुलिस ने महिला की शिकायत पर दूसरे पति के खिलाफ तेजाब फेंक कर चेहरा बिगाड़ने और और हत्या करने की धमकी देने का प्रकरण दर्ज कराया है। आरोपी ने महिला की 12 साल की बेटी के साथ ज्यादती की है। वह जमानत पर छूटा है।

कोर्ट में बच्ची के बयान हो चुके हैं, जबकि उसकी मां के बयान होना शेष हैं। आरोपी धमकी दे रहा है कि कोर्ट जाकर बयान दर्ज कराए तो मां-बेटी के टुकड़े-टुकड़े कर देगा। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 30 साल की महिला ने बताया कि उसके दूसरे पति राजा (50) निवासी मॉडल ग्राउंड के पास शाहजहांनाबाद ने 21 सितंबर 2024 को उसकी 12 साल की बेटी के साथ दुष्कर्म किया था। पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत कोर्ट में केस चल रहा है। बच्ची के बयान हो चुके हैं, जबकि मां के बयान होना बाकी है। महिला ने बताया कि विगत 10 सितंबर की रात वह अपनी मां की दवाइयां लेकर घर जा रही थी। उसी दौरान पीछा कर रहे राजा ने सिंधी कॉलोनी सिग्नल के पास रोक लिया और कहा कि अगर बयान देने चली गई तो वो मेरे व मेरी बच्ची के टुकड़े-टुकड़े भी कर देगा।

## आरटीओ अमले ने 52 वाहनों की जांच की, 11 मिले नियम विरुद्ध

**भोपाल।** परिवहन आयुक्त के निर्देश पर आरटीओ अमले द्वारा चेकिंग अभियान जारी है। इसके तहत बुधवार को राजधानी के अलग-अलग क्षेत्रों में 52 वाहनों को चेक किया गया, जिनमें से बीमा, परमिट, ओवरलोड होने के कारण 11 वाहनों पर चालानी कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया गया। इनसे 92 हजार रुपए वसूल किए गए, साथ ही 2 मालवाहक परमिट प्रस्तुत न करने के वाहन जब्त किए गए।

### दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान सैर-सपाटा 3 दिन बंद

**भोपाल।** सैर-सपाटा 2 अक्टूबर से 4 अक्टूबर तक दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को दृष्टिगत रखते हुए तीन दिन के लिए बंद रखा जाएगा। पर्यटक एवं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए यह निर्णय लिया गया है। 5 अक्टूबर से सैर सपाटा नियमित रूप से पर्यटकों के लिए खुला रहेगा।

---

### भंडारे में समितियों ने सिंगल यूज प्लास्टिक का किया बहिस्कार

# सिद्धिदात्री की पूजा कर श्रद्धालुओं ने कन्या भोज व भंडारे किए, ज्वारे का किया विसर्जन

### बर्तन और दोना-पत्तल पर प्रसाद का वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में धूमधाम से बुधवार को महानवमी का पर्व मनाया गया और इसके साथ नवरात्र उत्सव का समापन भी हो गया।

शहर भर में दुर्गा मंदिर, झांकी में हवन किए गए। घरों में कन्याएं पूजी गई। नौ दिन बाद व्रतधारियों ने व्रत खोला और कई स्थानों पर ज्वारे का विसर्जन भी किया गया। ज्यादातर दुर्गा समितियों ने भंडारे का आयोजन किया। इस मौके कुछ समिति की ओर से भंडारे में सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार किया। समितियों ने बर्तन और दोना व पत्तल पर श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया।

नौ दिन बाद व्रतधारियों ने व्रत खोला



**ज्वारे के साथ ही माता की विदाई का सिलसिला शुरू**

नवमी के साथ ही माता की विदाई का सिलसिला शुरू हो गया। अनेक स्थानों से ज्वारों के चल समारोह निकले। ज्वारे काली घाट तलैया, खटलापुरा, शीतलदास की बगिया में विसर्जित किए गए।





### करुणाधाम में बड़ी अम्मा की दिव्य आरती

*करुणाधाम आश्रम में भक्तिभाव और आस्था के अद्भुत संगम के साथ बड़ी अम्मा पंचमुखी मां श्यामा काली की बुधवार को दिव्य आरती की गई। पीठाधीश्वर गुरुदेव सुदेश शाण्डिल्य और ममता शांडिल्य के साथ अनेक भक्तों ने मां की दिव्य आरती की। दिव्य आरती के बाद भव्य आतिशबाजी का आयोजन किया गया। मां को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग अर्पित किया गया।*



## शिवा रॉयल पार्क कॉलोनी में नवरात्रि पर्व एवं गरबा उत्सव

# गरबा नृत्य से मां की पूरे 9 दिन की मां की आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी की सलैया स्थित शिवा रॉयल पार्क कालोनी में बड़े ही धूमधाम से नवरात्रि पर्व का आयोजन किया गया। जहां पूरे नौ दिनों की मां की सुंदर मनभावन झांकी आकर्षण का केंद्र रही। वहीं शाम की बेला में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनभावन छटा ने कालोनी के रहवासियों का मन मोह लिया।

जिसके अंतर्गत एक ओर कालोनी की महिलाओं ने गरबा रास का आयोजन किया, तो वहीं दूसरी ओर शाम की बेला में रोजाना बच्चों की सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के आयोजन ने भी रहवासियों का भरपूर मनोरंजन किया। अष्टमी पर कालोनी के मंदिर परिसर में महा आरती का आयोजन किया गया इस अवसर पर कॉलोनी की नन्ही बालिकाओं ने देवी का रूप धारण करके मंदिर परिसर में प्रवेश किया एवं अंतिम दिन पुरस्कार वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया।



### कोलार गरबा ग्रुप गरबा महोत्सव का आयोजन

राधाकृष्ण गार्डन में कोलार गरबा ग्रुप द्वारा गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता की। आयोजित गरबा महोत्सव में ब्रज रास ग्रुप की अनीता अग्रवाल एवं सारिका अग्रवाल को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।



## सकलपर्णा समूह की 35 महिलाओं ने दुर्गा है मेरी मां थीम पर चित्रगुप्त भवन सभागार में मनाया गरबा उत्सव

सकलपर्णा समूह द्वारा चित्रगुप्त भवन सभागार में गरबा उत्सव मनाया गया, दुर्गा है मेरी मां थीम पर आयोजित इस गरबा उत्सव में बड़ी संख्या में ग्रुप की महिलाओं ने भाग लिया। जिसमें मुख्य अतिथि मप्र की प्रमुख महिला उद्यमी और समाज सेविका पूनम श्रीवास्तव रहीं। कार्यक्रम में दुर्गा है मेरी मां के जय घोष के साथ पहले देवी मां की उपासना की गई उसके बाद सब महिलाओं ने मिलकर गरबा नृत्य किया। सकलपर्णा परिवार की अध्यक्ष अनीता सक्सेना ने बताया कि हमारा समूह सभी आयोजन बड़ी धूमधाम से मनाजा है इसी क्रम में हमने इस गरबा महोत्सव का आयोजन किया जिसमें करीब 35 महिलाओं ने भाग लिया।



## खबर संक्षेप



### वनबंधु परिषद की कार्यकारिणी समिति की विशेष बैठक का आयोजन

**भोपाल।** वनबंधु परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष त्रिभुवन प्रसाद काबरा के प्रवास पर भोपाल चैप्टर द्वारा कार्यकारिणी समिति, महिला समिति एवं युवा समिति की संयुक्त विशेष बैठक का आयोजन किया गया। ओंकार ध्वनि के साथ बैठक प्रारंभ हुई। काबरा ने बताया कि वनबंधु परिषद एकल विद्यालय के माध्यम से वनवासी बच्चों की शिक्षा एवं ग्रामों के सर्वांगीण विकास के लिए के कार्य कर रही है। वर्तमान में संपूर्ण देश में 50 हजार से अधिक ग्रामों में एकल विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है।

### नाट्य निर्देशक बुलानी को मिलेगा अगनानी स्मृति रंगकर्म सम्मान

**भोपाल।** प्रख्यात रंगमंच निर्देशक अशोक बुलानी को सुंदर अगनानी रंगकर्म सम्मान से आगामी 4 अक्टूबर को भारत भवन में दो



दिवसीय राष्ट्रीय सिंधी नाटक समारोह के में सम्मानित किया जाएगा। बुलानी ने हिंदी और सिंधी नाटकों के साथ फिल्म बवंडर, शूल बैंडिट क्वीन जैसी फिल्मों में भी अभिनय किया है। अखिल भारत सिंधी बोली साहित्य सभा के दो दशक अध्यक्ष रहे लेखक स्व. सुंदर अगनानी की बुधवार को जयंती है। उनका जन्म 1 अक्टूबर 1933 को हुआ था। उनकी स्मृति में अगनानी परिवार ने सिंधी नाटकों का श्रेष्ठ निर्देशन करने वाले निर्देशक को सम्मानित किया जाता है। इस सम्मान से अब तकश्रीचंद माखीजा मुंबई (नुक्कड़ फेम) ड्रामा डायरेक्टर जूली तेजवानी, मुंबई को सम्मानित किया जा चुका है। बुलानी को इस वर्ष सुंदर अगनानी स्मृति राष्ट्रीय सिंधी नाटक निर्देशक सम्मान के लिए चुना गया है। अगनानी परिवार की ओर से सेवानिवृत्त आईएएस और वर्तमान में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से जुड़े डॉ. मनोहर अगनानी ने बताया कि अशोक बुलानी ने भारतीय स्टेट बैंक में राजभाषा अधिकारी और अन्य दायित्वों का निर्वहन किया।

## वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में राज्य स्तरीय वन्यप्राणी सप्ताह का शुभारंभ

# लेपर्ड, मगर, हाथी समेत सभी वन्य जीवों के संरक्षण में हमारा प्रदेश नंबर वनः सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वन विभाग बहुत जल्द प्रदेश में नर्मदा और तवा नदी में मगरमच्छ छोड़ने जा रहा है। सभी क्षेत्रों में वन्य जीवों के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। साथ ही उज्जैन और जबलपुर में नए चिड़ियाघर (जू) बनाए जा रहे हैं। लेपर्ड, मगरमच्छ, हाथी, घड़ियाल सहित सभी वन्य जीवों के संरक्षण में हमारा प्रदेश देश में नंबर-एक है। यह कहना है मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव का, जो कि बुधवार को वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में राज्य स्तरीय वन्यप्राणी सप्ताह का शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने 40 गोल्फ ई-कार्ट और सफारी व्हीकल्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के लिए नए पर्यटक वाहनों का लोकार्पण किया।








40 गोल्फ ई-कार्ट और सफारी व्हीकल्स को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### टाइगर रिजर्व के आसपास बनाए जाएंगे रेस्क्यू सेंटर

*मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र में 11 राष्ट्रीय उद्यान, 26 वन्यजीव अभ्यारण्य, 9 टाइगर रिजर्व और 1 कंजर्वेशन रिजर्व हैं। प्रदेश का लगभग 30 प्रतिशत क्षेत्र वन आच्छादित है। कार्यक्रम में डा. मोहन यादव ने कहा कि प्रतिवर्ष 27 लाख से अधिक भारतीय और विदेशी पर्यटक मप्र में वाइल्ड लाइफ का आनंद लेने आते हैं। सरकार का प्रयास है कि सभी टाइगर रिजर्व के आसपास रेस्क्यू सेंटर स्थापित किए जाएं, ताकि जंगल के आसपास यदि कोई जानवर घायल हो जाए तो उसका शीघ्र उपचार संभव हो सके। मध्यप्रदेश ऐसा राज्य है, जहां वन संपदा के साथ-साथ वन्यजीवों के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है।*

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव को नुद्रा शुक्ला ने भेंट किया भगवान श्रीकृष्ण का स्केच



*वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में राज्य स्तरीय वन्य जीव सप्ताह-2025 का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया। इस अवसर पर कक्षा तीसरी की छात्रा नुद्रा शुक्ला ने अपने हाथों से बनाया हुआ भगवान श्रीकृष्ण का पेंसिल स्कैच मुख्यमंत्री को भेंट किया। स्कैच में भगवान श्रीकृष्ण को गोमाता के साथ स्नेह करते हुए दर्शाया गया था। स्कैच पाकर मुख्यमंत्री ने नुद्रा की सराहना की और धन्यवाद दिया। शुरुआत में उन्होंने इस पर ऑटोग्राफ दिया, लेकिन जब नुद्रा ने कहा कि यह चित्र उनके लिए बनाया गया है, तो मुख्यमंत्री ने उसे सहर्ष स्वीकार करते हुए उसे आशीर्वाद दिया। वरिष्ठ संवाददाता की पुत्री नुद्रा ने बताया कि उसने मुख्यमंत्री के गो-प्रेम को टीवी पर देखा था, उसी प्रेरणा से उन्होंने यह चित्र बनाया।*

### दुष्यंत संग्रहालय में शांति- गया स्मृति सम्मान समारोह - 2025 सम्पन्न

## अपने आसपास और समाज की चिंता करना साहित्यकारों का दायित्व

*भोपाल। अपने समाज और आसपास की चिंता करना साहित्यकारों का विशेष दायित्व है,साहित्य कला और खेल हमें संवेदनशील बनाते हैं एक दूसरे के निकट लाते हैं। यह उदगार हैं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. उर्मिला शिरीष के जो शांति गया साहित्य कला एवं खेल संवर्धन समिति द्वारा दुष्यंत कुमार संग्रहालय में आयोजित सम्मान समारोह की अध्यक्षता करते हुए बोल रही थी।*

### सम्मान मिलने से बढ़ जाती है जिम्मेदारी

*इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए प्रसिद्ध रंगकर्मी और सिने अभिनेता राजीव वर्मा ने कहा कि सम्मान मिलने से लेखक और कलाकार की सामाजिक जिम्मेदारी बढ़ जाती है,सम्मान हमें अपने काम को और समर्पण भाव से प्रेरित करने का बोध करवाते हैं।*




### 'द गांधी विद इन' विषय पर होगा गांधी की आत्मकथा का सामूहिक पाठ

## विहान ड्रामा वर्क्स की साहित्यिक श्रृंखला पोएटिक्स का 13वां संस्करण आज

**भोपाल।** साहित्य और रंगकर्म के क्षेत्र में सक्रिय संस्था विहान ड्रामा वर्क्स द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित श्रृंखला पोएटिक्स का तेरहवां संस्करण आज गुरुवार को भोपाल में संपन्न होगा। इस संस्करण का शीर्षक है 'द गांधी विद इन', जिसके अंतर्गत महात्मा गांधी की आत्मकथा सत्य के प्रयोग का सामूहिक वाचन किया जाएगा। यह आयोजन महात्मा गांधी की जन्मतिथि पर उनको श्रद्धांजलि होगा।

पोएटिक्स विहान की एक सृजनात्मक पहल है, जो साहित्य, कविता और विचारशील संवाद को समर्पित है। संस्था के निर्देशक सौरभ अनंत के अनुसार यह श्रृंखला युवा और वरिष्ठ रचनाकारों को एक मंच पर लाकर न केवल काव्य और साहित्यिक सृजन को साझा करने का अवसर देती है, बल्कि सार्थक संवाद का अवसर भी उपलब्ध कराती है। अब तक के सभी संस्करणों को साहित्यिक समुदाय की सराहना मिली है। कार्यक्रम कल शाम 5 बजे से 8 बजे तक, आरुषि इंडिया, शिवाजी नगर, भोपाल में आयोजित किया जाएगा।

### नवरात्रि पर जगराते की धूम

## पत्थर के कृष्ण मुरारी पत्थर की राधा प्यारी...



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नवरात्रि पर्व अपने आखिरी पड़ाव पर है, समूचे भोपाल में नवरात्रि पर झांकियों और कालोनियों में जगराते हो रहे है जिनमें माता के सुमधुर भजन गूंज रहे है। राजधानी के कोलार रोड स्थित आईबीडी हॉलमार्क सिटी में भोपाल के प्रसिद्ध भजन गायक रवि खरे और उनके साथी कलाकार नीता कोरे, बेबी चीनी और पिंकी बाथम ने भजनों की प्रस्तुति से समा बांध दिया। हजारों की संख्या में उपस्थित भक्तों को रवि खरे का भजन पत्थर के कृष्ण मुरारी पत्थर की राधा प्यारी भजन बेहद पसंद आया।

### इन भजनों की भी प्रस्तुति

रात 9 से 1 बजे तक चले इस जगराते में रवि खरे ने चलो बुलावा आया है, अच्युतम केशवम, मां मुरादें पूरी कर दे, दुर्गा है मेरी मां, आदि भजनों की प्रस्तुति दी तो नीता कोरे ने राम आयेंगे और मीठे रस से गाकर महिला भक्तों को नाचने पर विवश कर दिया। बेबी चीनी ने मैया की चुनर और ओ मां गाकर सबको भाव विभोर किया तो पिंकी बाथम ने अंगना पधारो और खाटू श्याम के भजनों से सबको उल्लासित कर दिया।

### बम-बम भोले के जयकारों ने भरा भक्तों में जोश

उद्घोषक गुड्डू अग्रवाल ने बम बम भोले के उदघोष से भक्तों में जोश भर दिया। संगीतकारों में अजय दुबे, नवीन दीक्षित, बबलू शर्मा, अंकित गंगेले और विक्की भट्ट ने साथ निभाया।

## भोपाल की इंदिरा तिवारी की फिल्म 30वें बुसान फेस्टिवल में

**भोपाल।** भोपाल की इंदिरा तिवारी की फिल्म स्पाइंग स्टार 30वें बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के फर्स्ट एवर न्यू कंपटीशन सेक्शन में नॉमिनेट हुई है। इंदिरा का सफर किसी



इंस्पिरेशन से कम नहीं है। बचपन से ही कला की तरफ उनका लगाव और फिर प्रेसिडेंट अवार्ड से लेकर सिरियस मेन, गंगूबाई और बुसान के जरिए इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल तक का सफर हर एस्पायरिंग एक्टर के लिए प्रेरणा है। अब 2025 में उनकी फ़िल्म स्पाइंग स्टार 30वें बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के फर्स्ट एवर न्यू कंपटीशन सेक्शन में नॉमिनेट हुई है। इस उपलब्धि से इंदिरा ने शहर ही नहीं बल्कि प्रदेश का नाम भी रोशन किया है।

### भोपाल स्टेशन पर स्वच्छता एवं जन जागरुकता अभियान




## आईएचएम के 250 स्टूडेंट ने फर्श की गहरी सफाई करने के साथ ही बैठने की जगह की भी साफ की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

होटल प्रबंधन संस्थान, आईएचएम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बुधवार को भोपाल रेलवे स्टेशन पर एक विशेष स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

जिसमें संस्थान के लगभग 250 छात्र एवं शिक्षकगण ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छता, सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों और शिक्षकों की टीमों ने स्टेशन परिसर के विभिन्न हिस्सों की व्यापक सफाई की। फर्श की गहरी सफाई, बैठने की जगहों की धूल हटाना, जाले साफ करना और सामान्य स्वच्छता कार्य पूरे समर्पण के साथ किए गए।

### जोएल के एक्ट पर मलाइका ने दी चौंकाने वाली प्रतिक्रिया

## इंडियाज गॉट टैलेंट 4 अक्टूबर से सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंडियाज़ गॉट टैलेंट का नया सीजन एक के बाद एक अजब टैलेंट पेश कर रहा है, लेकिन इस बार हैरानी सिर्फ दर्शकों के लिए नहीं, जजों के लिए भी है। युवा जगलर जोएल ने अपने साहसी ब्लाइंडफोल्ड एक्ट से सबको रोमांचित कर दिया और मलाइका अरोड़ा को भी मंच पर बुला लिया। जोएल को इससे पहले नवजोत सिंह सिद्धू ने 'सच्चा परफ़ॉर्मर' भी कहा था।



### वह जानलेवा हो सकता था....

*एक्ट खत्म होते ही आमतौर पर शांत रहने वाली मलाइका ने कहा, जो उसने किया वह जानलेवा हो सकता था। मलाइका के इस अनापेक्षित ट्विस्ट दे डाला, जिससे सेट पर हंसी का माहौल बन गया। इंडियाज गॉट टैलेंट का प्रीमियर 4 अक्टूबर से रात 9:30 बजे, हर शनिवार और रविवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न और सोनी लिव पर होगा।*

### गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर 'पहली तारीख' में कला, कविता का संगम के साथ रेखाचित्र प्रदर्शनी

## सोशल मीडिया के प्रभाव की वजह से हम अपने मौलिक चिंतन से होते जा रहे हैं दूर...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर 'पहली तारीख' का 18वां आयोजन हर बार की तरह गांधी भवन, एकता परिषद में हुआ। इस बार का आयोजन कला, कविता और संवाद का अनूठा संगम साबित हुआ। जिसमें प्रसिद्ध कलाकार विक्रम नायक की रेखाचित्र प्रदर्शनी ने गांधीजी की दृष्टि से आज के समाज की सोच को दिखाने का प्रयास किया। अपने चित्रों और संवाद अहिंसा और कला के माध्यम से उन्होंने यह सवाल उठाया कि किस तरह सोशल मीडिया हमारे विचारों को प्रभावित करता है और हम अपने मौलिक चिंतन से दूर होते जा रहे हैं। दर्शकों ने उनके चित्रों में आज के परिदृश्य और गांधीजी की विचारधारा के बीच गहरी कड़ी को महसूस किया।



### कविताएं चिट्ठी, ईश्वर का दुख की प्रस्तुत

*इस अवसर पर कवि लोकेश मालती प्रकाश ने अपनी कविताएं चिट्ठी, ईश्वर का दुख, क्या हमें माफ कर सकोगी जामलो मकदम, अकेला नहीं है पेड़ और कई अन्य रचनाएं प्रस्तुत कीं। उनकी कविताओं ने श्रोताओं को गहराई से छुआ और समाज तथा मनुष्य की संवेदनाओं पर नए दृष्टिकोण दिए। पहली तारीख का यह आयोजन एक बार फिर कलाकारों और कला-प्रेमियों के बीच संवाद और सहभागिता का मंच बना। गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर हुआ यह कार्यक्रम कला, कविता और विचार का यादगार मेल साबित हुआ।*



## खबर संक्षेप

### पटेल रिटेल ने 46वां स्टोर खोला



**मुंबई।** पटेल रिटेल लिमिटेड ने कल्याण में अपने 46वें स्टोर पटेल्स आर मार्ट के उद्घाटन की घोषणा की। यह स्टोर योगी धाम क्षेत्र में स्थित है और कंपनी का कल्याण में सातवां स्टोर है, जो इस क्षेत्र के सबसे तेजी से बढ़ते उपनगर बाजारों में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करता है। इस स्टोर के जुड़ने से पटेल रिटेल का मुंबई महानगर क्षेत्र में रिटेल नेटवर्क और मजबूत हुआ है।

### सैमसंग ने की 'गो सेव टुडे' कैंपेन की घोषणा

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने बीस्पोक एआई एयर कंडीशनर्स पर गो सेव टुडे कैंपेन की घोषणा की है। इसमें ग्राहकों को इस त्योहारी सीजन में 21 हजार रुपए तक की बचत करने का मौका मिलेगा। 'गो सेव टुडे' कैंपेन को तीन प्रमुख स्तंभों पर बनाया गया है जीएसटी में कटौती, वारंटी के बेहतर लाभ और बिजली की बचत और यह इस फेस्टिव सीजन में ग्राहकों को बेजोड़ मूल्य देता है। गो सेव टुडे कैम्पेन के तहत, ग्राहकों को प्रीमियम बीस्पोक एआई एयर कंडीशनर्स की खरीद पर विशेष 5-5-50 ऑफर मिलेगा।

### लैंक्सेस को मिले तीन प्रतिष्ठित सम्मान

**नई दिल्ली।** लैंक्सेस इंडिया को इंडियन केमिकल काउंसिल की ओर से तीन प्रतिष्ठित सम्मान मिले हैं। इनमें झगड़िया साइट के लिए स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए आईसीसी विनती ऑर्गेनिक्स अवॉर्ड, और रेस्पॉन्सिबल केयर के तहत सिक्योरिटी कोड तथा प्रोडक्ट सेफ़्टी और स्ट्यूवर्डशिप कोड अनुपालन के लिए दो आईसीसी–एप्सिलॉन कार्बन मेरिट सर्टिफिकेट्स शामिल हैं। ये सम्मान लैंक्सेस की सुरक्षा, सतत विकास और प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

### बिट्स के मयंक ने जीता स्पेस फॉर गुड इंडिया चैलेंज

**नई दिल्ली।** बिट्स पिलानी के मयंक गोलेछा को वायासैटः स्पेस फॉर गुड 2025 पहल के अपने भारतीय संस्करण का विजेता घोषित किया है। यह पहल विद्यार्थियों के लिए स्टेम नवप्रवर्तन की एक ऐतिहासिक चुनौती है। निरमा युनिवर्सिटी की भूमि रैयानी और आईआईटी कानपुर के अरुणतेजा जारुपुला इस अत्यधिक प्रतिस्पर्धी चुनौती में उप विजेता रहे। बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, पिलानी के मयंक गोलेछा ने 'मैग्नोसैट' नाम की अवधारणा पेश की।

### सैमसंग फैब ऑफर्स के साथ लाया एआई का जादू

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने इस त्योहारी सीजन में उपभोक्ताओं के लिए शुरू हो रहे अपने सबसे बड़े शॉपिंग इवेंट फैब ग्रैब फेस्ट में आकर्षक कीमतों पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की शक्ति का अनुभव करने के लिए आमंत्रित किया है। सैमसंग के एआई-पावर्ड टीवी, रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, स्मार्टफोन, मॉनिटर, साउंड डिवाइस और अन्य उत्पादों के व्यापक पोर्टफोलियो पर विशेष फेस्टिव ऑफर्स के साथ, फैब ग्रैब फेस्ट उपभोक्ताओं के लिए सैमसंग के इंटेलिजेंट इकोसिस्टम में अपग्रेड करने का सबसे बेहतरीन अवसर है।

### बोधि ट्री ने अमित खान से हाथ मिलाया

**मुंबई।** बोधि ट्री मल्टीमीडिया लिमिटेड ने प्रसिद्ध उपन्यासकार अमित खान द्वारा स्थापित क्रिएटिव वेंचर अमित खान कंटेंट हब (एकेसीएच) के साथ एक सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कंपनी ने समेकित कुल आय 89.76 करोड़, एबिटडा 9.67 करोड़ और शुद्ध लाभ 4.92 करोड़ की रिपोर्ट दी थी। यह साझेदारी टेलीविजन और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रीमियम कंटेंट का संयुक्त रूप से विकास और उत्पादन करेगी।

---

ईएफटीए और भारत के बीच हुआ यह समझौता नई संभावनाओं का द्वार खोल रहा

# '100 अरब डॉलर निवेश...', स्विस अधिकारी बोले भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए 'बूस्टर' होगा समझौता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और यूरोप के चार देशों के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता अब लागू हो गया है। इस ऐतिहासिक समझौते से आने वाले वर्षों में भारत को 100 अरब डॉलर का निवेश मिलने की उम्मीद है। स्विट्जरलैंड की स्टेट सेक्रेटरी फॉर इकोनॉमिक अफेयर्स हेलेन बुडलीगर ने कहा कि यह समझौता दोनों तरफ के रिश्तों को नए आयाम देगा और भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा बूस्टर साबित होगा।

यह समझौता ऐसे समय में लागू हुआ है जब अमेरिका और भारत के बीच व्यापारिक रिश्ते तनावपूर्ण दौर से गुजर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में रूस से तेल आयात करने पर भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया, जिसमें 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क शामिल है। इस बीच ईएफटीए और भारत के बीच हुआ यह समझौता नई संभावनाओं का द्वार खोल रहा है। ईएफटीए में स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड और लिकटेंस्टाइन शामिल हैं। इस समझौते के तहत भारत से निर्यात होने वाले 92.2 प्रतिशत उत्पाद श्रेणियों पर शुल्क घटाने का प्रावधान है। मार्च 2024 में हुए इस करार में यह भी तय किया गया कि चारों देश अगले 15 वर्षों में भारत में 100 अरब डॉलर का निवेश करेंगे। यह निवेश तकनीक, विनिर्माण, टेक्सटाइल, चमड़ा और खाद्य उत्पादों के क्षेत्र में केंद्रित होगा। स्विस अधिकारी बुडलीगर ने कहाकि यह समझौता बिल्कुल सही समय पर हुआ है।

भारत और ईएफटीए के बीच यह करार हमारी पुरानी साझेदारी को नई मजबूती देगा



### भारत की आर्थिक क्षमता पर भरोसा

बुडलीगर ने भारत की आर्थिक विकास क्षमता पर भरोसा जताया। उन्होंने केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के '30-30-30 फार्मूले' का उल्लेख किया, जिसमें कहा गया है कि अगले 30 वर्षों में भारत 30 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा और औसत उम्र 30 साल बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि इस क्षमता को देखकर यूरोपीय निवेशकों का भरोसा और मजबूत हुआ है।

### निवेश और व्यापारिक साझेदारी

बुडलीगर ने उम्मीद जताई कि 15 वर्षों के भीतर 100 अरब डॉलर का निवेश लक्ष्य हासिल हो जाएगा। उनके साथ आई 40 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भारत में निवेश की ठोस योजनाएं प्रस्तुत कीं। उन्होंने कहा कि इसके लिए निवेश माहौल और ढांचे को बेहतर बनाने की आवश्यकता होगी। वर्तमान में भारत में 330 से अधिक स्विस कंपनियां इंजीनियरिंग, केमिकल्स, फार्मा और प्रिसीजन इंस्ट्रूमेंट्स जैसे क्षेत्रों में सक्रिय हैं, जबकि भारतीय कंपनियां आईटी और मशीनरी क्षेत्र में स्विट्जरलैंड में मौजूद हैं। इस समझौते के बाद भारत-स्विट्जरलैंड रिश्तों में भी मजबूती आने की संभावना है। दोनों देशों ने कौशल विकास, नवाचार साझेदारी और निवेश को गति देने के लिए तंत्र विकसित करने पर सहमति जताई है। जून 2025 में वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल की स्विट्जरलैंड यात्रा ने भी इस दिशा में ठोस कदम बढ़ाए थे।

---

19वें ग्लोबल कम्यूनिकेशन कॉन्क्लेव में सम्मानित

# एनएमडीसी ने गोवा में15वें पीआरसीआई एक्सीलेंस अवॉर्ड 2025 में 15 पुरस्कार जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हैदराबाद

भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी को कॉर्पोरेट उत्कृष्टता, समावेशी नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी में अपने उत्कृष्ट योगदान के लिए पब्लिक रिलेशंस काउंसिल ऑफ इंडिया (पीआरसीआई) द्वारा गोवा में आयोजित 19वें ग्लोबल कम्यूनिकेशन कॉन्क्लेव में सम्मानित किया गया।

इस दो दिवसीय कार्यक्रम में गोवा के राज्यपाल पी. अशोक गजपति राजू, केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक और गोवा विधान सभा के अध्यक्ष गणेश गांवकर सहित विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों ने पुरस्कार प्रदान किए। एनएमडीसी की ओर से पी. जयप्रकाश, महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन) ने कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन टीम के साथ ये सम्मान प्राप्त किया। एनएमडीसी नेतृत्व के लिए चार चाणक्य पुरस्कार-प्रतिष्ठित चाणक्य पुरस्कार 2025 की




16वीं श्रृंखला के अंतर्गत एनएमडीसी ने पीआरसीआई के चार सर्वोच्च सम्मान प्राप्त किए इनमें अमिताभ मुखर्जी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को प्रशासन एवं सुशासन अवॉर्ड, श्रीमती प्रियदर्शिनी गद्दम, निदेशक (कार्मिक) को समावेशी नेतृत्व अवॉर्ड, पीजयप्रकाश, महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन) को जनसंपर्क के लिए एमआर अशोक कुमार मेमोरियल अवॉर्ड और चे. श्रीनिवास राव को पीआर प्रोफेशनल अवॉर्ड ऑफ द इयर प्रदान किया गया। एनएमडीसी ने चैंपियन ऑफ चैंपियंस अवार्ड भी जीता, जो उद्योग बेंचमार्क स्थापित करने में अनुकरणीय भूमिका के लिए प्रदान किया जाता है । कुल मिलाकर एनएमडीसी के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए कंपनी ने 15 अवॉर्ड और तीन सांत्वना पुरस्कार जीते। इसके अतिरिक्त, एनएमडीसी को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त हुए, जिनमें वेबसाइट और माइक्रोसाइट, सामुदायिक प्रभाव संचार, कॉर्पोरेट फिल्म, कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन में उत्कृष्टता, स्थिरता और पर्यावरणीय संचार, हेल्थकेयर कम्यूनिकेशन फिल्म, हाउस जर्नल, वार्षिक रिपोर्ट, कॉर्पोरेट ब्रोशर, सर्वश्रेष्ठ पीआर अभियान, चाइल्डकेयर के लिए सीएसआर परियोजना, कला, संस्कृति और खेल अभियान, और हेल्थकेयर कम्यूनिकेशन फिल्म श्रेणियां शामिल हैं। कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन टीम को बधाई देते हुए, एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अमिताभ मुखर्जी ने कहाकि एनएमडीसी की छवि और प्रतिष्ठा के लिए जिम्मेदार टीम ने पुनः अपनी उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया है।

---

### भारतीय ऊर्जा क्षेत्र में हाइड्रोजन की भूमिका उल्लेखनीय रूप से विस्तार लेगी

**नई दिल्ली।** हाइड्रोजन के क्षेत्र में भारत खुद को वैश्विक नेता के तौर पर स्थापित करने की स्थिति में है। ऐसे में इस देश की उभरती हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था को आकार देने के लिए नीति निर्माता, उद्योगपति और निवेशकवल्ड हाइड्रोजन इंडिया समिट के उद्घाटन समारोह में एकत्रित हुए। एसएंडपी ग्लोबल कमोडिटी इनसाइट के विशेषज्ञों ने यह बात रेखांकित की कि कैसे वैश्विक एवं भारतीय ऊर्जा क्षेत्र में हाइड्रोजन की भूमिका उल्लेखनीय रूप से विस्तार लेगी जिसमें भारत घरेलू स्तर पर इसका उपयोग बढ़ाते हुए एक किफायती प्रतिस्पर्धी वैश्विक आपूर्तिकर्ता के तौर पर उभरने की अनूठी स्थिति में है। नवीन एवं अक्षय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद वेंकटेश जोशी ने भारत का राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशनः नीति, प्रोत्साहन और वर्ष 2030 तक5 एमएमटी तक पहुंचने का मार्ग विषय पर एक वर्चुअल मुख्य भाषण दिया।

---

## रिलायंस डिजिटल का फेस्टिवल ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स ऑफर ज्यादा से ज्यादा बचत

Reliance digital
PERSONALISING TECHNOLOGY

हरिभूमि ▶▶ न्यूज.मुंबई

रिलायंस डिजिटल अपने' फेस्टिवल ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स' सेल में कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और बिल्कुल नई टेक्नोलॉजी पर बेजोड़ ऑफर्स और छूट के साथ इस साल के फेस्टिव सीज़न की शानदार शुरुआत कर रही है,

जिससे ग्राहकों को मिलेगा एकदम सही मुहूर्त फॉर सेलीब्रेसन 25 अक्टूबर 2025 तक ग्राहक सभी रिलायंस डिजिटल, माय जियो स्टोर्स और जियो मार्ट डिजिटल स्टोर्स और ऑनलाइन www.reliancedigital.in पर सभी उपयुक्त प्रोडक्ट्स पर जीएसटी कम हुई कीमतों और लीडिंग बैंक कार्ड्स पर '15 हजार तक इंस्टंट डिस्काउंट का फायदा उठा सकते हैं। ग्राहक पेपर फाइनान्स का विकल्प चुनकर 30 हजार रुपए तक के कैशबैक का भी फायदा उठा सकते हैं, जिससे बड़े से बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स को खरीदना और अपने घर की शोभा बढ़ाना पहले से कहीं ज़्यादा आसान हो जाएगा। रिलायंस डिजिटल के फेस्टिवल ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ, इलेक्ट्रॉनिक अप्लायंसेस, बिल्कुल नई टेक्नोलॉजी और इस सीज़न का जश्न मनाने के लिए जरूरी हर चीज़ में निवेश करने का इससे बेहतर समय नहीं हो सकता।

---

पवन ऊर्जा क्षेत्र का तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 29 से

# विंडर्जी इंडिया देगा सातवें संस्करण में नवकरणीय ऊर्जा के भविष्य को आकार

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

भारत के पवन ऊर्जा क्षेत्र का एकमात्र अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला और सम्मेलन विंडर्जी इंडिया 2025 का सातवां संस्करण 29 से 31 अक्तूबर तक चेन्नई ट्रेड सेंटर में आयोजित होने जा रहा है।

भारत पवन ऊर्जा उत्पादन में तेज़ी से प्रगति कर रहा है और यह आयोजन नवीकरणीय ऊर्जा के भविष्य को आकार देने, जुडने और सहयोग करने का एक अनूठा अवसर लेकर आ रहा है। विंडर्जी इंडिया 2025 एक प्रमुख बिजनेस-टू-बिजनेस मंच है, जो नीति निर्माताओं, नियामक प्राधिकरणों, अंतरराष्ट्रीय एवं घरेलू समाधान प्रदाताओं और वैश्विक उद्योग नेताओं को एक साथ जोड़ता है। इस बार यह आयोजन और भी भव्य होगा, जिसमें 20 से अधिक देशों के प्रदर्शक भाग लेंगे और 15,000 से अधिक आगंतुकों की उपस्थिति की उम्मीद है। डेनमार्क, जर्मनी और स्पेन जैसे प्रमुख पवन ऊर्जा राष्ट्रों के पैवेलियन इस आयोजन की महत्ता को और बढ़ाएँगे। उद्घाटन सत्र की शोभा केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी और केंद्रीय राज्य मंत्री (नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा) श्रीपाद येस्सो नाईक बढ़ाएंगे। इस व्यापार मेले में 350 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शक शामिल होंगे और उच्चस्तरीय पैनल चर्चाएं और राउंडटेबल सत्र भी आयोजित होंगे।

**ऊर्जा आत्मनिर्भरता और नेट जीरो की राहः** पवन ऊर्जा की रणनीतिक भूमिका के विषय पर आयोजित होगा। इसके बाद उच्च स्तरीय सरकारी नीति एवं विनियामक पैनल 2030 तक 100 गीगावॉट पवन ऊर्जा क्षमता प्राप्त करने के मार्ग पर चर्चा करेगा।

#### पवन ऊर्जा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण

हम ऊर्जा संक्रमण के एक नए युग के मुहाने पर खड़े हैं। तकनीकी नवाचार और पैमाने की अर्थव्यवस्था ने नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को अधिक प्रतिस्पर्धी बना दिया है, और इसमें पवन ऊर्जा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**गिरीश तांती अध्यक्ष**, इंडियन विंड टरबाइन मैन्युफैक्चर्स

#### स्वदेशी नवाचार का भरोसा आगे बढ़ा रहा

भारत विश्व का सबसे तेजी से बढ़ता नवीकरणीय ऊर्जा बाजार है। आत्मनिर्भरता की इस यात्रा को साहसिक नीतियां, रणनीतिक साझेदारियां और स्वदेशी नवाचार का भरोसा आगे बढ़ा रहा है।

**आदित्य प्यासी** मुख्य कार्यकारी अधिकारी, इंडियन विंड टरबाइन मैन्युफैक्चर्स एसोसिएशन

---

सरकार से घरेलू नोटबुक उद्योग को बचाने के लिए की हस्तक्षेप की मांग

# जीरो कस्टम ड्यूटी भारतीय नोटबुक उद्योग के लिए होगी विनाशकारी साबित

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ऑल इंडिया नोटबुक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री और भारत सरकार का जीएसटी 2.0 सुधारों के तहत कर प्रणाली को सरल बनाने और आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने के लिए उठाए गए साहसिक कदमों के लिए आभार जताया है।

लेकिन एसोसिएशन ने वाणिज्य मंत्री पियूष गोयल तथा जीएसटी परिषद को पत्र भेजकर नोटबुक की कीमतों में जीएसटी घटाने और कच्चे माल पर जीएसटी बढ़ाने के मुद्दे को लेकर इस समस्या के तत्काल समाधान की अपील की है। एसोसिएशन ने पहले भी सीबीआईसी प्रमुख संजय कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में फाइनेंस भवन, नई दिल्ली में सुश्री तन्वी सोनी को एक ज्ञापन भी सौंप चुका है। ऑल इंडिया नोटबुक मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने भारत सरकार से अपील की है कि जीएसटी परिवर्तन के मद्देनजर पेपर मिलों की मूल्य निर्धारण नीतियों की जांच करें। नोटबुक के आयात पर प्रतिबंध लगाया जाए, क्योंकि देश में पर्याप्त उत्पादन क्षमता मौजूद है। एशियन देशों से आयातित नोटबुक, अभ्यास पुस्तकों पर एंटी-डंपिंग ड्यूटी लगाई जाए। जीरो फीसदी जीएसटी की जगह एक नाममात्र (न्यूनतम) जीएसटी दर को लागू करने पर विचार किया जाए, जिससे इनपुट टैक्स क्रेडिट का असंतुलन समाप्त किया जा सके। एसोसिएशन भारत सरकार का ध्यान इस गंभीर स्थिति की ओर आकर्षित करते हुए घरेलू नोटबुक उद्योग को बचाने के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग करती है।

---

## बिजनेस न्यूज

### कॅरियर कॉलेज में बौद्धिक संपदा पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन



**भोपाल।** कॅरियर कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग और बौद्धिक संपदा अधिकार प्रकोष्ठ ने नवाचार को बनाए रखने के लिए बौद्धिक संपदा का व्यावसायीकरण विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा प्रायोजित और रसायन विज्ञान शिक्षक संघ, टीआईएफआर मुंबई द्वारा समर्थित था। इस मौके पर विशेषज्ञ वक्ता के रुप में डॉ. अजय कुमार चौबे, डॉ. संदीप सिंघई और डॉ. कुमारी लिपि ने बौद्धिक संपदा के मूल सिद्धांतों और विभिन्न प्रकार के बौद्धिक संपदा अधिकारों जैसे पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, डिज़ाइन और भौगोलिक संकेत पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा की, साथ ही आवेदन दाखिल करने के लिए व्यावहारिक मार्गदर्शन भी दिया। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. संजीत कोनार, वरिष्ठ वैज्ञानिक, आईआईएसईआर भोपाल ने नवाचार के भविष्य को आकार देने में बौद्धिक संपदा अधिकार के महत्व पर प्रकाश डाला। समापन सत्र अवसर पर विशेष अतिथि के तौर पर आरएस गोस्वामी, निदेशक एआईएम एवं अध्यक्ष एफएमएफएफपीआई, और डॉ. लिपि कुमारी मौजूद रही।

### आईईएस यूनिवर्सिटी में चार दिवसीय राष्ट्रीय बाइक एवं कार रेस का शुभारंभ




**भोपाल।** आईईएस यूनिवर्सिटी में हिंदुस्तान मोटर्स के तत्वाधान में 4 दिवसीय राष्ट्रीय बाइक एवं कार रेस का भव्य शुभारंभ आईईएस कैंपस में किया गया। आईईएस यूनिवर्सिटी में आयोजित इस प्रतियोगिता में देश के सभी कोनों से छात्रों की टीम ने हिस्सा लिया जिसमे छात्रों द्वारा ही ई-बाइक एवं कार को डिजाइन किया। आईईएस यूनिवर्सिटी में आयोजित कार रेस में आईआईटी, एनआईटी सहित देश के कई प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी एवं कॉलेज जिनमें आईईएस यूनिवर्सिटी, आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नॉलजी सहित वीआईटी, भोपाल, आरजीपीवी भोपाल, जीएलए यूनिवर्सिटी यूपी, पंजाब यूनिवर्सिटी, डॉ. डीवाय पाटिल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, पुणे, वेल्लोरे इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, चेन्नई, आदि 11 स्टेट की 35 प्लस टीम से 2000 से आधिक प्रतिभागीयों ने हिस्सा लिया एवं अपने जौहर दिखाए। प्रतियोगिता का शुभारंभ आशुतोष कुमार सिंह, फाउंडर डायरेक्टर, आईआईआईटी, भोपाल मुख्य आतिथि एवं देवांश सिंह, सीईओ, आईईएस यूनिवर्सिटी द्वारा किया गया। उन्होंने सर्वप्रथम फ्लैग होस्ट कर प्रतियोगिता का आरंभ किया। आशुतोष कुमार सिंह ने कहाकि युवाओं से सशक्त भारत के लिए नवाचार करने का आग्रह किया।

### यूनियन बैंक से मिला ऑयस्टर रिन्यूएबल को 1,844 करोड़ का ऋण

**भोपाल।** ऑयस्टर रिन्यूएबल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड की सहायक कंपनी, ऑयस्टर ग्रीन हाइब्रिड थ्री प्राइवेट लिमिटेड ने मध्यप्रदेश में अपनी 342 मेगावाट की विशाल सौर-पवन हाइब्रिड विद्युत परियोजना के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त कर ली है। कंपनी ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से लगभग 20 साल की अवधि के लिए रुपए 1,844 करोड़ का परियोजना ऋण हासिल किया है, जो राज्य में किसी हाइब्रिड नवीकरणीय परियोजना के लिए अबतककेसबसे बड़े डेट वित्तपोषण में से एक है। ऑयस्टर रिन्यूएबल एनर्जी के प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ भाटिया ने यह परियोजना भारत में चौबीसों घंटे ऊर्जा के भविष्य को प्रदर्शित करती है। ऐसी विश्वसनीय हरित ऊर्जा जो राष्ट्रीय जलवायु लक्ष्यों को आगे बढ़ाते हुए औद्योगिक विकास को बढ़ावा देती है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का समर्थन हाइब्रिड रिन्यूएबल समाधानों की क्रियान्वयन क्षमता और बैंकिंग क्षमता में विश्वास को उजागर करता है।

### स्कूलों में हेल्थ एंड हाइजीन प्रोग्राम का सफल समापन



**भोपाल।** हेल्थ एंड हाइजीन प्रोग्राम के दूसरे चरण का सफल समापन अवसर पर झाबुआ जिले के पांच सरकारी स्कूलों में 2,475 छात्रों को शामिल करते हुए। इस पहल से आदिवासी बच्चों के स्वास्थ्य संकेतकों में 42 फीसदी से 75फीसदी तक उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया। कार्यक्रम में नियमित रक्त परीक्षण, चिकित्सकीय जांच और सुधारात्मक उपायों को लागू किया गया। इस परियोजना के माध्यम से टाइम्स एम्प्लॉय इंडिया फाउंडेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और जनजातीय कार्य विभाग, झाबुआ ने सिकल-सेल एनीमिया, एनीमिया और कुपोषण जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को लक्ष्य बनाकर कार्य किया। साथ ही छात्रों को स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता से जुड़ी व्यवहारिक जानकारी दी गई। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मुख्य महाप्रबंधक रमन मलिक ने कहाकि बीपीसीएल का उद्देश्य केवल व्यवसाय तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक विकास को भी आगे बढ़ाना है। झाबुआ में इस कार्यक्रम की सफलता हमें और बड़े स्तर पर इस तरह की पहलों को आगे ले जाने की प्रेरणा देती है।

### न्यूगो ने वर्ल्ड ड्राइवर्स-डे पर महिला ड्राइवरों को दी नई भूमिका



**मुंबई।** ग्रीनसेल मोबिलिटी द्वारा प्रस्तुत भारत की अग्रणी इंटरसिटी इलेक्ट्रिक बस ब्रांड न्यूगो ने वर्ल्ड ड्राइवर्स डे पर उन ड्राइवरों का सम्मान किया, जो देश के मोबिलिटी सेक्टर की रीढ़ हैं। इस वर्ष न्यूगो ने विशेष रूप से उन महिला कोच कैप्टन्स (ड्राइवरों) पर प्रकाश डाला है, जो बाधाओं को पार करते हुए समावेशी और सुविधाजनक परिवहन के भविष्य की दिशा तय कर रही हैं। न्यूगो उन पहले इंटरसिटी बस ऑपरेटरों में से है, जिन्होंने प्रीमियम इलेक्ट्रिक कोचों के लिए महिला ड्राइवरों की नियुक्ति की है। ये महिलाएं पुरुष-प्रधान उद्योग में नई मिसाल कायम कर रही हैं और साबित कर रही हैं कि महिलाएं उन भूमिकाओं में भी अग्रणी हो सकती हैं, जिन्हें परंपरागत रूप से पुरुषों का क्षेत्र माना जाता था। कंपनी महिला कोच कैप्टंस को सक्षम बनाकर दिल्ली के प्रमुख मार्गों पर प्रीमियम इलेक्ट्रिक बसें चलाने का अवसर दे रही है। इसके लिए उन्हें इलेक्ट्रिकल व्हीकल्स से संबंधित विशेष प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और यात्री सेवा कौशल प्रदान किए जाते हैं। साथ ही, न्यूगो यह सुनिश्चित करता है कि उनका कार्यस्थल सम्मानजनक, आधुनिक सुविधाओं से युक्त और समान अवसरों वाला हो।

### अमेजन ने ग्राहकों को दिया 100 करोड़ रुपए से अधिक का जीएसटी लाभ

**नई दिल्ली।** अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के तहत, ग्रेट सेविंग्स सेलिब्रेशन जीएसटी बचत उत्सव स्टोरफ्रंट ने विक्रेताओं को उपकरणों, फैशन, रोजमर्रा की जरूरतों और अन्य श्रेणियों में ग्राहकों को कुल 100 करोड़ रुपए से अधिक की जीएसटी बचत मिला। इस शॉपिंग फेस्टिवल ने अमेजन की पहुंच और डिलीवरी की रफ्तार भी दर्शाई। जहां पहले 24 घंटों में किए गए 40 फीसदी ग्राहक ऑर्डर पूरे देश में उसी दिन या अगले दिन डिलीवर कर दिए गए। सिर्फ तीन दिनों के भीतर ही भारत के 100 फीसदी सेवा योग्य पिन कोड से ग्राहकों ने अमेजन इन पर ऑर्डर दिए, जिससे त्यौहार की खुशियां पूरे भारत के घर-घर तक पहुंच गईं। अमेजन इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट सौरभ श्रीवास्तव ने कहाकि विक्रेताओं को सहयोग देने और उन्हें सरकारी सुधारों के अनुरूप बनाए रखने की हमारी प्रतिबद्धता के तहत हमने 22 सितंबर से नई जीएसटी दरों पर सुगम बदलाव सुनिश्चित किया।

**अमेजन-पे ने लांच किया पेमेंट्स का ए टू जेड :** अमेजन-पे ने आज एक बदला हुआ पेमेंट इंटरफेस पेश किया है जो सभी पेमेंट मोड्स को एक जगह लाता है। यूपीआई, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, अमेजन पे बैलेंस और अमेज़न पे लेटर और सभी पेमेंट ज़रूरतों के लिए अंतिम डेस्टिनेशन बन जाता है। नए फीचर्स में पर्सनलाइज़्ड रिवॉर्ड्स शामिल हैं जो हर ट्रांजैक्शन पर अधिकतम वैल्यू दिलाते हैं और एक यूनिफाइड डैशबोर्ड है जिससे सभी बिल और सब्सक्रिप्शन को रिमाइंडर्स और ऑटो-पे ऑप्शंस के साथ एक जगह मैनेज किया जा सकता है। अमेज़न पे के सीईओ विकास बंसल ने कहाकि पेमेंट्स का ए टू जेड' के साथ, अमेज़न पे ही एकमात्र पेमेंट ऐप है जिसकी आपको ज़रूरत है, जो आपके रोजमर्रा के आदर्श साथी में बदल जाता है. हमने शॉपिंग, बिल पेमेंट्स, स्कैन एंड पे, ट्रैवल बुकिंग्स और पर्सनलाइज़्ड रिवॉर्ड्स को एक शक्तिशाली इंटरफ़ेस में एकीकृत किया है।

**मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**
**कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-1, भदभदा रोड, भोपाल**
**क्र./1493/तशा/प.यं./2025** **दिनांक : 29.09.2025**

**प्रेस विज्ञप्ति**

इस कार्यालय द्वारा गुना एवं भोपाल जिले में निर्माण/रेनोवेशन/मरम्मत/वाटर प्रूफिंग कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रमांक 2025_MPPHC_455132_1, 2025_MPPHC_455133_1, 2025_MPPHC_455134_1, 2025_MPPHC_455135_1, **दिनांक 14.10.2025 समय सायं 17:00 बजे तक** खरीदी जा सकती है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/122354/2025 **परियोजना यंत्री**

## चिंतन

# अमीर-गरीब की खाई को कम करना बहुत जरूरी

इसमें कतई दोराय नहीं है कि भारत आर्थिक विषमतापूर्ण देश है। भारत के लोगों में अपनी आय, उपभोग क्षमता और संपत्ति को असलियत से कम बताए जाने की सोच रही है। अमीरी और गरीबी के बीच खाई यहां कोई नई बात नहीं है। यह व्यवस्था सदियों से चली आ रही है। जब राजतंत्र हुआ करता था तो कुछ विशेष वर्ग के लोग थे, जो धनी हुआ करते थे। जो संपूर्ण समाज का महज दस प्रतिशत थे, वही सभी लोगों पर नियत्रंण रखते थे, लेकिन अब हम राजतंत्र नहीं लोकतंत्र में पहुंच गए हैं और अमीर-गरीब की खाई कम होने की बजाए लगातार बढ़ रही है। जो गंभीर चिंता का विषय है। धन का वितरण अत्यधिक असमान हो रहा है। इस खाई के मुख्य कारणों में नीतियों का ठीक से लागू न होना, कोरोना जैसी आपदाओं का असमान प्रभाव, तकनीकी प्रगति का लाभ उच्च वर्ग तक सीमित रहना और सामाजिक-आर्थिक संरचनाएं शामिल हैं। वर्तमान आर्थिक परिदृश्य में भी अधिकतम लाभ उसी छोटे से तबके के हिस्से में ही जा रहा है जो पहले से ही अमीर है। अमीर की अमीरी लगातार बढ़ती जा रही है और गरीब और गरीब हो रहा है, यह कहना तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। नब्बे के दशक में देश में हुए आर्थिक सुधारों के बाद बड़ी आबादी गरीबी रेखा से बाहर आ आई है। पिछले तीन दशकों के भीतर देश में प्रति व्यक्ति आय में भी तेजी से वृद्धि हुई है। वर्ल्ड बैंक के आंकड़ों के अनुसार 1991 में जहां देश में प्रति व्यक्ति जीडीपी 301 डॉलर थी, वहीं 2021 में यह बढ़कर 2,277 हो गई। यूनाइटेड नेशन्स डेवलपमेंट प्रोग्राम के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2005-06 से 2015-16 के दौरान भारत में 27.1 करोड़ लोग अत्यंत गरीब वर्ग से बाहर निकलने में सफल रहे। यह सब आंकड़े सही हैं, साथ में यह भी सही है कि भारत में करोड़पतियों की संख्या में भी तेजी से इजाफा हुआ है। वर्ष 2021 में आयकर भरने वाले 131,000 ने स्वयं को करोड़पति घोषित किया था। 2020 तक करोड़पतियों की संख्या 125,000 थी। वर्ष 2026 तक देश में करोड़पतियों की संख्या दोगुनी हो जाने की उम्मीद है। इसके अलावा ऐसे नागरिकों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है जिनकी वार्षिक आय 10 लाख से एक करोड़ के बीच रही। वित्त वर्ष 2021 में ऐसे आयकर दाताओं की संख्या 73 लाख थी जो 2022 में बढ़कर 77 लाख हो गई। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार देश के किसानों की आय में भी वृद्धि हुई है। बड़ी जोत वाले किसानों की वार्षिक आय में जहां 2 फीसदी की वृद्धि हुई है, वहीं छोटे किसानों की आय में 10 फीसद की वृद्धि हुई है। एक अक्टूबर को एम3एम हुरुन रिच लिस्ट 2025 जारी की है। इस बार लिस्ट में 1,687 व्यक्तियों को शामिल किया गया। सभी अमीरों की कुल नेटवर्थ 167 लाख करोड़ रुपये है, जो भारत की जीडीपी का लगभग आधा है। ये हालात लोकतंत्र के लिए कतई सही नहीं हैं। जहां सबको समान अधिकार हैं तो धन वितरण में इतना अंतर क्यों। सरकार को इस स्थिति को सुधारने के लिए कल्याणकारी योजनाओं पर अधिक खर्च करना होगा, रोजगार के अवसर बढ़ाने होंगे और ग्रामीण-शहरी असमानता को कम करने का प्रयास करना होगा। छोटे और मध्यम उद्योगों को इंस्पेक्टर राज से मुक्ति दिलाने और उन्हें सुचारू रूप से चलने के लिए आवश्यक सुविधाएं देने पर भी इस असमानता को कम किया जा सकता है। सरकार को ऐसी नीतियां बनानी होंगी जो धन के वितरण को अधिक समान बनाएं और सभी वर्गों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करें तभी इस खाई को पाटा जा सकेगा।

# राष्ट्र साधना के 100 वर्ष



**शताब्दी वर्ष पर विशेष**
नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

100 वर्ष पूर्व विजयदशमी के महापर्व पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना हुई थी। ये हजारों वर्षों से चली आ रही उस परंपरा का पुनर्स्थापन था, जिसमें राष्ट्र चेतना समय-समय पर उस युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए,नए नए अवतारों में प्रकट होती है। इस युग में संघ उसी अनादि राष्ट्र चेतना का पुण्य अवतार है। ये हमारी पीढ़ी के स्वयंसेवकों का सौभाग्य है कि हमें संघ के शताब्दी वर्ष जैसा महान अवसर देखने मिल रहा है। मैं इस अवसर पर राष्ट्रसेवा के संकल्प को समर्पित कोटि-कोटि स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देता हूं। मैं संघ के संस्थापक, हम सभी के आदर्श परम पूज्य डॉक्टर हेडगेवार जी के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

संघ की 100 वर्षों की इस गौरवमयी यात्रा की स्मृति में भारत सरकार ने विशेष डाक टिकट और स्मृति सिक्के भी जारी किए हैं।

जिस तरह विशाल नदियों के किनारे मानव सभ्यताएं पनपती हैं, उसी तरह संघ के किनारे भी सैकड़ों जीवन पुष्पित-पल्लवित हुए हैं। जैसे एक नदी जिन रास्तों से बहती हैं, उन क्षेत्रों को अपने जल से समृद्ध करती हैं, वैसे ही संघ ने इस देश के हर क्षेत्र, समाज के हर आयाम को स्पर्श किया है। जिस तरह एक नदी कई धाराओं में ख़ुद को प्रकट करती है, संघ की यात्रा भी ऐसी ही है। संघ के अलग-अलग संगठन भी जीवन के हर पक्ष से जुड़कर राष्ट्र की सेवा करते हैं। शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, आदिवासी कल्याण,महिला सशक्तिकरण, समाज जीवन के ऐसे कई क्षेत्रों में संघ निरंतर कार्य करता रहा है। विविध क्षेत्र में काम करने वाले हर संगठन का उद्देश्य एक ही है, भाव एक ही है....राष्ट्र प्रथम।

अपने गठन के बाद से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र निर्माण का विराट उद्देश्य लेकर चला। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए संघ ने व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण रास्ता चुना और इस चलने के लिए जो कार्यपद्धति चुनी वो थी नित्य-नियमित चलने वाली शाखाएं। संघ शाखा का मैदान, एक ऐसी प्रेरणा भूमि है, जहां से स्वयंसेवक की अहम् से वयं की यात्रा शुरू होती है। संघ की शाखाएं व्यक्ति निर्माण की यज्ञवेदी हैं।

राष्ट्र निर्माण का महान उद्देश्य, व्यक्ति निर्माण का स्पष्ट पथ और शाखा जैसी सरल, जीवंत कार्यपद्धति यही संघ की सौ वर्षों की यात्रा का आधार बने। इन्हीं स्तंभों पर खड़े होकर संघ ने लाखों स्वयंसेवकों को गढ़ा, जो विभिन्न क्षेत्रों में देश को आगे बढ़ा रहे हैं।

संघ जब से अस्तित्व में आया संघ के लिए देश की प्राथमिकता ही उसकी अपनी प्राथमिकता रही। आज़ादी की लड़ाई के समय परम पूज्य डॉक्टर हेडगेवार जी समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लिया, डॉक्टर साहब कई बार जेल तक गए। आजादी की लड़ाई में कितने ही स्वतन्त्रता सेनानियों को संघ संरक्षण देता रहा। उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करता रहा। आजादी के बाद भी संघ निरंतर राष्ट्र साधना में लगा रहा। इस यात्रा में संघ के खिलाफ साजिशें भी हुईं, संघ को कुचलने का प्रयास भी हुआ। ऋषितुल्य परम पूज्य गुरु जी को झूठे केस में फंसाया गया। लेकिन संघ के स्वयंसेवकों ने कभी कटुता को स्थान नहीं दिया। क्योंकि वो जानते है, हम समाज से अलग नहीं हैं, समाज हमसे ही तो बना है। समाज के साथ एकात्मता और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति आस्था ने संघ के स्वयंसेवकों को हर संकट में स्थित प्रज्ञ रखा है। समाज के प्रति संवेदनशील बनाए रखा है। प्रारंभ से संघ राष्ट्रभक्ति और सेवा का पर्याय रहा है। जब विभाजन की पीड़ा ने लाखों परिवारों को बेघर कर दिया, तब स्वयंसेवकों ने शरणार्थियों की सेवा की। हर आपदा में संघ के स्वयंसेवक अपने सीमित संसाधनों के साथ सबसे आगे खड़े रहते रहे। यह केवल राहत नहीं थी, यह राष्ट्र की आत्मा को संबल देने का कार्य था। खुद कष्ट उठाकर दूसरों के दुख हरना...ये हर स्वयंसेवक की पहचान है। आज भी प्राकृतिक आपदा में हर जगह स्वयंसेवक सबसे पहले पहुंचने वालों में से एक रहते हैं। अपनी 100 वर्षों की इस यात्रा में, संघ ने समाज के अलग-अलग वर्गों में आत्मबोध जगाया



स्वाभिमान जगाया। संघ देश के उन क्षेत्रों में भी कार्य करता रहा है..जो दुर्गम हैं जहां पहुंचना सबसे कठिन है। समाज में सदियों से घर कर चुकी जो बीमारियां हैं, जो ऊंच-नीच की भावना है, जो कुप्रथाएं हैं, ये हिंदू समाज की बहुत बड़ी चुनौती रही हैं। ये एक ऐसी गंभीर चिंता है, जिस पर संघ लगातार काम करता रहा है। डॉक्टर साहब से लेकर आज तक, संघ की हर महान विभूति ने, हर सर-संघचालक ने भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। परम पूज्य गुरु जी ने निरंतर 'न हिन्दू पतितो भवेत' की भावना को आगे बढ़ाया। पूज्य बाला साहब देवरस जी कहते थे- छुआछूत अगर पाप नहीं, तो दुनिया में कोई पाप नहीं! सरसंघचालक रहते हुए पूज्य रज्जू भैया जी और पूज्य सुदर्शन जी ने भी इसी भावना को आगे बढ़ाया। वर्तमान सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी ने भी समरसता के लिए समाज के सामने एक कुआं, एक मंदिर और एक श्मशान का स्पष्ट लक्ष्य रखा है।

जब 100 साल पहले संघ अस्तित्व में आया था तो उस समय की आवश्यकताएं, उस समय के संघर्ष कुछ और थे। लेकिन आज 100 वर्षों बाद जब भारत विकसित होने की तरफ बढ़ रहा है तब आज के समय की चुनौतियां अलग हैं, संघर्ष अलग हैं। दूसरे देशों पर आर्थिक निर्भरता, हमारी एकता को तोड़ने की साजिशें, डेमोग्राफी में बदलाव के षड़यंत्र, हमारी सरकार इन चुनौतियों से तेजी से निपट रही है। मुझे ये खुशी है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी इन चुनौतियों से निपटने के लिए ठोस रोडमैप भी बनाया है।

संघ के पंच परिवर्तन, स्व बोध, सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, नागरिक शिष्टाचार और पर्यावरण ये संकल्प हर स्वयंसेवक के लिए देश के समक्ष उपस्थित चुनौतियों को परास्त करने की बहुत बड़ी प्रेरणा हैं। स्व बोध की भावना का उद्देश्य गुलामी की मानसिकता से मुक्त होकर अपनी विरासत पर गर्व और स्वदेशी के मूल संकल्प को आगे बढ़ाना है। सामाजिक समरसता के जरिए वंचित को वरीयता देकर सामाजिक न्याय की स्थापना का प्रण है।

आज हमारी सामाजिक समरसता को घुसपैठियों के कारण डेमोग्राफी में आ रहे बदलाव से भी बड़ी चुनौती मिल रही है। देश ने भी इससे निपटने के लिए डेमोग्राफी मिशन की घोषणा की है। हमें कुटुम्ब प्रबोधन यानी परिवार संस्कृति और मूल्यों को भी मजबूत बनाना है। नागरिक शिष्टाचार के जरिए नागरिक कर्तव्य का बोध हर देशवासी में भरना है। इन सबके साथ अपने पर्यावरण की रक्षा करते हुए आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित करना है। अपने इन संकल्पों को लेकर संघ अब अगली शताब्दी की यात्रा शुरू कर रहा है। 2047 के विकसित भारत में संघ का हर योगदान, देश की ऊर्जा बढ़ाएगा, देश को प्रेरित करेगा। पुनः प्रत्येक स्वयंसेवक को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## संघ शताब्दी
विष्णु दत्त शर्मा



# स्वत्व का अमर प्रवाह संघ भारत की आत्मा का स्पंदन

देश में संगठन और आंदोलन आते-जाते रहे हैं। कुछ समय के साथ क्षीण तो कुछ परिस्थितियों की आंधियों में बह गए और कुछ अपने मूल ध्येय को भूलकर अस्तित्वहीन हो गए। परंतु विश्व के संगठनात्मक इतिहास में शायद ही ऐसा कोई उदाहरण मिलता हो,जिसने न केवल सौ वर्षों की यात्रा की हो, बल्कि अनेक बार प्रतिबंधों, आलोचनाओं और वैचारिक हमलों के बावजूद अपने मूल ध्येय पर अडिग रहते हुए निरंतर विकास किया हो। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इसी अनूठे उदाहरण के रूप में आज शताब्दी वर्ष मना रहा है। संघ के साथ हमेशा अदृश्य चुनौतियां भी रही है। तीन बार प्रतिबंध भी लगाया गया। किंतु, इतिहास साक्षी है कि प्रत्येक अवरोध के बाद संघ पहले से अधिक समर्थ व ऊर्जावान होकर उभरा। यह उसकी संगठनात्मक दृढ़ता और वैचारिक स्पष्टता का प्रमाण है। संघ-यात्रा केवल इस संगठन की ही नहीं, बल्कि भारत की आत्मा, हिन्दुत्व और सनातन संस्कृति की स्वाभाविक सहयात्रा भी है।

अपनी ध्येय यात्रा में संघ ने सदा ही संवाद और समरसता का मार्ग अपनाया। समरस भावना और आचरण से विरोधी धारणाओं को भी समय के साथ समाप्त किया। आज देशव्यापी शाखाओं में सामाजिक समरसता का प्रत्यक्ष अनुभव किया जाता है। संघ ने सदैव इस बात पर बल दिया कि राष्ट्रीय एकता केवल नारों से नहीं, बल्कि जीवन के आचरण और परस्पर व्यवहार से स्थापित होती है। इस दृष्टि से संघ का कार्य सनातन संस्कृति की गहरी परंपराओं से जुड़ा हुआ है। वह विभेद मिटाकर सभी को एक सूत्र में बांधने की दिशा में प्रयत्नशील रहा है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि आज भारत के कोने-कोने में लाखों स्वयं सेवक संघ के माध्यम से समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में जुटे हैं। राष्ट्रीय एकता और जनमत निर्माण में संघ का कार्य अनुकरणीय है। यह केवल शाखा या संगठनात्मक गतिविधियों तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे भारत को एक सूत्र में बांधने का ध्येय रखता है। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन इसका प्रमुख उदाहरण है। दशकों तक बहसें और संघर्ष चलते रहे, पर संघ ने धैर्यपूर्वक देश का जनमत तैयार किया। अंततः अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण केवल धार्मिक उपलब्धि नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना, आत्मगौरव, स्वत्व और जनभावना की विजय बना। यही संघ की विशेषता है कि वह सामाजिक व वैचारिक स्तर पर स्थायी और गहरा असर डालने वाले मुद्दों पर धैर्यपूर्वक आगे बढ़ता है। वास्तव में इसकी कार्यपद्धति अद्वितीय है। स्थापना काल से ही संघ ने सदैव यह स्पष्ट किया कि राष्ट्र निर्माण का वास्तविक मार्ग व्यक्ति निर्माण से होकर ही जाता है। यही कारण है कि संघ से निकले स्वयंसेवक राजनीति, शिक्षा, साहित्य, विज्ञान, समाजसेवा और उद्योग हर क्षेत्र में अपनी छाप छोड़ रहे हैं। यद्यपि संघ प्रत्यक्ष राजनीति से दूर रहता है, परंतु संघ की प्रेरणा से राजनीति में भी एक नई संस्कृति का प्रवाह हुआ। दीनदयाल उपाध्याय से लेकर नरेंद्र मोदी तक, ऐसे अनेक नेता सामने आए जिन्होंने राजनीति को केवल सत्ता प्राप्ति का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा का मार्ग माना। आज जब राजनीति में स्वार्थ और अवसरवाद के आरोप आम हो चुके हैं, तब संघ की यह बड़ी देन है कि राजनीति में सुचिता, समर्पण और राष्ट्र सर्वोपरि की धारा निरंतर बह रही है। आज भी संघ ही वह संगठन है जिसका कार्यकर्ता किसी सत्ता की आकांक्षा से प्रेरित नहीं होता, बल्कि वह अपने जीवन को समाज और राष्ट्र के लिए खपा देने की प्रेरणा पाता है। संघ से निकले असंख्य आत्मविश्वासी, अनुशासित और राष्ट्रनिष्ठ स्वयंसेवक समाज के विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान कर रहे हैं। वस्तुतः संघ ने अपने सौ वर्षों में समाज को संगठित करने की साधना की है। संघ का आशय केवल किसी संस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि वह संगठन शक्ति का जीवंत प्रतीक है। अकेला व्यक्ति चाहे कितना ही सक्षम क्यों न हो, जब समाज संगठित होता है, तब असंभव भी संभव हो जाता है। संघ कार्य का संदेश है कि संगठित शक्ति ही वास्तविक वैभव दिखाती है और वही राष्ट्र को सही दिशा देती है। संघ की एक और विशेषता है, नवाचार और युगानुकूलता को आत्मसात करना। इसकी शताब्दी यात्रा केवल परंपराओं के पुनरावर्तन तक सीमित नहीं रही है। हर युग में संघ ने युगानुकूल परिवर्तन को अंगीकार किया है। स्थापना काल से लेकर वर्तमान सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी के नेतृत्व तक संगठन ने अनेक नवाचार और आवश्यक बदलाव किए हैं। श्रद्धेय भागवत जी ने बौद्धिक जगत को नई दृष्टि दी, सामाजिक समरसता को केंद्र में रखा और यहां तक कि विश्व की धारणा बदलने का प्रयास भी किया।

(लेखक मध्य प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा सदस्य हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## रामजी का युद्ध सत्ता के लिए नहीं सत्य की स्थापना के लिए था

# दशहरा : समरस समाज, सशक्त संगठन से सफलता के संदेश का महापर्व



रमेश शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

दशहरा केवल त्यौहार या मनोरंजन का उत्सव नहीं है। यह समाज जीवन में उच्चतम आदर्श स्थापना के संकल्प का पर्व है। दशहरे के माध्यम से कुशल नेतृत्व, सशक्त सामाजिक संगठन सात्विक मूल्यों की स्थापना और सत्य के आधार पर राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया गया है यह त्यौहार मनाने के तरीके और घोष वाक्य 'असत्य पर सत्य की विजय' से बहुत स्पष्ट है। दशहरा महापर्व अश्विन माह शुक्लपक्ष की दशमीं को आता है। इससे पहले नौ दिन नवरात्र में शक्ति की उपासना और दसवें दिन अर्थात दशहरे को शक्ति पूजा से पर्व का समापन।

इस पर्व के दो नाम हैं। एक दशहरा और दूसरा विजय दशमी। पूरे भारत में मनाए जाने वाले इस पर्व के विभिन्न प्रदेशों में अलग अलग नाम हैं। कहीं कहीं तो मनाने के तरीके भी भिन्न हैं पर सबमें एक बात समान है। वह है शक्ति पूजा की प्रमुखता। दशहरा पर्व के महत्व भी दोनों हैं। धार्मिक भी और सांस्कृतिक महत्व भी। नवरात्रि आयोजन के तरीके भी अलग-अलग प्रांतों में अलग हैं। उत्तर और मध्य भारत में नौ दिन मां दुर्गा की झाकियां सजाई जातीं हैं और रामलीला होती है। पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड,ओडिशा, असम में पूरे नौ दिन दुर्गा पूजा होती है इन प्रांतों में रामलीला का चलन कम है।

दक्षिण भारत में सबसे प्रसिद्ध दशहरा कर्नाटक में मनाया जाता है। 'मैसूर दशहरा' के रूप में यह भारत के बाहर भी प्रसिद्ध है। विदेशी पर्यटक भी इस दिन यह दशहरा देखने आते हैं। यहां रामजी की रथयात्रा और शोभा यात्रा बहुत प्रसिद्ध है। नवरात्र में गुजरात का गरबा और डांडिया नृत्य भी दुनियाभर में प्रसिद्ध है। अब तो गुजरात की तर्ज पर गरबा और दांडिया देश भर में आयोजित होने लगा। उत्सव मनाने में विविधता होनै के बावजूद इस उत्सव का आदर्श वाक्य असत्य पर सत्य की विजय सभी प्रदेशों में समान रूप से बोला जाता है। इसे बोलने की भाषा स्थानीय होती है। इस महापर्व की महत्ता को हम दोनों प्रकार से समझ सकते हैं। पुराण कथाओं से भी और इसे मनाने के तरीके से भी। जिस प्रकार उत्सव के दो नाम दशहरा और विजयदशमीं दो नाम हैं उसी प्रकार पुराणों में इससे संबंधित कथाएं भी दो हैं। ये दोनों कथाएं महासंग्राम की पृष्ठभूमि हैं। एक सर्वाधिक प्रचलित और लोकप्रिय कथा भगवान राम और रावण के बीच हुये महायुद्ध की है। यह युद्ध नौ दिन चला था और दसवें दिन रामजी को विजय मिली थी। दूसरी कथा है माता शक्ति भवानी और महिषासुर के बीच हुये महासंग्राम की है। यह महासंग्राम भी नौ दिन चला और दसवें दिन महिषासुर का अंत हुआ। इन दोनों कथानकों का मूल एक ही है। रावण का राज्य पर आधारित था।

## सटाका




## आज की पाती


### दशहरे पर आत्ममंथन की जरूरत

हर साल जब दशहरे की शाम को रावण के विशाल पुतले धू-धू कर जलते हैं, तो दर्शकों की आंखों में उत्सव का रोमांच दिखाई देता है। पटाखों की गड़गड़ाहट, आतिशबाज़ी की चमक और भीड़ का शोर इस पर्व को एक रंगीन उत्सव में बदल देता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या इस पूरे आयोजन का संदेश- बुराई पर अच्छाई की जीत- हमारे जीवन और समाज में कहीं उतर पाता है? आज दशहरा एक मनोरंजन का ट्रेंड बनकर रह गया है। लोग पुतले जलाते हैं, फोटो और वीडियो बनाते हैं, सोशल मीडिया पर साझा करते हैं। लेकिन यह सोचने का समय शायद ही निकालते हैं कि यह रावण दहन केवल परंपरा निभाने के लिए नहीं, बल्कि हमें आत्ममंथन और सामाजिक सुधार का अवसर देने के लिए शुरू हुआ था।

*-मकरन्द जोशी, बिलासपुर*

## करंट अफेयर


# चीन ताइवान की स्वतंत्रता का कड़ा विरोध करेगा : शी



चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग का कहना है कि चीन ''ताइवान की स्वतंत्रता'' को लेकर अलगाववादी गतिविधियों और बाहरी हस्तक्षेप का कड़ा विरोध करेगा और राष्ट्रीय संप्रभुता तथा क्षेत्रीय अखंडता की दृढ़ता से रक्षा करेगा। शी चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की केंद्रीय समिति के महासचिव और केंद्रीय सैन्य आयोग के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना की 76वीं वर्षगांठ मनाने के लिए बीजिंग के ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में मंगलवार को आयोजित एक स्वागत समारोह में यह टिप्पणी की। शी ने कहा, 'ताइवान जलडमरूमध्य में आदान-प्रदान और सहयोग को गहरा करने, 'ताइवान की स्वतंत्रता' की अलगाववादी गतिविधियों और बाहरी हस्तक्षेप का कड़ा विरोध करने और राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की दृढ़ता से रक्षा करने के पुरजोर प्रयास किए जाने चाहिए।'इससे पहले, शी, सत्तारूढ़ चीनी कम्युनिस्ट पार्टी और राज्य के अन्य नेताओं के साथ, मध्य बीजिंग के तियानमेन चौक पर एक समारोह में शामिल हुए। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय दिवस से एक दिन पहले, शहीद दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। बुधवार से, चीन आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय दिवस मनाने के लिए एक सप्ताह का अवकाश मनाएगा।

## ऑफ बीट

# मकड़ियों से जितना आप डरते हैं, वह आपसे डरती है



जोरो मकड़ी में मृत होने का नाटक करने की प्रवृत्ति होती है। वैज्ञानिकों के बीच इस चाल को थानाटोसिस के नाम से जाना जाता है। मकड़ियों के लिए किसी संभावित खतरे की प्रतिक्रिया में ऐसा करना आम बात है। मकड़ियों की दस प्रजातियों के 2023 के एक अध्ययन में पाया गया कि अधिकांश मकड़ियाँ हवा के कुछ तेज़ झोंकों की प्रतिक्रिया में लगभग एक मिनट के लिए जड़ हो जाती हैं। जोरो मकड़ियाँ एक घंटे से अधिक समय तक निश्चल पड़ी रहीं। यह शिकारियों या संभावित साथियों, जैसे नरभक्षी पिसौरा मिराबिलिस (यूरोपीय नर्सरी वेब स्पाइडर) मादाओं द्वारा खाए जाने की संभावना को कम कर देता है। इसकी कीमत उड़ने वाले कीड़े के रूप में एक दावत से चूकने जैसी हो सकती है। लेकिन मृत होने का नाटक करना संभवतः सक्रिय रक्षात्मक रणनीतियों की तुलना में शिकारी से सुरक्षित रहने का अधिक ऊर्जा कुशल तरीका है। उदाहरण के लिए, फोल्कस सेलर मकड़ियाँ अपने जालों में इधर-उधर घूमकर शिकारियों को भ्रमित करने और उन्हें रोकने की कोशिश में कहीं अधिक ऊर्जा खर्च करती हैं। मकड़ियों द्वारा उपयोग की जाने वाली आक्रामक प्रतिक्रियाओं में अन्य जानवरों को डराने के लिए अपने पैर उठाना और अपने नुकीले दांतों को हिलाना शामिल है।

## ट्रेंड

### संघ के अतुलनीय कार्य



संघ ने सेवा भारती से लेकर वनवासी कल्याण आश्रम जैसे अपने अलग-अलग संगठनों के माध्यम से दुर्गम से दुर्गम क्षेत्रों में भी अतुलनीय कार्य किए हैं। हमारे आदिवासी भाई-बहनों के सशक्तिकरण में इसने अहम भूमिका निभाई है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### कर्मचारियों को उपहार



विजयादशमी से पहले केंद्रीय कर्मचारियों और उनके परिवारजनों को बड़ा उपहार दिया है। आज केंद्रीय कैबिनेट ने महँगाई भत्ता और महँगाई राहत में 3% अतिरिक्त बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। इस फैसले से करीब 49.19 लाख केंद्रीय कर्मचारी और 68.72 लाख पेंशनर्स लाभान्वित होंगे।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### इन्हें काम नहीं करना



इन लोगों ने दिल्ली का क्या हाल कर दिया। लोगों की ज़िंदगी नरक बना दी इन्होंने। इन्हें सरकार नहीं चलानी। इन्हें काम नहीं करना। इनका बस एक ही काम है। चौबीस घंटे विपक्षियों और विरोधियों को गिरफ्तार करते रहते हैं।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

### खनिज आपूर्ति श्रृंखला



दुनिया खनिज आपूर्ति श्रृंखलाओं को सुरक्षित करने की होड़ में है। भारत भी इसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसे राष्ट्रीय महत्व और तात्कालिकता वाली परियोजनाओं तक भी विस्तारित किया जाए।

**- अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

दिल्ली सरकार का बड़ा ऐलान

# सभी सरकारी स्कूलों में पढ़ाई जाएगी 'राष्ट्रनीति', आरएसएस पर भी होगा चैप्टर

*पाठ्यक्रम में 1925 में केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा आरएसएस की स्थापना, उसकी विचारधारा से लेकर केदारनाथ, बिहार बाढ़ और कोविड-19 महामारी सहित समाज सेवा-राहत कार्यों में उसके कार्यकर्ताओं की भूमिका पर अध्याय शामिल होंगे। पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी और पीएम नरेंद्र मोदी जैसे आरएसएस से जुड़े नेताओं के योगदान पर भी पाठ्यक्रम में प्रकाश डाला जाएगा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में छात्रों के पाठ्यक्रम में जल्द ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के बारे में भी पढ़ाया जाएगा। दिल्ली सरकार के स्कूलों के छात्र जल्द ही 'राष्ट्रनीति' नामक एक नए कार्यक्रम के तहत स्वतंत्रता सेनानियों और लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ-साथ आरएसएस का भी अध्ययन करेंगे। 18 सितंबर को नमो विद्या उत्सव के दौरान सीएम रेखा गुप्ता और शिक्षा मंत्री सूद द्वारा शुरू किया गया 'राष्ट्रनीति' कार्यक्रम, दिल्ली के सभी सरकारी स्कूलों में किंडरगार्टन से 12वीं कक्षा तक लागू किया जा रहा है। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम को अभी अंतिम रूप दिया जा रहा है और उसमें आरएसएस पर पाठ शामिल होंगे। आरएसएस के महत्वपूर्ण नेता और सामाजिक गतिविधियों के साथ ही उसका इतिहास भी पाठ्यक्रम का हिस्सा होंगे। ड्राफ्ट तैयार होने के बाद विवरण जारी किया जाएगा।

*'राष्ट्रनीति' कार्यक्रम किंडरगार्टन से 12वीं कक्षा तक लागू होगा*

*'राष्ट्रनीति' सत्र हर महीने के पहले और तीसरे शनिवार को लागू होगा*



### राष्ट्रवादी नेताओं के बारे में जानेंगे

पाठ्यक्रम में 1925 में केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा आरएसएस की स्थापना, उसकी विचारधारा से लेकर केदारनाथ, बिहार बाढ़ और कोविड-19 महामारी सहित समाज सेवा-राहत कार्यों में उसके कार्यकर्ताओं की भूमिका पर अध्याय शामिल होंगे। पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी और पीएम नरेंद्र मोदी जैसे आरएसएस से जुड़े नेताओं के योगदान पर भी पाठ्यक्रम में प्रकाश डाला जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इसके अलावा, छात्र अज्ञात नायकों पर एक समर्पित अनुभाग के तहत वीर सावरकर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, सरदार वल्लभभाई पटेल और सुभाष चंद्र बोस सहित स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्रवादी नेताओं के बारे में जानेंगे।

### एनईपी ने दिशा निर्देश जारी किए

18 सितंबर को नमो विद्या उत्सव के दौरान सीएम रेखा गुप्ता और शिक्षा मंत्री सूद द्वारा शुरू किया गया 'राष्ट्रनीति' कार्यक्रम, दिल्ली के सभी सरकारी स्कूलों में किंडरगार्टन से 12वीं कक्षा तक लागू किया जा रहा है। शिक्षा निदेशालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020, ने दिशानिर्देश जारी किए हैं। दस्तावेजों में कहा गया है कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र उप-समितियों और युवा संसदों, जैसे व्यावहारिक अभ्यासों के माध्यम से नागरिक उत्तरदायित्व, नैतिक नेतृत्व और संवैधानिक मूल्यों का विकास करना है।

### शिक्षक नियमावली तैयार

हालांकि, नए कार्यक्रम की कोई पुस्तिका अभी तक उपलब्ध नहीं कराई गई है। फिलहाल स्कूलों में समितियों के गठन के लिए चुनाव हो रहे हैं। शिक्षक नियमावली तैयार कर ली गई है और राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) में प्रशिक्षण सत्र चल रहे हैं लेकिन नए अध्यायों का अध्ययन कौन से कक्षा समूह करेंगे, इस पर अभी भी चर्चा चल रही है।

### कोविड में शहीद कर्मचारियों के परिवार को एक करोड़ देंगे

दिल्ली सरकार ने कोविड19 के दौरान ड्यूटी पर शहीद हुए अपने कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा है कि कोविड ड्यूटी के दौरान शहीद हुए प्रत्येक कर्मचारी के परिवार को एक करोड़ रुपए दिए जाएंगे। दिल्ली सरकार ने कोविड-19 महामारी के दौरान ड्यूटी निभाते हुए जीवन गंवाने वाले अपने कर्मचारियों के परिवारों के लिए एक ऐतिहासिक और भावनात्मक निर्णय लिया है।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस अध्यक्ष खरगे अस्पताल में भर्ती



**बेंगलुरु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को बुखार होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पार्टी सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बेंगलुरु शहर के एमएस रमैया अस्पताल के डॉक्टर 83 साल के खरगे का इलाज कर रहे हैं। राज्यसभा में विपक्ष के नेता को मंगलवार को बुखार और पैर में दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल ले जाया गया। वह ठीक हैं, चिंता की कोई बात नहीं है। डॉक्टर उनकी निगरानी कर रहे हैं। जल्द ही उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी।

### आरएसएस के कार्यक्रम में नहीं जाएंगी कमला



**मुंबई।** मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई की मां कमल गवई ने आरएसएस के शताब्दी कार्यक्रम में शामिल होने से इनकार कर दिया है। 84 वर्षीय कमल गवई ने पत्र लिखकर कहा कि कार्यक्रम की खबर सामने आने के बाद उन पर और उनके दिवंगत पति दादासाहेब गवई पर अंबेडकरवादी विचारधारा छोड़ने जैसे आरोप लगाए गए, जिससे वह आहत हुईं। उन्होंने कहा कि उनके पति अलग विचारधारा वाले मंचों पर भी जाते थे, लेकिन कभी हिंदुत्व की विचारधारा को स्वीकार नहीं किया। कमल गवई ने यह भी बताया कि वह बीमार हैं।

### गार्ड को घायल कर जेल से छह कैदी फरार



**अगरतला।** उत्तर त्रिपुरा के धर्मनगर उप-जेल से बुधवार को छह कैदी फरार हो गए। इनमें से एक कैदी आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट देबजानी चौधरी ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे कैदियों को रोजमर्रा के कार्य और नाश्ते के लिए सेल से छोड़ा गया था। तभी अचानक छह कैदियों ने जेल गार्ड गेडू मिया पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया और जेल के मुख्य द्वार से फरार हो गए। पकड़ने के लिए अभियान शुरू कर दिया है।

### दुष्कर्म के आरोप में दो पुलिसकर्मी गिरफ्तार



**चेन्नई।** तमिलनाडु में तिरुवन्नामलाई ईस्ट पुलिस स्टेशन के दो पुलिसकर्मियों को आंध्र प्रदेश की एक महिला के साथ कथित दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार कर निलंबित कर दिया गया है। दर्ज शिकायत के मुताबिक, सोमवार शाम पीड़िता और उसकी मां अरुलमिगु अरुणाचलेश्वरर मंदिर में पूजा करने के लिए एक गाड़ी से जा रही थीं। तिरुवन्नामलाई बाईपास रोड पर वाहन चेकिंग के दौरान, ड्यूटी पर तैनात दो पुलिसकर्मियों ने उन्हें वाहन से उतरने को कहा। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने पीड़िता को एक सुनसान जगह ले जाकर कथित तौर पर उसके साथ दुष्कर्म किया।

पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लिए कई अहम फैसले

# दालों में 'आत्मनिर्भरता' के लिए 11,440 करोड़ की योजना मंजूर

*57 नए केंद्रीय विद्यालय खोले जाएंगे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कई अहम फैसले लिए। इसकी जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि भारत, दुनिया के सबसे बड़े दाल उत्पादकों और उपभोक्ताओं में से एक है। 2024 के भाजपा घोषणापत्र में दालों के लिए एक मिशन बनाने की बात कही गई थी और हम आत्मनिर्भरता हासिल करने और आयात में कटौती के लिए 11,440 करोड़ रुपए का मिशन शुरू कर रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य बेहतर बीजों के साथ उत्पादकता में सुधार, खेती को 275 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 310 लाख हेक्टेयर करना और खेती से लेकर भंडारण तक पूरी मूल्य श्रृंखला को मजबूत करना है। इसका लक्ष्य उपज को 881 किलो से बढ़ाकर 1,130 किलो प्रति हेक्टेयर करना है, जिससे उत्पादन में बढ़ोतरी और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित होगी। घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने और दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करने के उद्देश्य से इस ऐतिहासिक पहल को 2025-26 से 2030-31 तक छह वर्षों की अवधि में क्रियान्वित किया जाएगा। दलहन मिशन के तहत अगले 4 वर्षों के दौरान लगभग 2 करोड़ किसानों को बेहतर बीजों की आपूर्ति की जाएगी और कटाई के बाद फसल के प्रबंधन के लिए बुनियादी ढांचे तैयार किया जाएगा। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उत्पादकों से तुअर, उड़द और मसूर दालों की 100 प्रतिशत खरीद सुनिश्चित की जाएगी। दलहन उत्पादक किसानों को 126 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज वितरित किए जाएंगे।

किसानों को 126 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज वितरित करेंगे

पहली बार 20 नए जिलों में केंद्रीय विद्यालय खोले जाएंगे

### 88 लाख बीज किट निःशुल्क वितरित की जाएंगी



प्रमाणित बीजों से 2030-31 तक 370 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खेती होगी। मिशन का उद्देश्य चावल की फसल केंद्रित भूमि के स्थान पर दलहनों के क्षेत्रफल को 35 लाख हेक्टेयर तक बढ़ाना है, जिसमें अंतर-फसलीय खेती और फसल विविधीकरण को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए किसानों को 88 लाख बीज किट निःशुल्क वितरित की जाएंगी। इस मिशन से 2030-31 तक दलहनों का क्षेत्रफल 310 लाख हेक्टेयर तक बढ़ने, उत्पादन 350 लाख टन तक बढ़ने और उपज 1130 किलो/ हेक्टेयर तक पहुंचने की उम्मीद है। उत्पादकता में वृद्धि के साथ-साथ, इस मिशन से रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर भी पैदा होंगे।

### काजीरंगा से होकर 4 लेन वाले नए हाईवे को मंजूरी



केंद्रीय कैबिनेट ने असम में कलियाबोर-नुमालिगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग-715 के 86 किमी हिस्से को चार लेन बनाने की मंजूरी दी है। 85.675 किलोमीटर लंबी इस परियोजना को 6,957 करोड़ रुपए की लागत से इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (ईपीसी) मोड में डेवलप किया जाएगा। इस परियोजना से लगभग 15.42 लाख व्यक्ति/ प्रतिदिन का प्रत्यक्ष और 19.19 लाख व्यक्ति/ प्रतिदिन का अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होगा।

### बायोमेडिकल रिसर्च करिअर प्रोगाम मंजूर



सरकार ने 'बायोमेडिकल रिसर्च करिअर प्रोग्राम' (फेज-3) को भी हरी झंडी दी है। योजना पर 1,500 करोड़ खर्च किए जाएंगे। इसका उद्देश्य मेडिकल और वैज्ञानिक शोध को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) और वेलकम ट्रस्ट (डब्ल्यूटी), ब्रिटेन और एसपीवी, इंडिया अलायंस के बीच तीसरे चरण (2025-26 से 2030-31 तक) और अगले छह वर्षों (2031-32 से 2037-38 तक) के लिए साझेदारी में कार्यान्वित किया जा रहा है।

### केवी खोलने पर 5,862 करोड़ से अधिक होंगे खर्च

मंत्री वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने देश भर में तहत 57 नए केंद्रीय विद्यालय (केवी) खोलने को मंजूरी दे दी। इन नए स्कूलों की स्थापना के लिए बजट आवश्यकता 5862.55 करोड़ रुपए है, जो 2026-27 से नौ वर्षों की अवधि को कवर करती है। इसमें 2585.52 करोड़ पूंजीगत व्यय और 3277 करोड़ परिचालन व्यय शामिल है। यह पहली बार है जब 57 केंद्रीय विद्यालयों को बाल वाटिका के साथ मंजूरी दी गई है। इन 57 केवी में से 20 ऐसे जिलों में खोले जाने का प्रस्ताव है, जहां अभी कोई केवी नहीं है। इसके अलावा, आकांक्षी जिलों में 14 केवी, वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों में 4 केवी तथा पूर्वोत्तर/पहाड़ी क्षेत्रों में 5 केवी खोले जाने का प्रस्ताव है। एक पूर्ण विकसित केवी (बालवाटिका से कक्षा 12 तक) में 81 लोगों को रोजगार मिलता है और इस प्रकार, 57 नए केवी को मंजूरी मिलने से कुल 4,617 प्रत्यक्ष स्थायी रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

पीएम मोदी ने आरएसएस पर जारी किया सिक्का और डाक टिकट

## आजाद भारत के इतिहास में पहली बार मुद्रा पर भारत माता की तस्वीर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने आरएसएस की स्थापना के 100 साल पूरे होने पर विशेष डाक टिकट और सिक्का जारी किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने संघ की तारीफ करते हुए कहा कि 1984 में सिख नरसंहार के दौरान, कई सिख परिवारों ने आरएसएस स्वयंसेवकों के घरों में शरण ली थी। यह स्वयंसेवकों का स्वभाव है।

पीएम ने जिस स्मारक सिक्के को जारी किया। उसमें भारत माता के सामने पारंपरिक मुद्रा में खड़े आरएसएस स्वयंसेवक दिखाए गए हैं। सिक्के के पिछले हिस्से पर सिंह पर बैठी भारत माता की छवि के साथ तीन स्वयंसेवक देवी को सलामी देते हुए दिखते हैं जबकि सिक्के के आगे की ओर अशोक स्तंभ का शेर अंकित है। आरएसएस का यह स्मारक सिक्का शुद्ध चांदी का है और इसका मूल्यवर्ग 100 रुपए है। इस सिक्के के ऊपर संघ का बोध वाक्य भी अंकित है-राष्ट्राय स्वाहा, इदं राष्ट्राय इदं न मम। इसका अर्थ है, 'यह मेरा नहीं है, यह राष्ट्र का है।' इस सिक्के पर एक ओर राष्ट्रीय प्रतीक चिह्न अंकित है। वहीं विशेष डाक टिकट में उन राहत कार्यों को भी दर्शाया गया है, जिन्हें आरएसएस प्राकृतिक आपदाओं के दौरान लोगों की मदद के लिए अंजाम देता है।

### डाक टिकट में 1963 परेड की तस्वीर छपी



पीएम मोदी के द्वारा आरएसएस के शताब्दी समारोह पर जारी डाक टिकट कई मायनों में खास है। इसपर आरएसएस कार्यकर्ताओं की परेड करते हुए तस्वीर छपी है। यह तस्वीर 1963 परेड की है। दरअसल 1962 में भारत-चीन युद्ध के दौरान आरएसएस ने अहम रोल निभाया था। ऐसे में तत्कालीन पीएम जवाहरलाल नेहरू ने आरएसएस से 26 जनवरी की परेड में हिस्सा लेने का अनुरोध किया था और 26 जनवरी 1963 को राजपथ (अब कर्तव्यपथ) पर आरएसएस के कार्यकर्ताओं की ऐतिहासिक परेड देखने को मिली थी। इस ऐतिहासिक समारोह का आयोजन संस्कृति मंत्रालय द्वारा किया गया। इसमें आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबाले, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी मौजूद रहे। सभी ने इस अवसर को भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और राष्ट्रीय चेतना की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि बताया।

सिंगर जुबीन गर्ग की मौत का मामला

## मैनेजर और इवेंट ऑर्गेनाइजर अरेस्ट गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

एजेंसी ▶▶ दिसपुर

सिंगापुर में सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के सिलसिले में असम सीआईडी ने नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के आयोजक श्यामकानु महंत और उनके मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा को गैर इरादतन हत्या और अन्य आरोपों में गिरफ्तार कर लिया है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत गैर इरादतन हत्या, आपराधिक साजिश और लापरवाही से मौत का मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि दोनों को कामरूप के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।



विशेष पुलिस महानिदेशक (सीआईडी) मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने बताया कि एनईआईएफ महोत्सव के मुख्य आयोजक श्यामकानु महंत और सिंगर के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा को गिरफ्तार कर बुधवार सुबह दिल्ली से गुवाहाटी लाया गया। उन्होंने कहा कि सिंगर की मौत की जांच कानून के अनुसार की जाएगी। डीजीपी ने कहा कि दोनों के खिलाफ इंटरपोल के माध्यम से एक 'लुकआउट नोटिस' पहले ही जारी किया जा चुका है।

बरेली बवाल पर सरकार की कार्रवाई

## मौलाना तौकीर के करीबी डॉ. नफीस और उसके बेटे को भेजा गया जेल

एजेंसी ▶▶ बरेली

बरेली में बवाल के मामले में आरोपी डॉ. नफीस खां और उसके बेटे फरमान समेत आठ और आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि बुधवार को कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें दो आरोपी मुठभेड़ में पकड़े गए हैं।

बवाल के बाद से कुल 81 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। फुटेज और वीडियो के आधार पर आरोपियों को चिह्नित किया जा रहा है। पुलिस का फोकस उन लोगों पर है, जिन्होंने भीड़ को जुटाने और उकसाने की कोशिश की थी। जांच में यह बात भी सामने आई है कि 26 सितंबर के दिन शुक्रवार को नमाज



का वक्त बदला गया था। मौलाना तौकीर का वीडियो जारी होने के बाद यह मैसेज फैलाया गया था कि जुमे की नमाज एक बजे होगी। आमतौर पर यहां साढ़े 12 बजे से पौने चार बजे के नमाज होती है। इससे यह स्पष्ट है कि साजिश के तहत नमाज का वक्त बदला गया ताकि ज्यादा से ज्यादा भीड़ इस्लामिया मैदान की तरफ पहुंचे। अब तक जो जेल भेजे गए हैं, उनमें तीन आरोपी दूसरे प्रदेशों के हैं। इनके बारे में भी पुलिस जानकारी जुटा रही है।

## वैष्णो देवी मंदिर में उमड़े श्रद्धालु



**रियासी।** जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले के कटरा में 'नवरात्रि' उत्सव के दौरान मात वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी है। माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए आए तीर्थयात्री 'महानवमी' के अवसर पर रास्ते में विभिन्न देवियों की तस्वीरें लेते हुए।

सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी पर बवाल, लद्दाख में तनाव बरकरार

# एलजी बोले- संवाद से ही समाधान संभव, वार्ता करें

एजेंसी ▶▶ लेह

लद्दाख के उपराज्यपाल कवींदर गुप्ता ने लेह एपेक्स बॉडी और करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस से अपील की है कि वे केंद्र सरकार के साथ होने वाली वार्ता से पीछे न हटें और बातचीत के जरिए समाधान का रास्ता अपनाएं। क्योंकि कोई भी मुद्दा बातचीत से ही हल हो सकता है। बता दें, 6 अक्तूबर को केंद्र सरकार और लद्दाख प्रतिनिधियों के बीच होने वाली बातचीत अब टल गई है क्योंकि लेह एपेक्स बॉडी और केडीए ने वार्ता में हिस्सा न लेने का फैसला किया है। उनका कहना है कि जब तक हालात अनुकूल नहीं होते, तब तक वे बातचीत में शामिल नहीं होंगे।

6 अक्टूबर को होने वाली बातचीत टली

मजिस्ट्रेट जांच की घोषणा हो चुकी, जल्द शुरू होगी





### 24 सितंबर की हिंसा पर जांच की मांग

*लेह एपेक्स बॉडी और केडीए की मांग है कि 24 सितंबर को हुई हिंसा की न्यायिक जांच हो और गिरफ्तार किए गए लोगों को रिहा किया जाए, जिनमें पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी शामिल हैं। वांगचुक पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है। उपराज्यपाल ने कहा कि एक मजिस्ट्रेट जांच की घोषणा पहले ही की जा चुकी है और यह जल्द शुरू होगी।*

### राहुल गांधी पर हमला

उपराज्यपाल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी निशाना साधा और कहा कि वे लद्दाख की स्थिति को लेकर वातावरण बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं, जैसा उन्होंने किसानों के आंदोलन और अन्य विरोध प्रदर्शनों के दौरान किया था। उन्होंने कहा कि पूरा देश जानता है कि राहुल गांधी क्या कह रहे हैं। वे लोगों को भड़काने और माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें पहले खुद पर ध्यान देना चाहिए।

### वांगचुक की पत्नी ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंगमो ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा। उन्होंने अपील की कि राष्ट्रपति एक आदिवासी होने के चलते लद्दाख के लोगों की भावनाओं को समझें। आंगमो ने यह पत्र पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को भी भेजा है। पत्र में आंगमो ने सोनम वांगचुक की बिना शर्त रिहाई की मांग की है। सोनम को उन्होंने जलवायु परिवर्तन और पिछड़े आदिवासी क्षेत्र के विकास के लिए आंदोलन करने वाला शांतिपूर्ण गांधीवादी प्रदर्शनकारी बताया है।

मालेगांव ब्लास्ट प्रकरण

## 19 साल बाद 'विशेष अदालत' ने चार आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मालेगांव ब्लास्ट केस में 19 साल बाद मुंबई की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को चार आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए है। इन आरोपियों के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आरोपपत्र दाखिल किया था। मालेगांव शहर में हुए चार विस्फोटों में 31 लोगों की मौत हुई थी। हालांकि, आरोपी मनोहर नरवारिया, राजेंद्र चौधरी, धन सिंह और लोकेश शर्मा ने आरोपों से इनकार किया। स्पेशल जज सीएस बाविस्कर ने उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की हत्या और आपराधिक साजिश सहित अन्य धाराओं और गैरकानूनी



(गतिविधियाँ) निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत आरोप तय किए। इसके बाद मुकदमे का रास्ता साफ हो गया है। विशेष लोक अभियोजक प्रकाश शेट्टी ने पहले ही आरोपियों के खिलाफ आरोपों का मसौदा पेश कर दिया था। 31 जुलाई को एक स्पेशल कोर्ट ने 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में फैसला सुनाते हुए सभी सातों को बरी कर दिया था। हालांकि, 2006 के मामले में कई उतार-चढ़ाव आए।

## पाक ने कहा अमेरिका का है प्लान पाकिस्तान का नहीं

# पहले शहबाज-मुनीर को अमेरिका में बुलाकर खिलाया-पिलाया फिर ट्रंप ने बना दिया उल्लू! गाजा प्लान पर बुरा फंस गया पाक

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जो गाजा में शांति स्थापित करने के लिए 20 सूत्रीय प्लान पेश किया है। पाकिस्तानी सरकार बहुत खुशी से अमेरिका के हां में हां मिलाते हुए ट्रंप के प्लान को 100 प्रतिशत समर्थन दे दिया। जिसके बाद अब पाकिस्तानी जनता और सरकार दोनों खुद को ठगा महसूस कर रही है। ट्रंप के गाजा शांति प्लान का समर्थन करके पाकिस्तान ने खुद को मुश्किल में डाल लिया है। पीएम शहबाज शरीफ ने ट्रंप प्लान की तारीफ तो कर दी है, लेकिन घर में ही भारी विरोध झेलना पड़ रहा है। सोशल मीडिया पर लोग इसे फिलिस्तीन के साथ बेवफाई बता रहे हैं, जबकि विपक्षी नेता इसे पाक नीति का उलटफेर कह रहे हैं। जिसके बाद पाकिस्तानी सरकार अब सफाई दे रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, विदेश मंत्री इशाक डार ने मंगलवार को जोर देकर कहा कि गाजा पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 20-सूत्रीय योजना हमारा दस्तावेज नहीं है।

डार ने कहा कि हमने एक मुस्लिम देश होने के नाते और गाजा के लोगों के प्रति प्रेम होने के नाते हमने ट्रंप के प्लान के लिए कुछ सुझाव भेजे थे, जिसमें तात्कालिक उद्देश्य युद्धविराम सुनिश्चित करना, रक्तपात रोकना, मानवीय सहायता का प्रवाह जारी रखना और जबरन विस्थापन को समाप्त करना था। यानी यह प्लान पाकिस्तान का नहीं, पूरी तरह से ट्रंप का है। सबसे बड़ी बात डार ने यह बताई कि इस प्लान में पाकिस्तान की तरफ से भेजे गए सभी सुझाव अमेरिका ने माने भी नहीं हैं। डार ने आगे बताया कि हमारे साथ अन्य आठ देशों ने पिछले हफ़्ते न्यूयॉर्क में ट्रंप के साथ बैठक की थी। उन सभी का मकसद एक था कि कैसे गाजा में शांति आए। तभी तो मुस्लिम नेताओं की ट्रंप के साथ बैठक संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र के इतर हुई थी। जहां अमेरिकी राष्ट्रपति ने गाजा में इज़राइली हमले को समाप्त करने की अपनी योजना पर चर्चा की थी। इस बैठक में पाकिस्तान, सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्र, जॉर्डन, तुर्की और इंडोनेशिया के नेता शामिल थे।



पाकिस्तान के सभी सुझाव अमेरिका ने नहीं माने

## मुस्लिम दुनिया ने पूरी तरह आत्मसमर्पण कर दिया

पूर्व राजनयिक अब्दुल बासित ने कहा कि मुस्लिम दुनिया ने पूरी तरह आत्मसमर्पण कर दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि फिलिस्तीन राष्ट्र की स्थापना से पहले अब्राहम समझौते में शामिल होना पाकिस्तान के लिए भारी भूल होगी। मजलिस वहदत-ए-मुस्लिमीन के नेता अल्लामा राजा नासिर ने योजना को त्रुटिपूर्ण और अन्यायी बताया। उन्होंने कहा कि यह योजना फिलिस्तीनियों की राय को दरकिनार कर अमेरिकी और इजरायली हितों को आगे बढ़ाती है। मानवाधिकार कार्यकर्ता इमान जैनब मजारी ने कहा, फिलिस्तीन मुद्दे पर पाकिस्तान की जनता एकमत है। प्रधानमंत्री का यह कदम देश की ऐतिहासिक स्थिति से विश्वासघात है। लेखिका फातिमा भुट्टो ने कहा कि पाकिस्तान का इजरायल से सामान्य संबंध स्थापित करना नैतिक और धार्मिक कर्तव्य से पलायन है। उन्होंने लिखा, पाकिस्तानी जनता कभी दो-राष्ट्र नीति के सरेंडर को स्वीकार नहीं करेगी। केवल एक फिलिस्तीन है और वह इजरायल के कब्जे में है।

### जमकर हो रही आलोचना

*लोग कह रहे हैं कि वाशिंगटन को खुश करने के चक्कर में पाकिस्तान ने फिलिस्तीन का साथ छोड़ दिया है। पाक जनता ट्रंप प्लान समर्थन को 'धोखा' बता रही, शहबाज को गद्दार ठहरा रही है। कुल मिलाकर समर्थन देने से पाकिस्तान को घरेलू राजनीति में झटका लगा है। ये विरोध इतना तेज है कि सरकार की छवि खराब हो रही है और फिलिस्तीन समर्थक इसे पाकिस्तान सरकार की बहुत बड़ी गलती बता रहे हैं।*

### पाकिस्तान में मचा बवाल

*इसके बाद एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में ट्रंप ने जब नेतन्याहू की 20-सूत्रीय योजना पर सहमति की घोषणा की और विशेष रूप से प्रधानमंत्री शहबाज और सेना प्रमुख असीम मुनीर को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया तो पाकिस्तान में बवाल मच गया। सोशल मीडिया पर लोगों ने खूब विरोध किया है। पाकिस्तानी यूजर्स ने ट्रंप के प्लान का जमकर विरोध किया है। इसे इजरायल को वैधता देने वाला बताया है।*

## नहीं तो अंजाम भुगतेगा हमास
## डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को दिया 3-4 दिनों का अल्टीमेटम

इजराइल और हमास के बीच पिछले दो साल से युद्ध की स्थिति है लेकिन अब उसके थमने की उम्मीद नजर आ रही है। इसकी वजह यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से गाजा में शांति के लिए 20 सूत्री प्लान बनाया गया है और इस प्लान को इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने भी सहमति जता दी। दूसरी ओर ट्रंप ने 20 सूत्री कार्यक्रम जारी करने के बाद हमास पर प्रस्ताव मानने का दबाव बढ़ा दिया। दरअसल, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आज बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि हमास के पास उनके गाजा शांति प्रस्ताव पर जवाब देने के लिए लगभग तीन से चार दिन हैं, अन्यथा इसके गंभीर परिणाम होंगे। ट्रंप ने व्हाइट हाउस से निकलते समय पत्रकारों से बातचीत की और कहा कि इजरायली और अरब देशों के नेता इस शांति वाली योजना को स्वीकार चुके हैं और अब केवल हमास की प्रतिक्रिया का इंतजार है। डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को चेतावनी देते हुए कहा कि हमास या तो इसे स्वीकार करेगा या नहीं, और अगर नहीं, तो इसका परिणाम बहुत ही दुखद होगा। अमेरिका राष्ट्रपति ने इस दौरान कहा कि इस शांति योजना पर अधिक बातचीत की गुंजाइश नहीं है। उन्होंने इसे जल्द लागू करने का दबाव डालते हुए कहा कि हमास को या तो इसे स्वीकार करना होगा या गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर यह कारगर रहा तो हम 8 महीनों में आठ युद्धों को रोकने में सफल रहे हैं। यह बहुत अच्छी बात है।



## हमास की अकड़ के चलते हो रहे हमले
## शांति प्रस्ताव के बीच इजराइल ने गाजा में बरपाया कहर, 31 की मौत

इजराइल द्वारा मंगलवार को गाजा पट्टी पर किये गए हमले में कम से कम 31 फिलिस्तीनी मारे गए। स्थानीय अस्पताल ने यह जानकारी दी। इस बीच, गाजा में लगभग दो साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शांति योजना पर सवाल उठने लगे हैं। हमास ने घोषणा की कि वह किसी निर्णय पर पहुंचने से पहले समूह के सदस्यों और अन्य फलस्तीनी गुटों के साथ प्रस्ताव की समीक्षा करेगा। स्थानीय अस्पतालों के अनुसार, इजरायली सेना की कार्रवाई में मंगलवार को कम से कम 31 फिलिस्तीनी मारे गए। अल-अवदा अस्पताल ने बताया कि इजराइली सैनिकों की गोलीबारी में इससे पहले 17 फिलिस्तीनी मारे गए और 33 अन्य घायल हो गए थे। उसने बताया कि यह घटना तब हुई जब पीड़ित नेत्जारिम में मानवीय सहायता प्राप्त करने का प्रयास कर रहे थे। नेत्ज़ारिम इजरायली नियंत्रण वाला गलियारा है जो उत्तरी और दक्षिणी गाजा को विभाजित करता है। दक्षिणी शहर खान यूनिस के नसेर अस्पताल ने बताया कि एक अन्य हमले में एक व्यक्ति, उसकी सात महीने की गर्भवती पत्नी और उनके छोटे बच्चे की मौत हो गई। इजरायली सेना ने गोलीबारी या हमलों पर तुरंत कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। उसने एक बयान में कहा कि पिछले 24 घंटों में उसके सैनिकों ने कई सशस्त्र आतंकवादियों को मार गिराया और हथियार भंडारण सुविधाओं और निगरानी चौकियों सहित हमास के बुनियादी ढांचे के 160 से ज़्यादा ठिकानों पर हमला किया है।



## खबर संक्षेप

### जयशंकर ने चीन के स्थापना दिवस पर दी बधाई

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री जयशंकर ने बुधवार को चीन के स्थापना दिवस के मौके पर चीनी जनता और विदेश मंत्री वांग यी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह भारत और चीन के बीच संबंधों को बेहतर बनाने के लिए काम करने को उत्सुक हैं। चीन में 1 अक्टूबर को स्थापना दिवस मनाया जाता है। साल 1949 में इसी दिन माओ जेदोंग ने बीजिंग के तियानमेन स्क्वायर में पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की आधिकारिक घोषणा की थी। साल 1945 में दूसरे विश्व युद्ध के खत्म होने के बाद चीन में गृहयुद्ध शुरू हो गया था।



### भारतीय छात्रा की ढाका में संदिग्ध मौत

**ढाका।** यहां भारत की मेडिकल छात्रा निदा खान (19 साल) की संदिग्ध मौत हो गई। वह राजस्थान के झालावाड़ की रहने वाली थीं। वह अड-डिन मोमिन मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही थीं। शनिवार को परीक्षा में नकल करते हुए पकड़े जाने के बाद कॉलेज प्रशासन ने उसे निष्कासित कर दिया था। इसके कुछ घंटों बाद उसका शव हॉस्टल के कमरे में लटका मिला। ढाका पुलिस प्रमुख सैयद मोहम्मद अख्तर ने बताया कि उन्हें सुबह 4:15 बजे सूचना मिली और मौके पर पहुंचने पर छात्रा का शव बरामद किया गया।



## अमेरिका में अचानक हुआ शटडाउन, समर्थन नहीं जुटा पाए ट्रंप

*अमेरिका में हर साल 1 अक्टूबर से नया वित्तीय वर्ष शुरू होता है*

# अमेरिका में फंड खत्म, विकास के काम बंद! सरकारी कर्मचारी घर बैठे


एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका में अचानक सरकारी काम-काज ठप (गवर्नमेंट शटडाउन) होने से लाखों सरकारी कर्मचारी घर बैठ गए हैं और विकास के काम रुक गए हैं। यह संकट फंड की कमी के कारण आया है, जो सीधे तौर पर अमेरिकी कांग्रेस में उपजे राजनीतिक गतिरोध का परिणाम है। हर साल, नए वित्तीय वर्ष के लिए फंडिंग बिल पास करना ज़रूरी होता है। इस बार, रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स स्वास्थ्य सेवा जैसे अहम मुद्दों पर खर्च को लेकर सहमत नहीं हो पाए। दोनों पक्षों की राजनीतिक ज़िद ने बिल को पास नहीं होने दिया।

जिसके चलते सरकार के पास खर्च के लिए कानूनी अनुमति नहीं बची। अमेरिका में सरकारी काम-काज बंद (गवर्नमेंट शटडाउन) होने का मुख्य कारण फंड की कमी है, जो दरअसल अमेरिकी कांग्रेस (संसद) में डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन पार्टियों के बीच बजट को लेकर गहरे राजनीतिक गतिरोध का नतीजा है। अमेरिका में हर साल 1 अक्टूबर से नया वित्तीय वर्ष शुरू होता है। सरकार को काम जारी रखने के लिए इस तारीख से पहले कांग्रेस को फंडिंग बिल या एक अल्पकालिक व्यय विधेयक पास करना होता है। इस बार, दोनों प्रमुख पार्टियों के बीच खर्च और नीतियों को लेकर असहमति थी और वे समय पर किसी समझौते पर नहीं पहुंच पाए, जिसकी वजह से फंडिंग बिल पास नहीं हो सका। सरकारी खर्च को मंजूरी नहीं मिली। नतीजतन, सरकार के पास खर्च करने के लिए पैसा नहीं बचा और उसे 'शटडाउन' करना पड़ा।

**रिपब्लिकन को 60 वोट चाहिए थे लेकिन उन्हें केवल 55 वोट मिले**

**कांग्रेस को एक अल्पकालिक व्यय विधेयक पास करना होता है**



### ट्रंप का सख्त रुख

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेट्स पर करारा हमला बोला। व्हाइट हाउस बैठक के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर विपक्ष का मज़ाक उड़ाते हुए कहा कि वे चुनाव भारी अंतर से हार गए और अब भी नहीं बदले। हालांकि, राजनीतिक दबाव और संभावित नुकसान को देखते हुए अब ट्रंप पर बैकफुट आने का दबाव बढ़ता जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर ट्रंप सख्त रुख पर अड़े रहे, तो जनता की नाराज़गी सीधे उन पर फूट सकती है।

### ट्रंप बोले- हम अमीर होते जा रहे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि उनका फेवरेट शब्द 'टैरिफ' है। उन्होंने कहा कि अंग्रेजी शब्दकोष में उनका पसंदीदा शब्द टैरिफ है, ट्रंप ने इसे सबसे सुंदर शब्द बताया और अमेरिका को समृद्ध बनाने का श्रेय टैरिफ को दिया। क्वांटिको स्थित मरीन कॉर्प्स बेस पर बोलते हुए ट्रंप ने कहा, मुझे टैरिफ बहुत पसंद हैं। मेरा पसंदीदा शब्द टैरिफ है। इसकी वजह से हम बहुत अमीर बन रहे हैं। उन्होंने तर्क दिया कि दूसरे देश वर्षों से अमेरिका का फायदा उठा रहे हैं लेकिन टैरिफ ने व्यापार में निष्पक्षता बहाल की है। डोनाल्ड ट्रंप ने यह भी कहा कि उनके द्वारा हस्ताक्षरित पहले कार्यकारी आदेशों में से एक योग्यता के सिद्धांत को बहाल करने के लिए था और इसे टैरिफ के अलावा सबसे महत्वपूर्ण शब्द बताया। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिका ने टैरिफ से खरबों डॉलर कमाए हैं और फिर से अमीर हो गया है। ट्रंप ने कहा कि दूसरे देश वर्षों से अमेरिका का फायदा उठा रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, अब हम उनके साथ सही व्यवहार कर रहे हैं लेकिन जो पैसा आ रहा है वह हमने पहले कभी नहीं देखा। पिछले दिनों, उनके पास 31 अरब डॉलर थे जो उन्हें मिले। 31 अरब डॉलर, यह बहुत सारे युद्धपोत खरीदने के लिए पर्याप्त है।

### मांगे मानने को तैयार नहीं थे रिपब्लिकन

गतिरोध का मुख्य केंद्र बिंदु स्वास्थ्य सेवा सब्सिडी और कुछ सामाजिक कार्यक्रम थे। डेमोक्रेट्स चाहते थे कि अस्थायी फंडिंग बिल में ओबामा केयर की खत्म हो रही सब्सिडी को स्थायी रूप से बढ़ाया जाए और हाल ही में हुई कुछ स्वास्थ्य देखभाल कटौती को वापस लिया जाए। रिपब्लिकन इन मांगों को अस्वीकार कर रहे थे और उनका तर्क था कि फंडिंग बिल को नीतियों से अलग रखा जाना चाहिए। दोनों पक्ष अपने-अपने रुख पर अड़े रहे, जिसके कारण मतदान में जरूरी वोट नहीं मिल पाए और सरकारी फंडिंग की समय सीमा समाप्त हो गई।

### शटडाउन का सीधा असर

*व्हाइट हाउस बजट ऑफिस आधिकारिक मेमो जारी करेगा और शटडाउन लागू हो जाएगा। इसका असर सबसे पहले संघीय कर्मचारियों पर पड़ेगा। करीब 7.5 लाख कर्मचारियों को अस्थायी रूप से बिना वेतन काम करना पड़ेगा या घर बैठना पड़ेगा। सेना के जवान और आवश्यक सेवाएं तो जारी रहेंगी, लेकिन उनका वेतन रोका जा सकता है। इससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था और डेटा की आपूर्ति पर भी असर पड़ेगा।*

### डेमोक्रेट्स का पलड़ा भारी

*सीनेट डेमोक्रेटिक लीडर चक शूमर ने कहा कि रिपब्लिकन 'बदमाशी' कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर हेल्थकेयर फंडिंग और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों को शामिल नहीं किया गया तो विपक्ष किसी भी हालत में समर्थन नहीं देगा। इस वजह से अब ट्रंप प्रशासन के पास समझौते या बैकफुट आने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता।*

## बोर्ड ने नकवी को 72 घंटे का समय दिया

# हार के बाद भी ट्रॉफी पर कब्जा जमाने वाले नकवी पर दुबई में होगा प्रकरण दर्ज!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने मैदान में पसीना बहाकर एशिया कप 2025 जीता, लेकिन ट्रॉफी पर कब्ज़ा जमा बैठे हैं मोहसिन नकवी! एशियन क्रिकेट काउंसिल के चीफ पर सनसनीखेज़ आरोप है कि उन्होंने विजेता टीम को ट्रॉफी सौंपने की बजाय उसे होटल ले जाकर 'हथिया' लिया। यह हरकत ना सिर्फ खेल भावना के खिलाफ है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट की साख पर भी सवाल खड़े कर रही है। बीसीसीआई इस बेशर्मी से तिलमिलाई हुई है और अब दुबई पुलिस में चोरी का मामला दर्ज करवाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। सवाल अब ये खड़ा होता है कि क्या एशिया कप की ट्रॉफी अब खेल का सम्मान है या सियासी मोहरा बन चुका है जहां व्यक्तिगत अहम् एक दूसरे पर भारी पड़ रहा है। भारत के फाइनल जीते अब 72 घंटे से ज़्यादा हो चुके हैं और मोहसिन नकवी ने ना तो ट्रॉफी भारत को सौंपी है और ना ही उसको एशियन क्रिकेट काउंसिल के दफ़्तर भेजा हैं। मंगलवार को एसीसी की बैठक में ज़ोर-शोर से ये विवाद उठा और कई देशों के प्रतिनिधियों ने इसका विरोध भी किया पर मोहसिन नकवी अपनी ज़िद पर अड़े रहे और ट्राफ़ी उनके होटल के कमरे में पड़ी रही।



### नकवी बोले- सूर्य पाक आकर ले जाएं ट्रॉफी

मोहसिन नकवी ने एसीसी की बैठक में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से माफी मांगी है। सूत्रों के अनुसार, नकवी ने दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं पर खेद व्यक्त किया। लेकिन उन्होंने ये भी कहा कि सूर्य को ट्रॉफी लेना है वो पाकिस्तान आकर ले ले। हालांकि, बीसीसीआई ने उन्हें करारा जवाब दिया और कहा, जब आप उनके सामने थे, तब उन्होंने ट्रॉफी नहीं ली, क्या आपको लगता है कि अब वह आएंगे?

### सख्त कदम उठाएगी बीसीसीआई

अब बीसीसीआई ने सख़्त क़दम उठाने का मन बना लिया है और वो मोहसिन नकवी पर ट्रॉफी चोरी और जबरन क़ब्ज़ा की शिकायत लिखित रूप से दुबई पुलिस को करने का मन बना चुके हैं। सूत्रों की मानें तो बोर्ड ने मोहसिन नकवी के 72 घंटे का समय दिया है और इस दौरान वे ट्रॉफ़ी एसीसी के आफिस नहीं पहुँचाते तो अधिकारिक रूप से दुबई पुलिस में केस दर्ज कराया जाएगा।

## पीओके में प्रदर्शन के दौरान हिंसा

# सेना ने भीड़ पर कर दी फायरिंग 10 की हुई मौत, 100 हुए घायल

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में सरकार के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन जारी है। इसे रोकने के लिए सिक्योरिटी फोर्सेज ने बुधवार को निहत्थे लोगों पर फायरिंग की। इसमें 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से ज्यादा लोग घायल हैं।

तीन दिन जारी इन प्रदर्शनों में अब तक 10 लोग मारे जा चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, आज बाघ जिले के धीरकोट में 4 लोग मारे गए, मुजफ्फराबाद में 2 और मीरपुर में 2 मौतें हुईं। ये प्रदर्शन जम्मू-कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी की अपील पर हो रहे हैं। प्रदर्शनकारी सरकार पर मौलिक अधिकारों की अनदेखी और महंगाई कंट्रोल न कर पाने का आरोप लगा रहे हैं। लोगों का हुजूम आज पीओके की राजधानी मुजफ्फराबाद की तरफ मार्च कर रहा है।



## कांगो के पूर्व राष्ट्रपति कबीला को मौत की सजा

**कांगो।** डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो के पूर्व राष्ट्रपति जोसेफ कबीला को मौत की सजा सुनाई गई है। कांगो की एक सैन्य अदालत ने उन पर एम 23 नाम के विद्रोही समूह का समर्थन करने का आरोप लगाया है। इस समूह ने देश के पूर्वी हिस्सों में हिंसा फैलाई और रवांडा की मदद से संसाधन से भरपूर इस इलाके पर कब्जा कर लिया है। राजधानी किंशासा में चल रहे मुकदमे में कबीला अदालत में पेश नहीं हुए और इसे अपने खिलाफ आरोपों से इनकार किया। उनकी गैर-मौजूदगी में ही सजा का ऐलान किया गया। कांगो सैन्य अभियोजक जनरल लुसिएन रेने लिकुलिया ने कबीला के लिए मौत की सजा की मांग की थी।

## पीएम मोदी ने हादसे पर जताया दुख कहा-भारत फिलीपींस के साथ

*बीती रात आए 6.9 तीव्रता के भूकंप ने मचाई भारी तबाही*

# फिलीपींस में गहरी नींद में सो रहे थे लोग, तभी भूकंप आया और 69 को सुला दिया हमेशा-हमेशा की नींद

एजेंसी ▶▶ मनीला

फिलीपींस के केंद्रीय प्रांत में मंगलवार देर रात आए 6.9 तीव्रता के भूकंप ने भारी तबाही मचाई। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि घरों और इमारतों की दीवारें ढह गईं, जिसकी चपेट में आकर कम से कम 69 लोगों की मौत हुई है कई अन्य घायल हो गए। फिलीपींस के एक बड़े हिस्से में भूकंप के बाद बिजली आपूर्ति भी ठप हो गई और लोग अंधेरे में घरों से बाहर निकल आए। भूकंप का केंद्र 90 हजार की आबादी वाले सेबू प्रांत के तटीय शहर बोगो से करीब 19 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में जमीन के पांच किलोमीटर नीचे था। बताया गया है कि बोगो में राहत-बचाव कर्मी लगातार मलबे में तब्दील हुए घरों से लोगों को निकालने की कोशिशों में जुटे हैं। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी ने हादसे पर दुख जताते हुए कहा की दुख की घड़ी भारत फिलीपींस के साथ खड़ा है।

### मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही



### दीवार गिरने से मलबे में दबे लोग

यहां गांव के गांव भूस्खलन के चलते मिट्टी के ढेर में दब गए। अधिकारियों के मुताबिक, मेडेलिन में घरों की छत और दीवार गिरने से अलग-अलग परिवारों के 12 लोग मारे गए। इनमें से कई लोग देर रात को गहरी नींद में थे। वहीं, सैन रेमिजियो कस्बे में एक बास्केटबॉल मैच के दौरान भूकंप से बचने की कोशिश कर रहे पांच लोगों की जान गई।

### आपदा क्षेत्र में हैं फिलीपींस

फिलीपींस दुनिया के उन क्षेत्रों में आता है जहां आपदा आने का खतरा सबसे ज्यादा रहता है। खासकर भूकंप का। दरअसल, फिलीपींस प्रशांत महासागर के रिंग ऑफ फायर पर स्थित है, जहां अधिकतर भूकंप और ज्वालामुखी में विस्फोट होते हैं और यह क्षेत्र के लिए आम लोगों के लिए बड़ा खतरा बन जाता है।

# आईसीसी टी20 रैंकिंग : सबसे ज्यादा रेटिंग हासिल करने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बने अभिषेक

एजेंसी ▶▶| दुबई

तेजी से उभरते हुए भारत के स्टार बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में इतिहास के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक के साथ शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की जबकि वरुण चक्रवर्ती भी गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार हैं।

पाकिस्तान के सईम अयूब हालांकि टी20 अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडर की सूची में भारत के हार्दिक पंड्या को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंच गए। हाल में हुई एशिया कप में भारत की खिताबी जीत के बाद अभिषेक ने इतिहास के सर्वश्रेष्ठ 931 अंक के साथ लगभग पांच साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ा।

### अभिषेक ने मलान के 919 रेटिंग अंक के रिकॉर्ड को तोड़ा

आईसीसी ने बताया कि 25 साल के अभिषेक ने 2020 में बनाए इंग्लैंड के दाएं हाथ के बल्लेबाज डेविड मलान के 919 रेटिंग अंक के रिकॉर्ड को तोड़ा। एशिया कप के दौरान 200 से अधिक के स्ट्राइक रेट से रन बनाकर टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने अभिषेक ने टीम के अपने साथियों सूर्यकुमार यादव (912) और विराट कोहली (909) के पिछले सर्वश्रेष्ठ रेटिंग अंक को भी पीछे छोड़ा। पिछले साल अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने वाले अभिषेक ने एशिया कप के सात मैच में 44.85 के औसत से 314 रन बनाए। अभिषेक दूसरे स्थान पर चल रहे इंग्लैंड के फिल सॉल्ट से 82 रेटिंग अंक आगे हैं। टीम इंडिया के उनके साथी तिलक वर्मा तीसरे स्थान पर हैं। वर्मा ने एशिया कप में 213 रन बनाए।



### निसांका अपने कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर

श्रीलंका के दाएं हाथ के बल्लेबाज पथुम निसांका एशिया कप में 261 रन की बदौलत दो स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान पर पहुंच गए। टीम के उनके साथी कुसाल परेरा (दो स्थान के फायदे से नौवें), पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान (11 स्थान के फायदे से 13वें पायदान पर) और भारत के संजू सैमसन (आठ स्थान के फायदे से 31वें पायदान पर) की रैंकिंग में भी एशिया कप में अच्छे प्रदर्शन के बाद सुधार हुआ है।



### गेंदबाजी में चक्रवर्ती शीर्ष पर बरकरार

एशिया कप में सात विकेट चटकाने वाले चक्रवर्ती दुनिया के नंबर एक टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज बने हुए हैं। टीम के उनके साथी कुलदीप यादव (नौ स्थान के फायदे से 12वें स्थान पर), पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी (12 स्थान के फायदे से 13वें स्थान पर) और बांग्लादेश के स्पिनर रिषाद हुसैन (छह स्थान के फायदे से 20वें पायदान पर) को रैंकिंग में फायदा हुआ है। अयूब पंड्या को पछाड़कर पहली बार ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर पहुंच गए। अयूब बल्ले से बुरी तरह विफल रहे लेकिन गेंद से उन्होंने प्रभावी प्रदर्शन करते हुए आठ विकेट चटकाए, जिससे वह चार स्थान के फायदे से पंड्या को पीछे छोड़ते हुए




ऑलराउंडर की सूची में शीर्ष पर हैं। पंड्या दूसरे स्थान पर खिसक गए और अयूब से आठ रेटिंग अंक पीछे हैं। पाकिस्तान के मोहम्मद नवाज (चार स्थान के फायदे से 13वें) और श्रीलंका के चरित असलंका (तीन स्थान के फायदे से 30वें स्थान पर) की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है।

## खबर संक्षेप




### महिला विश्व कप के पहले मैच में पहुंचे 23 हजार दर्शक

**गुवाहाटी।** भारत और श्रीलंका के बीच महिला वनडे विश्व कप का पहला मैच देखने करीब 23 हजार दर्शक स्टेडियम आए,जो आईसीसी के किसी महिला टूर्नामेंट में ग्रुप चरण के मैच के लिए एक रिकॉर्ड है। मंगलवार को इस मैच को देखने 22843 दर्शक मैदान पर आए। इससे पहले रिकॉर्ड भारत और पाकिस्तान के बीच दुबई में पिछले साल महिला टी20 विश्व कप के मैच का था, जिसमें 15935 दर्शक आए थे। आईसीसी ने कहा, 'आईसीसी महिला विश्व कप 2025 के पहले मैच में 22843 दर्शक आए, जो आईसीसी महिला टूर्नामेंट के ग्रुप चरण के मैच के लिए एक रिकॉर्ड है।' भारत ने 59 रन से जीतकर टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की। मैच से पहले उद्घाटन समारोह में असम के महान गायक दिवंगत जुबीन गर्ग को श्रद्धांजलि दी गई। गायक पोपोन , जय बरुआ और शिलांग चैंबर कोइर ने जुबीन के लोकप्रिय गीतों को स्वर दिया।

### लंबा ब्रेक, बड़ी छलांग से पहले का विराम : अमनजोत



**गुवाहाटी।** चोटों, असफलताओं और महीनों के पुनर्वास ने ऑलराउंडर अमनजोत कौर की भूख को और बढ़ा दी है और 25 वर्षीय इस खिलाड़ी का मानना है कि जिस तरह एक घायल शेर फिर से हमला करने से पहले पीछे हट जाता है, चोट के कारण उनका लंबा ब्रेक एक बड़ी छलांग से पहले का एक विराम मात्र था। श्रीलंका के खिलाफ महिला वनडे विश्व कप के पहले मैच में अमनजोत और दीप्ति शर्मा ने अच्छी साझेदारी करके भारत को संकट से निकालकर 59 रन से जीत दिलाई। अमनजोत ने मैच के बाद कहा,' जैसे कहते हैं कि घायल शेर एक कदम पीछे लेता है लंबी छलांग मारने के लिए। ऐसा लगता है कि आप लोग मुझे मेरी पंक्तियों के लिए मशहूर कर दोगे।

### बांग्लादेश-पाकिस्तान के बीच मुकाबला आज




**कोलंबो।** महिला वनडे विश्व कप में कमजोर टीमों में गिनी जा रही पाकिस्तान और बांग्लादेश गुरुवार को एक दूसरे के आमने सामने होंगी तो दोनों का इरादा आईसीसी टूर्नामेंट में प्रभावी प्रदर्शन करने का होगा। फातिमा सना की कप्तानी वाली पाकिस्तानी टीम अपने सारे मैच कोलंबो में खेलेगी, जिसमें भारत के खिलाफ रविवार को होने वाला मैच भी शामिल है।
दोनों टीमों ने क्वालीफिकेशन के जरिए विश्व कप में जगह बनाई है। पाकिस्तान क्वालीफिकेशन में शीर्ष रहा था जबकि बांग्लादेश दूसरे स्थान पर था। पाकिस्तानी टीम का लक्ष्य निगार सुल्ताना की कप्तानी वाली बांग्लादेश टीम पर दबदबा बनाए रखने का होगा।

### सूर्यवंशी, त्रिवेदी ने भारत को अंडर 19 टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मजबूत स्थिति में पहुंचाया

# वैभव ने 86 बालों में ठोका शतक, 9 चौके और 8 छक्के जड़ ऑस्ट्रेलियाई बॉलरों की उड़ाई धाज्जियां

एजेंसी ▶▶| ब्रिसबेन

वैभव सूर्यवंशी ने टी20 शैली में 86 गेंद में 113 रन बनाए जबकि वेदांत त्रिवेदी ने 140 रन की पारी खेलकर भारत की अंडर 19 टीम को मेजबान आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पहले युवा टेस्ट में बुधवार को 185 रन की बढत दिला दी। भारत की अंडर 19 टीम ने 81.3 ओवर में 428 रन बनाए। आस्ट्रेलिया अंडर 19 टीम ने पहली पारी में 243 रन बनाए थे। दूसरी पारी में उसने दूसरे दिन एक विकेट पर आठ रन बना लिए थे। अभी भी वह भारतीय टीम से 177 रन पीछे है। 14 वर्ष की उम्र में आईपीएल में शतक जमाने वाले सूर्यवंशी ने पारी के पहले ही ओवर में हेडन शिलेर को चौका जड़ा था। उन्होंने त्रिवेदी के साथ 152 रन की साझेदारी करके बड़े स्कोर की नींव रखी । सूर्यवंशी ने अपनी पारी में 8 छक्के और 9 चौके लगाए। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर आर्यन शर्मा को बेहतरीन कवर ड्राइव लगाकर अपना शतक पूरा किया। लेग स्पिनर जेड होलिक को उन्होंने छक्का लगाया। त्रिवेदी और सूर्यवंशी के अलावा खिलन पटेल ने 49 गेंद में 49 रन बनाए। अयुवा टेस्ट से पहले दोनों टीमों ने तीन मैचों की युवा वनडे श्रृंखला खेली थी, जिसमें आयुष म्हात्रे की कप्तानी वाली भारतीय टीम 3-0 से विजयी रही।




ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वैभव सूर्यवंशी का प्रदर्शन

ब्रिस्बेन के इयान हीली ओवल में भारत और ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम के बीच हुए मुकाबले में भारत को शुरुआती झटका जरूर लगे, लेकिन 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने चौथे नंबर के बल्लेबाज वेदांत त्रिवेदी के साथ बेहतरीन खेल दिखाया और दोनों ने 152 रनों की पार्टनरशिप की। वैभव सूर्यवंशी ने 86 गेंद में 113 रन बनाए।

### वैभव ने रचा इतिहास

वैभव सूर्यवंशी 78 गेंद में शतक जड़ने वाले सबसे तेज खिलाड़ी बन गए हैं। ब्रैंडन मैकुलम के बाद वैभव सूर्यवंशी ऐसे पहले खिलाड़ी बने, जिन्होंने 100 से कम गेंद में दो यूथ टेस्ट शतक जड़े हैं। इससे पहले 2024 में चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने 58 गेंद में शतक बनाया था। वैभव सूर्यवंशी 14 साल की उम्र में ये कारनामा करने वाले सबसे यंग प्लेयर बने हैं। वैभव सूर्यवंशी ने यूथ टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। उनसे पहले आयुष म्हात्रे ने एक पारी में 8 छक्के लगाए थे।

### वैभव ने बनाए यह रिकॉर्ड

- वहीं वैभव ने यूथ टेस्ट में दो शतक 100 गेंदों के अंदर पूरा करा करने का रिकॉर्ड बना लिया है। ये रिकॉर्ड इससे पहले ब्रेंडन मैकुल्लम के नाम दर्ज था।
- सूर्यवंशी ने ऑस्ट्रेलिया की सरजमीं पर सबसे तेज यूथ टेस्ट शतक बनाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। इससे पहले ये रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के लियाम ब्लैकफोर्ड के नाम दर्ज था, जिन्होंने इंग्लैंड अंडर 19 के खिलाफ 2023 में 124 गेंदों पर शतक ठोका था। जबकि वैभव ने उनसे 46 गेंद कम रहते ही ये कीर्तिमान अपने नाम किया है।
- अपनी इस पारी में कुल 8 छक्के लगाए हैं, जो कि भारत के लिए यूथ टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी है। उनके नाम अब कुल 15 छक्के यूथ टेस्ट में दर्ज हो गए हैं। उन्होंने अपने ही साथी खिलाड़ी आयुष म्हात्रे को पछाड़ दिया है।

### वनडे महिला विश्व कप

## ऑस्ट्रेलिया का जीत के साथ आगाज न्यूजीलैंड को 89 रन से हराया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंदौर

ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 89 रन से हरा दिया। बुधवार को इंदौर में खेले गए महिला वनडे विश्व कप के दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने एश्ले गार्डनर ने तूफानी शतकीय पारी की बदौलत 49.3 ओवर में 10 विकेट पर 326 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 43.2 ओवर में सिर्फ 237 रन ही बना पाई और ऑलआउट हो गई। उनके लिए कप्तान सोफी डिवाइन ने सर्वाधिक 111 रनों की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया के लिए सोफी मोलिनेक्स और एनाबेल सदरलैंड ने तीन-तीन विकेट झटके जबकि एलाना किंग ने दो सफलताएं अपने नाम कीं।

ऑस्ट्रेलिया के लिए तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड (26 रन देकर तीन विकेट) तथा एलाना किंग (44 रन देकर दो विकेट) और सोफी मोलिनेक्स (25 रन देकर तीन विकेट) की स्पिन जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया। न्यूजीलैंड ने दूसरे ओवर में बिना रन जुटाए अपनी दोनों सलामी बल्लेबाज सूजी बेट्स और जॉर्जिया प्लिमर के विकेट गंवा दिए थे। बेट्स जहां मोलिनू की गेंद पर बोल्ड हुई तो वहीं प्लिमर रन आउट हो गईं। इसके बाद अमेलिया केर और डिवाइन ने पारी को संभाला, पर टीम शुरूआती झटकों से उबरने में नाकाम रही। डेविने ने अमेलिया केर (33 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 75 रन, ब्रुक हालिडे (28 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 52 रन और इसाबेला गेज (28 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 54 रन की भागीदारी निभाई। इतना ही काफी नहीं था और डिवाइन के आउट होते ही पूरी टीम जल्द ही सिमट गई। इससे पहले गार्डनर ने शतक जड़कर ऑस्ट्रेलिया को 326 रन के बड़े स्कोर तक पहुंचने में मदद की। गार्डनर ने अपनी पारी के दौरान 83 गेंद का सामना करते हुए 16 चौके और एक छक्का लगाया। उनके अलावा फोबे लिचफील्ड ने 45 रन, किम गार्थ ने 38 रन और एलिस पैरी ने 33 रन का योगदान दिया।

ऑस्ट्रेलिया ने मैच के दौरान 20 चौके और नौ छक्के जड़े

## मार्श की तूफानी पारी रॉबिंसन के शतक पर पड़ी भारी, ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को हराया

एजेंसी ▶▶| माउंट मोनगानुई

ऑस्ट्रेलिया ने मिचेल मार्श की 43 गेंद में खेली गई 85 रन की अर्धशतकीय पारी से बुधवार को चैपल-हैडली ट्रॉफी के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड को छह विकेट से हरा दिया। मार्श ने बे ओवल में कड़ाके की ठंड में खेले गए मैच के दौरान नौ चौके और पांच छक्के लगाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने 21 गेंद रहते चार विकेट पर 185 रन बनाकर न्यूजीलैंड के दिए 182 रन के लक्ष्य का पीछा कर लिया।

ऑस्ट्रेलिया ने मैच के दौरान 20 चौके और नौ छक्के जड़े। मार्कस स्टोइनिस ने पहली ही गेंद पर चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई। मार्श ने ट्रेविस हेड (31 रन) के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 5.3 ओवर में 67 रन बनाए और फिर मैथ्यू शॉर्ट (29 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 68 रन जोड़कर ऑस्ट्रेलिया को तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से आगे कर दिया। शुक्रवार



को होने वाले दूसरा मैच और शनिवार को इसी मैदान पर होने वाले अंतिम मैच के बारिश से प्रभावित होने की आशंका है। दोनों टीमें चोटों से प्रभावित थीं। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रविंद्र और ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल चोटिल हैं।

### जूनियर निशानेबाजी विश्व कपः मुकेश ने स्वर्ण और तेजस्विनी ने जीता रजत

**नई दिल्ली।** मुकेश नेलावल्ली ने आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप के अंतिम दिन पुरुषों की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि तेजस्विनी सिंह ने इसी स्पर्धा में महिला वर्ग में रजत पदक हासिल किया, जिससे भारत पदक तालिका में शीर्ष पर रहा। जूनियर विश्व चैंपियन मुकेश ने गैर ओलंपिक स्पर्धा में कुल 585 का स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीता। व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट (एआईएन) अलेक्सांद्र कोवालेव ने 577 अंक से रजत पदक जबकि साहिल चौधरी ने 573 अंक से भारत के लिए कांस्य पदक सुनिश्चित किया। भारत ओलंपिक स्पर्धाओं में छह स्वर्ण, आठ रजत और पांच कांस्य सहित 19 पदकों से तालिका में शीर्ष पर रहा।

## सिनर ने दूसरी बार जीता चाइना ओपन का खिताब, सीधे सेटों में टिएन को हराया



एजेंसी ▶▶| बीजिंग

इटली के जैनिक सिनर ने बुधवार को पुरुष एकल फाइनल में अमेरिकी युवा खिलाड़ी लर्नर टिएन को 6-2, 6-2 से हराकर दूसरी बार चाइना ओपन का खिताब अपने नाम किया। दुनिया के नंबर-2 और शीर्ष वरीयता प्राप्त सिनर ने सिर्फ 34 मिनट में पहला सेट जीत लिया और फिर दूसरे सेट में भी दबदबा बनाए रखा।19 वर्षीय टिएन, जो अपने पहले एटीपी फाइनल में उतरे थे, शुरुआती चार गेम तक टक्कर देते रहे लेकिन सिनर ने पांचवें और सातवें गेम में उनकी सर्विस तोड़कर मैच पर कब्जा कर लिया। 24 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी ने 1 घंटे 12 मिनट में सीधी सेटों में जीत हासिल की। यह सिनर का लगातार तीसरा बीजिंग फाइनल था। 2023 में उन्होंने कार्लोस अल्काराज और दानिल मेदवेदेव को हराकर खिताब जीता था, जबकि पिछले साल वह उपविजेता रहे थे।

# वेस्टइंडीज की लड़खड़ाती फॉर्म, भारतीय टीम को मिला सकता है बढ़त का मौका

### अहमदाबाद में आज सुबह 9.30 बजे से भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट

**अहमदाबाद।** कप्तान शुभमन गिल की टीम का पलड़ा खराब फॉर्म से जूझ रही वेस्टइंडीज के खिलाफ गुरुवार से हरी भरी पिच पर शुरू हो रहे पहले टेस्ट में भारी रहेगा। गिल समेत भारतीय टीम के अधिकांश सदस्य और मुख्य कोच गौतम गंभीर दुबई से अहमदाबाद पहुंच गए हैं और लाल गेंद के प्रारुप में खेलने की तैयारी में जुट गए हैं। इस श्रृंखला की अहमियत इसलिए भी है क्योंकि इससे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक भी मिलने हैं। इंग्लैंड में टेस्ट श्रृंखला 2-2 से ड्रॉ कराने के बाद गिल की टीम तीसरे स्थान पर है जबकि इंग्लैंड एक अंक पीछे है। वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला समेत भारत को चार घरेलू टेस्ट खेलने हैं, जिनसे अधिक से अधिक अंक लेने की कोशिश होगी।



### भारत की बल्लेबाजी और गेंदबाजी ईकाई संतुलित

भारत की बल्लेबाजी और गेंदबाजी ईकाई संतुलित है और यह देखना होगा कि देवदत्त पडिक्कल के रूप में अतिरिक्त बल्लेबाज को उतारा जाता है या तेज गेंदबाजी हरफनमौला नितीश रेड्डी को मौका मिलता है। रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव स्पिन गेंदबाजी का जिम्मा संभालेंगे लेकिन भारत वॉशिंगटन सुंदर या अक्षर पटेल को भी मौका दे सकता है। वॉशिंगटन ने हैंपशर के लिए काउंटी क्रिकेट खेलने के बाद यहां पहुंचकर टीम के साथ अभ्यास किया। करुण नायर तीसरे नंबर की जगह लेने में नाकाम रहे और अब साई सुदर्शन का उस क्रम पर खेलना तय है।

### शामार और अलजारी के बिना उतरेगी वेस्टइंडीज

दूसरी ओर वेस्टइंडीज टीम जमैका में आस्ट्रेलिया के खिलाफ दिन रात के टेस्ट में अपने न्यूनतम स्कोर 27 रन पर आउट हो गई। उसे कई पहलुओं पर काम करना होगा। चोट के कारण तेज गेंदबाज शामार जोसेफ और अलजारी जोसेफ के बाहर होने से गेंदबाजी की धार भी कुंद हुई है, जिससे टीम को बाएं हाथ के दो स्पिनरों पर निर्भर रहना होगा। तेज गेंदबाज जेडेन सील्स और स्पिनर जोमेल वारिकन पर बड़ी जिम्मेदारी होगी।

# शुभमन ने लाल गेंद से की प्रैक्टिस, नेट पर जमकर बहाया पसीना, बल्लेबाजी होगी चुनौती

### बुमराह, कुलदीप और अक्षर ने लाल गेंद के ट्रेनिंग सत्र में लिया हिस्सा


**अहमदाबाद।** वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट मैच की तैयारियों के अंतर्गत कप्तान शुभमन गिल ने बुधवार को भारत के अंतिम ट्रेनिंग सत्र में लंबे समय तक बल्लेबाजी की जबकि जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव और अक्षर पटेल की तिकड़ी भी गेंदबाजी अभ्यास के लिए पहुंची। इंग्लैंड के खिलाफ भारत की अंतिम टेस्ट श्रृंखला में 754 रन बनाने वाले गिल पूर्णकालिक कप्तान के रूप में अपनी पहली श्रृंखला में सबसे सफल बल्लेबाज रहे थे। लेकिन अब उनके लिए सफेद गेंद के टी20 क्रिकेट से निकलकर जल्द ही टेस्ट मैच में बल्लेबाजी करने की चुनौती होगी। वहीं पहले नेट सत्र से



ब्रेक लेने वाले बुमराह, कुलदीप और अक्षर ने एशिया कप जीतने के बाद लाल गेंद के ट्रेनिंग सत्र में हिस्सा लिया। बुमराह और कुलदीप ने घास वाली मुख्य पिच के बराबर में बनी पिचों पर लंबे समय तक गेंदबाजी अभ्यास किया। भारत और वेस्टइंडीज यहां इसी मुख्य पिच पर गुरुवार से पहला टेस्ट खेलेंगे। अक्षर ने भारतीय बल्लेबाजों को नेट पर गेंदबाजी भी की। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने देर तक गेंदबाजी अभ्यास किया था। उन्होंने बुधवार को बल्लेबाजी की और बाद में कुलदीप भी उनके साथ शामिल हो गए।

### गिल को लाल गेंद से खेलने का अनुभव नहीं

वेस्टइंडीज के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रही दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए चुने गए बल्लेबाजों में गिल एकमात्र ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्हें हाल में लाल गेंद से खेलने का कोई अनुभव नहीं है जबकि बाकी सभी को मौके मिल चुके हैं। इस भारतीय टीम में शामिल अन्य बल्लेबाजों में केएल राहुल, बी साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल और विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल और एन जगदीशन ने हाल में भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच चार दिवसीय अनौपचारिक टेस्ट श्रृंखला में हिस्सा लिया था।





# Own now at ₹ 111499 (1 unit)*

Get benefits worth ₹ 18500#

Pair up Galaxy Watch8 Classic Get ₹ 15000~ off

Samsung Care+ (Two year protection plan) Starting ₹ 425/month^

HDFC BANK | Samsung Finance+™

samsung.com

Please dispose of e-waste and plastic waste responsibly. Customers can WhatsApp on 180057267864 for information on e-waste/plastic waste.

Image simulated, actual may vary. Actual UX/UI may vary. Color and feature as per availability. Samsung disclaims any and all liabilities thereof. Google and Gemini are trademarks of Google LLC. Results for illustrative purposes and may vary. Check responses for accuracy. Compatible with certain features and with certain accounts. Internet connection required. Available on select devices, languages, and countries. Only available to users 18 years and older *T&C apply. Effective offer price of ₹ 111499 for 1 unit of Galaxy S25 Ultra 12GB|256GB, inclusive of instant cashback worth ₹ 6500 and an upgrade bonus worth ₹ 12000. #Cumulative benefits worth ₹ 18500, inclusive of instant cashback worth ₹ 6500 and an upgrade bonus worth ₹ 12000. Upgrade program provided by the brand/dealer at their sole discretion upon exchange of select devices. ~Discount amount of ₹ 15000 applicable only when purchasing 1 unit of Galaxy Watch8 Classic together with 1 unit of Galaxy S25 Ultra. ^1 unit of Samsung Care+ 2-year Complete Protection Plan worth ₹ 11999 available at ₹ 425/month, only when purchased with Galaxy S25 Ultra through Samsung Care+ partners. Customers are eligible for 1 claim per year under ADLD, as per applicable terms. Samsung Care+ EMI amount calculated post a 15% up-front down payment on the remaining 85% amount. Samsung disclaims any liabilities with the same. All third party logos/ marks shown are registered/owned/licensed logos/ marks of respective brand owners. Offers may be revised or withdrawn without prior notice.

Scan to meet your true AI companion

Or WhatsApp "S25" to 9870 494949 to buy at Samsung Exclusive Store

Cheil-29074/25


हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930